आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 239, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 14

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 13


## एक नजर

### संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीठ ने कहा इस पर पहले ही फैसला हो चुका है।

### उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

### इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक वरुण राजा मुचाकी उर्फ उंगा (27) एवं रोशनी विजया वाचामी (24) ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें कहा गया कि उंगा भामरागढ़ एल ओ एस का कमांडर था, और वाचामी भामरागढ़ एल ओ एस की सदस्य थी। पुलिस के अनुसार, उंगा के नाम पर 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 10 मुठभेड़ के हैं और उस पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वाचामी के नाम पर 23 मामले दर्ज हैं, जिनमें 13 मुठभेड़ के हैं और उस पर दो लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार दम्पती को 11.5 लाख रुपये मिलेंगे।

# धधका बहराइच, दुकानों-अस्पताल में तोड़फोड़

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच



घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।

**मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है।

**दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च :** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

### 30 उपद्रवी हिरासत में

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।



### पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

### बिना असलहा मिले एसपी, मिली फटकार

हिंसा के दौरान एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने देखा कि उनके पास असलहा नहीं है। इस पर उन्होंने सबके सामने उन्हें फटकार लगाई। कहा, इतनी बड़ी वारदात के दौरान बिना असलहे के पहुंचे, इस तरह का रवैया ठीक नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब, पटाखों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्री ने कहा- 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेंगे आदेश

दिल्ली सरकार ने यहां सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पटाखों से हवा की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेफार्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है।

### सख्ती से लागू करें प्रतिबंध

दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी। यह पहल दिल्ली में वायु गुणवत्ता को सुधारने की दीर्घकालिक अवधि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

संवाददाता, खटीमा

- खटीमा में लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा
- पटरी पर रखी गई थी मोटी केबल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

**अमृत विचार :** जनपद हरिद्वार के रुड़की के बाद अब ऊधमसिंह नगर जनपद के सीमान्त क्षेत्र खटीमा में असामाजिक तत्वों द्वारा देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की कोशिश की गई। हालांकि ट्रेन के चालक की सूझबूझ से पटरी पर रखी मोटी विद्युत केबल (वायर) से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। लोको पायलट ने ट्रेन की पटरी पर रखी मोटी केबल (वायर) पर नजर पड़ते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। पायलट ने सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी। सोमवार तड़के हुई घटना से पुलिस और रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में केबल हटाने के बाद ट्रेन टनकपुर के लिए रवाना हुई।



रेलवे ट्रैक व बरामद विद्युत केबल का निरीक्षण करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक सोमवार तड़के करीब 3.18 बजे गाड़ी संख्या 15019 देहरादून से टनकपुर एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। खटीमा-बनबसा रेलवे स्टेशन के बीच अमाऊं क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मोटी विद्युत केबल (वायर) रखी हुई थी। उस पर नजर पड़ते ही पायलट जसीम राजा व सहायक लोको पायलट भुनेश कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। मौके पर देखा तो करीब दस फुट लंबी 300 वर्ग एमएम का 11000 केवी का विद्युत केबल (वायर) पटरी पर रखा। जिसे घटनास्थल के पास के ही गेटमैन राहुल सिंह के सहयोग से उठाकर ट्रेन के इंजन में रखकर बनबसा रेलवे स्टेशन पर सुपुर्द कर दिया गया।

उधर, ट्रेन की पटरी पर केबल की मोटी वायर रखे होने की सूचना मिलते ही रेलवे और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इसके चलते ट्रेन 3.18 से 3.33 बजे तक मौके पर खड़ी रही। उसके बाद टनकपुर के लिए रवाना हुई। एक बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन पायलट व लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। इसके अलावा आरपीएफ (रेलवे पुलिस फोर्स) और जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) समेत अन्य एजेंसियों भी जांच कर रही हैं और पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर इतनी मोटी केबल किसने डाली। केबल के बारे में बिजली विभाग के अधिकारियों से भी जानकारी ली गई है। यह एचटी लाइन का केबल है जिसका उपयोग अंडरग्राउंड किया जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार श्रीवास्तव, सहायक कमांडेंट मोहम्मद शारिक खान, रेलवे फोर्स, एसपी सिटी नगर मनोज कत्याल, सीओ विमल रावत, कोतवाल मनोहर सिंह गुसाईं ने मौके का निरीक्षण किया।

## लालकुआं में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



पकड़ा गया नकली नोट चलाने वाला गैंग। ● अमृत विचार

- पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में खपा रहे थे
- सात आरोपी गिरफ्तार, 3,07,000 के 500-500 के नकली नोट बरामद

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले की पुलिस ने लालकुआं में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3,07000 रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद किए हैं। पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर गिरोह के सदस्य उन्हें उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के बाजारों में न केवल खपा रहे थे, बल्कि बेच भी रहे थे। गिरोह के शिकंजे में आने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी है।

लालकुआं के वार्ड एक, अंबेडकरनगर निवासी शिवम वर्मा पुत्र महेश चंद्र वर्मा के करंट अकाउंट में देश-विदेश से बड़े पैमाने पर धनराशि का लेन-देन हो रहा था। जबकि शिवम का ऐसा कारोबार भी भी नहीं है। स्थानीय बैंक प्रबंधन ने इस बारे में उच्च स्तर पर प्रबंधन को अवगत कराया। जिसके बाद बैंक ने शिवम के अकाउंट को सीज कर दिया और मामले से स्थानीय पुलिस को जानकारी दे दी। पुलिस ने जांच के बाद 9 अक्टूबर को शिवम वर्मा को उस वक्त दबोच लिया जब वह कार से कहीं जा रहा था। कार से नौ हजार रुपये कीमत के 500-500 के नकली नोट बरामद हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि शिवम वर्मा से कड़ाई से पूछताछ की गई तो नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के निर्देशन में कई टीमें बनाकर गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने में लगा दिया गया।

एसएसपी ने बताया कि शिवम वर्मा गिरोह का सरगना है, उससे पूछताछ के आधार पर टीम ने 13 अक्टूबर को लालकुआं में पुरानी नगीना कालोनी से आसिफ अंसारी उर्फ आशिक रजा, सय्यद मौज्जम अली और अली मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 500-500 नकली नोट के कुल 2,67,000 लाख रुपये बरामद हुए। अगले दिन 5500 रुपये के साथ विकासपुरी, खैरानी लालकुआं निवासी विनोद कुमार पुत्र विशन राम को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया विनोद गिरोह के सरगना शिवम वर्मा का चचेरा भाई है, उसी ने विनोद को नकली नोट दिए। इसमें से कुछ नकली नोट विनोद ने अपने बहनोई विजय टम्टा को दिए। पुलिस के डर से विजय टम्टा ने पश्चिमी घोड़ानाला, बिंदुखत्ता निवासी संतोष कुमार के साथ मिलकर कुछ नकली नोट जला भी दिए, जिसकी राख व अधजले नोट के टुकड़े पुलिस ने बरामद भी किए हैं। इसके अलावा इनके पास से 500 के 51 नकली नोट भी बरामद किए हैं।

### नकली नोट चलाने वाला गैंग

- सरगना शिवम वर्मा पुत्र महेश चन्द्र वर्मा निवासी वार्ड एक अंबेडकरनगर, लालकुआं
- आसिफ अंसारी उर्फ आशिक रजा पुत्र इब्राहिम अंसारी निवासी सनईया रानी, सीबीगंज (बरेली)
- सय्यद मौज्जम अली पुत्र सय्यद इबनै अली निवासी सनईया रानी सीबीगंज (बरेली)
- अली मोहम्मद पुत्र मो. राज निवासी संजयनगर, हाथीखाना, लालकुआं
- विनोद कुमार पुत्र विशन राम निवासी विकासपुरी, खैरानी लालुकआं
- संतोष कुमार पुत्र पूरन राम निवासी विकासपुरी, खैरानी बिन्दुखत्ता
- विजय टम्टा पुत्र स्व. नारायण कुमार टम्टा निवासी पश्चिमी घोड़ानाला, बिन्दुखत्ता लालकुआं

## विधायक को थप्पड़ मारने वाले भाजपा से निष्कासित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह समेत चार लोगों पर था आरोप

**अमृत विचारः** विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने के मामले में भाजपा प्रदेश संगठन ने सोमवार को भाजपा नेता अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चारों लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट के चुनाव के दौरान पर्चा छीने जाने को लेकर बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री पुष्पा सिंह के पति भाजपा नेता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह की सदर विधायक योगेश वर्मा से तीखी तकरार हो गई थी। गुस्साये अवधेश सिंह ने सदर कोतवाल अंबर सिंह के सामने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया और उनके समर्थकों ने मारपीट की थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 10 अक्टूबर को प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था। सोमवार को प्रदेश संगठन ने चारों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने चारों लोगों के पार्टी से निष्कासन की पुष्टि की है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में उज्जैन और खंडवा में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम फरार शूटर शिव कुमार गौतम का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश में है। बाबा सिद्दिकी हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों-हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) और पुणे निवासी सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध हैंडलर मोहम्मद जिशान अख्तर भी मामले में वांछित है। उज्जैन और खंडवा प्रसिद्ध महाकाल और ओंकारेश्वर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

### बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा, यार तेरा गैंगस्टर है जानी

**लखनऊ।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। पोस्ट के बैकग्राउंड में एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गौतम उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के गंडारा गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कहा कि गांव में उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह महाराष्ट्र के पुणे शहर में कबाड़ की एक दुकान पर काम करता है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

**स्टॉकहोम।** राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

## अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

**अमृत विचार।** आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।

### आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।

### नैनीताल पहुंची सुपरस्टार शुभांगी पंत, अभिनय के साथ ही डांस और गायन में भी बनाई खास पहचान

# साउथ की फिल्मों में धमाल मचा रही नैनीताल की बेटी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** नैनीताल की बेटी शुभांगी पंत इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों के साथ ही साउथ की फिल्मों में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा रहीं हैं। नैनीताल पहुंची साउथ सुपरस्टार शिवांगी इन दिनों दक्षिण भारत की एक फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। शुभांगी ने न सिर्फ खूबसूरती, बल्कि अपने डांस, एक्टिंग और सिंगिंग से भी अपनी अलग पहचान बनाई है।


सुभागी पंत।

शुभांगी तेलुगू, कन्नड़ फिल्मों में इन दिनों छाई हुई हैं। तेलुगू की कई फिल्मों में सुपरस्टार हीरोइन के किरदार निभाने के साथ ही शुभांगी गायन, संगीत, नृत्य में भी पारंगत हैं। वह मशहूर बॉलीवुड गायक सुनिधि चौहान के साथ गायन भी कर चुकी हैं। अपनी मां इंद्रा पंत के साथ शुभांगी इन दिनों नैनीताल अपने नैनीहाल आई हैं। मूल रूप से नैनीताल निवासी और वर्तमान में हैदराबाद में रह रहीं टॉलीवुड सुपरस्टार सुभांगी ने अपनी स्कूली शिक्षा नैनीताल से पूरी करने के बाद हैदराबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लिया। लेकिन उनकी रुचि मॉडलिंग और एक्टिंग में थी। वो पढ़ाई के साथ शॉर्ट मूवी और नाटक भी किया करती थीं। जब नैनीताल आतीं तो यहां युगमंच के नाटकों में भी प्रतिभाग करती थीं।

हैदराबाद में शॉर्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर ने उनको टॉलीवुड फिल्म में काम करने का मौका दिया। जहां से उनकी टॉलीवुड फिल्मों में अभिनय की शुरुआत हुई।

#### कुशल गायिका भी हैं शुभांगी

शुभांगी बताती हैं कि उन्हें एक्टिंग, मॉडलिंग के साथ ही सिंगिंग का भी शौक है। अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान हैदराबाद में जब वो शॉर्ट फिल्म और नाटक कर रहीं थी तो वहां से उन्होंने अपने गाने की रिकॉर्डिंग कर एक रिएलिटी शो में प्रतिभाग किया और वो उस शो में टॉप थ्री में थीं। वहां से ही उनके सिंगिंग करियर की शुरुआत भी हुई। वो टॉलीवुड की फिल्मों में गाने भी गा चुकी हैं। इसके अलावा वो बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान, मीत ब्रदर्स के साथ भी गाने गा चुकी हैं।

#### सोशल मीडिया है अच्छा विकल्प

शुभांगी ने बताया कि सोशल मीडिया अभिनय के लिए एक अच्छा विकल्प है, लेकिन पोस्ट पर कम लाइक्स आने पर कलाकार निराश होते हैं। अगर आपका कंटेंट अच्छा है तो सफलता एक दिन जरूर कदम चूमेगी। अच्छे कंटेंट पर फोकस करें। उन्होंने कलाकारों को सोशल मीडिया पर ब्लॉग व अन्य माध्यम से वीडियो पोस्ट करने की सलाह दी। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों में काफी टैलेंट है। लेकिन सुविधाओं के अभाव के चलते लोग आगे नहीं बढ़ पाते। लेकिन आज के जमाने में सोशल मीडिया के जरिए लोग बुलंदियों को छू सकते हैं।

#### कई तेलगू फिल्मों में निभा चुकी हैं मुख्य किरदार

शुभांगी पंत ने बातचीत के दौरान बताया कि वो तेलुगू फिल्म सिरा में वो मुख्य किरदार निभा चुकी हैं। इसी फिल्म में उनकी मां इंद्रा पंत भी अभिनय कर चुकी हैं। इसके अलावा वो महाप्रस्थानम में तेलुगू के जाने माने कलाकार तनिष्क और कबीर सिंह दुशांज के साथ बतौर मुख्य अभिनेत्री कार्य कर चुकी हैं। शुभांगी पंत हस्तिनापुर फिल्म के साथ ही अब तक कुल 8 फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा उनकी 2 फिल्में अभी रिलीज़ होनी बाकी हैं और 1 फिल्म में वो अभी काम कर रहीं हैं।

# पूर्व सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं खुला डिग्री कॉलेज

#### अनदेखी

- भीमताल के कई गांवों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ता है दूर
- वर्ष 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री निशंक ने की थी घोषणा

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य गठन के 23 साल बाद भी पर्यटन नगरी भीमताल डिग्री कॉलेज से वंचित है। जिस कारण आज भी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा लेने के लिए नगर से 22 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। भीमताल ब्लॉक के कई गांवों के निर्धन छात्र-छात्राएं डिग्री कॉलेज नहीं होने की वजह से अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं।



भीमताल में लगा शिलान्यास बोर्ड।

स्थानीय लोग पिछले दो दशक से डिग्री कॉलेज खोलने की मांग उठा रहे हैं। वर्ष 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कुमाऊं विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर भीमताल को बनाये जाने की घोषणा की थी, लेकिन 12 साल बीतने के बाद भी घोषणा पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर में डिग्री कॉलेज खोलने में भाजपा और कांग्रेस की सरकारें पूरी तरह से नाकामयाब रही हैं। नगर में शिक्षण संस्थान नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों और छात्र-छात्राओं को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने इस मामले को सीएम पोर्टल में दर्ज कराया है। बताया कि 15 जनवरी 2020 से भीमताल नगर में शिलान्यास बोर्ड लगा हुआ है। बोर्ड पर सूचना के मुताबिक कोई निर्माण नहीं हुआ है। केवल बोर्ड लगाने तक घोषणा सीमित रह गई।

## सार-संक्षेप

### नैनीताल से कैंची धाम पैदल मार्ग की होगी मरम्मत

**भीमताल :** नैनीताल स्थित बिरला विद्यालय से कैंची धाम के लिए पैदल मार्ग है, जो वर्तमान में खस्ताहाल हो चुका है। लंबे समय से मार्ग की मरम्मत की मांग उठ रही थी, इसके लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। जिला योजना से लगभग 20 लाख रुपये की धनराशि मिली है। जानकारी देत हुए जिला अर्थ एवं सांख्याधिकारी डॉ. मुकेश नेगी ने बताया कि नैनीताल से कई श्रद्धालु पैदल ही बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए आते हैं। मार्ग खस्ताहाल होने की वजह से उन्हें परेशानी होती थी। अब मार्ग की मरम्मत होने से श्रद्धालुओं को काफी राहत होगी।


नैनीताल में हॉकी प्रतियोगिता में गोल के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी।

### नैनीताल में 5ए साइट हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल :** सरोवर नगरी नैनीतालम के डीएसए मैदान नैनीताल में सोमवार को 5ए साइड वूमेन हॉकी टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ किया गया। जिसके प्रायोजक नैनीताल बैंक, कूर्मांचल बैंक और सेंचुरी पल्प एंड पेपर लालकुआं हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ नैनीताल बैंक के एमडी निखिल मोहन ने किया। प्रतियोगिता 18 अक्टूबर तक आयोजित होगी। जिसमें कुल 13 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 13 टीमों को 4 ग्रुप में विभक्त किया गया है। जिसमें पोल 1 में गोरखपुर, कलकत्ता, ऑल सेंट्स कॉलेज, पोल 2 में लखनऊ, मुरादाबाद, हापुड़ और रामपुर, पोल 3 में नैनीताल, बिजनौर और रुद्रपुर तथा पोल 4 में छत्तीसगढ़, मेरठ और हल्द्वानी की टीम हैं। 90 के दशक से चली आ रही इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला हल्द्वानी और हॉकी एकेडमी नैनीताल के बीच खेला गया। इस दौरान रश्मि सिन्हा, मुकेश जोशी, ओलंपियन आरएस रावत, कैलाश बोरा चंद्र लाल साह, डॉ. मनोज बिष्ट, बहादुर रावत, मनोज साह, संजय गुप्ता, देवेंद्र लाल साह, अजय साह, गिरीश भट्ट, राजेश साह, दीपक साह, अनीता बोरा, हरीश राणा आदि मौजूद रहे। संचालन नवीन पांडे ने किया

### वीडियो बनाने के दौरान गिरा ड्रोन, युवक लेकर भागे

**नैनीताल :** नैनीताल दशहरे में रावण दहन के दौरान नगर पालिका भवन से शूट करने के दौरान एक युवती का ड्रोन कैमरा गिरने के बाद चोरी होने का मामला सामने आया है। युवती ने कोतवाली में शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी शिखा रावत दशहरे में रावण दहन के दौरान पालिका भवन से ड्रोन कैमरा चला रही थी। इस दौरान उसका कैमरा अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। वह ड्रोन गिरने के बार पालिका भवन से उतर कर नीचे आई। लेकिन तब तक कोई युवक उसका ड्रोन उठाकर ले गया। उसने बहुत खोजबीन की लेकिन भीड़ के चलते ड्रोन नहीं मिल पाया। उसने युवकों पर शक जताते हुए कोतवाली में पहुंचकर मामले में कार्रवाई की मांग की। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि शिकायत के आधार पर फिलहाल सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद, कोतवाली पहुंचा मामला

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में सार्वजनिक रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए तब्बसुम ने कहा है कि वह मल्लीताल सीआरएसटी क्षेत्र में रहती है। वहां सालों से एक सार्वजनिक रास्ता है जहां से लोग आवाजाही करते हैं। बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसके घर के आगे किसी व्यक्ति ने जमीन खरीद ली। अब वह लोग उस रास्ते से आवाजाही करने से मना करते हैं। वहां से आवाजाही करने पर वह लोगों के साथ गाली गलौच करते हैं। सोमवार को उक्त व्यक्ति की ओर से रास्ता बंद कर दिया है। जिससे उसके बच्चे घर में ही बन्द हैं। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है दूसरे पक्ष को भी कोतवाली बुलाया गया है।

### मौसम बदलाव के साथ अस्पताल में बड़ी मरीजों की संख्या

**नैनीताल :** मौसम में लगातार आ रहे बदलाव के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। साप्ताहिक अवकाश के बाद सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही। व्यवस्थाएं बनाने के लिए अस्पताल प्रबन्धन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं वाइरल फीवर व सर्दी जुकाम के मरीज कतारो में लगे रहे। बता दें कि बीडी पांडे अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन इस सोमवार अस्पताल काफी अधिक मरीज पहुंचे। जिसके चलते सुबह से शाम तक अस्पताल में मरीजों का जमावड़ा लगा रहा। अस्पताल में पर्ची बनाने व दवा लेने के लिए मरीजों व तीमारदारों की लाइन लगी रही। वहीं ओपीडी में भी मरीजों ने घण्टों लाइन में लगकर लाइन का इंतजार किया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि रविवार की छुट्टी के बाद हर सोमवार को अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग जाती है। इस सोमवार को भी काफी अधिक मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। बताया कि सोमवार को लगभग 500 से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। वहीं अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दुग्ताल ने बताया कि इन दिनों वायरल फीवर और सर्दी जुकाम के अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। बताया कि इन दिनों सभी ठंड से बचाव करें।

### पहाड़ों में ओवरलोड वाहनों से यात्रियों की जान जोखिम में

**भीमताल :** पहाड़ों में कई बार ओवरलोडिंग के चलते कई लोगों को जान गवांनी पड़ रही है। इसके बावजूद लोग गाड़ियों की छतों पर बैठकर सवारी करना नहीं छोड़ रहे हैं। परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन को दूरस्थ पहाड़ों की याद तब आती है जब सड़क दुर्घटनाएं हो जाती हैं। खनस्यु में पुलिस थाना होने के बावजूद टैक्सी चालक ओवरलोड सवारियां ले जा रहे हैं। हाल ही में खनस्यू –पतलोट, रीठा साहिब, ल्वाड़–गौनियारों मोटर मार्ग पर कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाएं होने के बाद कुछ दिन तो वाहनों चेकिंग की जाती है लेकिन बाद में अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में टैक्सी ड्राइवर ओवरलोड सवारियां ले जाकर सवारियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

# एंबुलेंस खाई में गिरी, दंपति घायल

### रविवार की रात ढाई बजे धारी के पास हुआ हादसा, नशे में धुत था चालक


#### हादसा

- मरीज को लेकर अस्पताल जा रही थी 108 एंबुलेंस
- एसटीएच में भर्ती कराए गए घायल पति-पत्नी

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार :** मरीज को लेकर अस्पताल जा रही 108 एंबुलेंस रविवार की देर रात धारी के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला व उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गये। दंपति ने एंबुलेंस चालक पर शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने का आरोप लगाया है।

ग्राम भुमका के प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध ने बताया कि गांव की रहने वाली धनीता देवी घास काटते समय अचानक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस बुलाई गई, लेकिन चालक ने गांव तक आने से इंकार कर दिया और 5 किलोमीटर दूर से ही मरीज को लाने की बात कहने लगा। मुकेश के अनुसार रविवार की रात करीब 12 बजे उन्हें 108 एंबुलेंस चालक के नहीं आने की सूचना मिली। जिस पर उन्होंने चालक से फोन पर बात की और सीएमओ से शिकायत करने की चेतावनी दी। इसके बाद चालक मरीज को लेने के लिए गांव तक पहुंचा। वह नशे में था, लेकिन मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने हल्द्वानी जाने का निर्णय लिया।


खाई में गिरी एंबुलेंस। ● अमृत विचार


अस्पताल में घायल धनीता देवी और उनके पति कृष्णा राम। ● अमृत विचार

रात करीब ढाई बजे भुमका से निकलकर एंबुलेंस धारी के समीप पहुंची तो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में पहले से घायल धनीता देवी और उनके पति कृष्ण राम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। धनीता देवी की हालत पहले से और अधिक खराब हो गई। किसी तरह उन्हें तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ग्राम प्रधान मुकेश ने लापरवाह एंबुलेंस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही घटना की सूचना सीएमओ और धारी पुलिस चौकी को दे दी है।

# हाईकोर्ट ने हरिद्वार विकास प्राधिकरण से मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हरिद्वार के अवधूत मंडल आश्रम की ओर से गुरुकुल कांगड़ी के समीप सड़क पर अतिक्रमण कर दो सौ दुकानें बनाकर किराए पर देने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने हरिद्वार विकास प्राधिकरण से 16 अक्टूबर तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई भी इसी तिथि को होगी।

सोमवार को सुनवाई में याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के क्रम में अभी तक हरिद्वार विकास प्राधिकरण का जवाब नहीं आया है। इस पर कोर्ट ने हरिद्वार विकास प्राधिकरण से 16 अक्टूबर तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी रोहिताश शर्मा ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि गुरुकुल कांगड़ी के पास अवधूत मंडल आश्रम ने सड़क की साढ़े तीन मीटर रोड की भूमि पर अतिक्रमण करके करीब दो सौ दुकानों का निर्माण करके किराए पर दे रखी हैं। हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2012 में रिपोर्ट जारी कर कहा था कि रोड की चौड़ाई साढ़े सात मीटर होनी चाहिए थी जो साढ़े तीन मीटर कम पाई गई। जब इसकी रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने आरटीआई से मांगी तो उक्त फाइल प्राधिकरण के कार्यालय से गायब थी। शिकायत करने पर जनवरी 2024 में मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ।

परन्तु अभी तक पुलिस ने इसकी जांच तक पूरी नहीं की। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जिन लोगों ने फाइल गायब कराई उनके खिलाफ कार्यवाही हो। सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाए।

# पेंशनरों के बैंक खाते आधार से लिंक कराएं


समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक लेते सीडीओ। ● अमृत विचार

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।

जिसमें सीडीओ ने अधिकारियों को ऐसे लाभार्थी जिनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं उनके बैंक खातों को शीघ्र लिंक कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 21 बैंकों के लगभग 2,721 लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हैं। इनके बैंक खाते आधार से लिंक होने अनिवार्य हैं।

अन्यथा ऐसे पेंशनर्स की पेंशन भविष्य में स्वतः ही बंद हो जायेगी। सीडीओ ने संबंधित बैंको को निर्देश दिये कि आधार लिंक का कार्य 19 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए।

# लापरवाह ठेकेदारों का बॉन्ड करें निरस्त

- जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन की बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सोमवार को नैनीताल क्लब सभागार में लालकुआं और नैनीताल की जल जीवन मिशन योजना की प्रगति समीक्षा की और सारा से संबंधित जिला कार्यकारी समिति की बैठक ली। लालकुआं और नैनीताल की जल जीवन मिशन योजना के तहत उन्होंने फेज 1 और 2 में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने फेज 1 की अवशेष 3 योजनाओं को शीघ्र क्लोज करने और फेस 2 के निर्माणाधीन कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।


नैनीताल में अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

लालकुआं की जेजेएम योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 54 योजनाओं के तहत कार्य चल रहा है। जिसमें 49 कार्य प्रगति पर हैं। नैनीताल जल संस्थान की जेजेएम की समीक्षा बैठक के दौरान ईई जल संस्थान रमेश सिंह गर्ब्याल ने बताया कि नैनीताल में कुल 236 योजनायें चल रही है, जिसमें 109 कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने 20 प्रतिशत से कम हुए कार्यों पर नाराजगी जताते हुए लापरवाही करने पर ठेकेदारों का बॉन्ड निरस्त या अन्य कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के अनुबंध समाप्त नहीं करने पर संबंधित अधिशासी अभियंता का स्पष्टीकरण भी मांगा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को जिले में भर में टीम बनाकर हर घर जल प्रमाणित करने के लिए ग्रामीण व शहरी इलाकों में खुली चौपाल या बैठक के माध्यम से सत्यापन कराने की बात कही। साथ ही जिन अभियंताओं के क्षेत्र में जेजेएम का कार्य धीमा चल रहा है और लंबे समय से एक जगह पर तैनात अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करने को कहा। बाद में उन्होंने सारा से संबंधित जिला कार्यकारी समिति के संबंध में बैठक ली। उन्होंने एक करोड़ लागत के होने वाले कार्यों की डीपीआर की समीक्षा की। जिसमें रैन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर आदि डीपीआर को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की। यहां सीडीओ अशोक कुमार पांडे, ईई जल संस्थान रमेश सिंह गर्ब्याल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**खेल–खिलाड़ी** — ऑल सेंट्स कॉलेज में अमर ढिल्लन मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

# छात्राओं ने बास्केटबॉल में दिखाया दमखम

- सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज ए ने मोहन लाल विद्या मंदिर को हराया
- ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू ने शहीद सैनिक स्कूल को हराया

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज में 11वीं अमर ढिल्लन मेमोरियल इंटर स्कूल गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया।

कुमाऊं विवि के खेल ऑफिसर डॉ. नागेंद्र प्रसाद शर्मा प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सेंट्स मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज ए और मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया। जिसमें सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज ए ने मुकाबला 28 - 35 के अंतर से जीता। विजेता टीम की हिमांशी ढेला ने 16 और शुभनीत कौर ने 5 अंक अर्जित किए। दूसरा मुकाबला ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू ने मुकाबला 24-07 के अंतर से जीता। विजेता टीम की ज़ायना रहमान ने 09 अंक अर्जित किए। वहीं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की ओर से हिमानी कार्की ने 6 अंक बटोरे।


नैनीताल में बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अंक के लिए जूझतीं खिलाड़ी।

इस दौरान प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने शहर के दिग्गज दिवंगत बास्केटबॉल खिलाड़ी जगजीत सिंह और गिरीश वर्मा को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर प्रार्थना की। मुकाबलों में भुवन बिष्ट, फरीद अहमद, समीर अली, मोहम्मद फ़ैज़ान, मोहम्मद फरदीन, दीपक थापा व तरुण खेतवाल निर्णायक रहे। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, डॉ. संतोष कुमार, गोपाल बिष्ट, मयंक रावत, भावना साह, निहारिका गोसाईं, प्रीतिका तिवारी, हरीश जोशी, भूपेंद्र रावत, सुनीता चौहान, ज्योतिका गिल व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** भीमताल निवासी एक व्यक्ति ने एक व्यक्ति पर गाड़ी खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने कोतवाली में पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। भीमताल निवासी दीवान सिंह ने कोतवाली में शिकायत की है कि 2018 में उन्होंने उनके पहचान के एक व्यक्ति से बोलेरो वाहन खरीदा। जिसकी कीमत उनको 8 लाख 55 हजार बताई गई। जबकि वाहन की वास्तविक कीमत 7 लाख 11 हजार पांच सौ है। टैक्सी वाहन एक विभाग में पहले से ही लगाया गया था जिसका किराया प्रतिमाह उक्त व्यक्ति के खाते में ही आता रहा। यहां तक कि बैंक की किस्तों की जानकारी भी व्यक्ति की ओर से उनको नहीं दी गई। एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि दूसरे पक्ष को भी कोतवाली बुलाया गया जिसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### जिला न्यायालय में स्वास्थ्य शिविर आज

**नैनीताल :** नैनीताल जिला न्यायालय में मंगलवार को अधिवक्ताओं समेत स्थानीय लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में हल्द्वानी के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश नागेंद्र, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी सेठी अरोड़ा, डॉ. विजय चन्याल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती कश्यप लोगों का परीक्षण व परामर्श देंगे। शिविर में नि:शुल्क ईसीजी, बीपी, शुगर की जांच की जायेगी। बताया कि मोतियाबिन्द का ऑपरेशन फैको तकनीक से होगा।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

31.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.13 | सूर्यास्त 17.42

# बैंक खाते से खुला राज, विदेशों से जुड़े हैं नकली नोटों के तार

## गैंग सरगना शिवम के बैंक खाते से क्षमता से ज्यादा हो रहा था लेन-देन, केंद्रीय एजेंसी ने फ्रीज कर दिया था खाता, सरगना लगा रहा था बैंक के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**01** करोड़ रुपये का लेन-देन हो रहा था खाते से, भारत सरकार की एजेंसी को दी गई सूचना

**09** हजार रुपये के 500-500 के नकली नोट बरामद हुए थे आरोपी शिवम की कार से

**50** हजार रुपये के असली नोटों के बदले मिलते थे डेढ़ लाख रुपये के नकली नोट

**अमृत विचार :** नकली नोटों के गैंग का स्थानीय सरगना तो पुलिस के हत्थे चढ़ गया, लेकिन सामने ये आया कि नकली नोटों के तार विदेशों से जुड़े हैं। माना जा रहा है कि इन सबके पीछे पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान से नकली नोटों की खेप नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते पश्चिम बंगाल पहुंचाई जाती है। अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए पश्चिम बंगाल से नकली नोटों की खेप शिवम जैसे स्थानीय सरगना के जरिये भारत के कोने-कोने में पहुंचाई जाती है। नकली नोटों के खेल का भंडाफोड़ शिवम के उस बैंक खाते से हुआ, जिसे भारत सरकार की एजेंसी ने फ्रीज किया था। इस खाते में हर माह करीब एक करोड़ रुपये के लेन-देन की बात सामने आई है, जो शिवम की क्षमता से बहुत ज्यादा है।

पुलिस के मुताबिक शिवम ने बैंक में एक अज्ञात चालू (करंट) खाता खुलवाया था। इस खाते में हर महीने करीब एक करोड़ रुपये का लेन-देन हो रहा था। इस पर जब बैंक की नजर पड़ी तो सूचना भारत सरकार की एजेंसी को दी गई। चूंकि शिवम के पास ऐसा कोई काम नहीं था, जिसके जरिये इतना बड़ा लेन-देन जायज ठहराया जाता। जिसके बाद खाते को फ्रीज कर दिया गया। खाता क्यों फ्रीज किया गया, इसकी भनक शिवम को नहीं थी। उल्टा शिवम खाता दोबारा चालू कराने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहा था। खाते के जरिये साइबर फ्रॉड और क्रिप्टो करेंसी से लेनदेन की बात सामने आई। आशंका जताई जा रही है कि इस खाते से हो रहे लेन-देन का लिंक विदेशों से भी जुड़ा है। बैंक अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया। शिवम अपने साथियों के साथ खाता खुलवाने के लिए बैंक पहुंचा तो पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसकी कार की तलाशी ली गई तो कार से 500-500 रुपये के नकली नोट मिले। पुलिस ने गिनती की तो यह 9 हजार रुपये थे। जिसके बाद पुलिस ने शिवम को गिरफ्तार कर लिया। जब पूछताछ हुई तो नकली नोटों के गैंग का लिंक एक के बाद एक सामने आने लगा। नकली नोटों के खेल के पीछे बड़े खेल की आशंका सामने आई तो पुलिस ने इसकी सूचना इंटेलीजेंस ब्यूरो को दी। अब आईबी अपनी जांच की शुरुआत पश्चिम बंगाल से कर सकती है। सफलता पाने वाली पुलिस टीम में सीओ नितिन लोहनी, लालकुआं कोतवाल डीआर वर्मा, एसएसआई हरेन्द्र सिंह नेगी, एसएसआई दीपक सिंह बिष्ट, बिंदुखत्ता चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह, हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी गौरव जोशी, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह रौतेला, पूरन सिंह रायपा, कांस्टेबल गुरमेज सिंह, चन्द्र शेखर, कमल बिष्ट, जितेन्द्र सिंह बिष्ट, संजय कुमार, अनिल शर्मा शामिल थे।



पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार



बरामद नकली नोट। ● अमृत विचार

### हूबहू असली जैसा नकली, ऐसे पकड़ में आई करेंसी

पुलिस ने आरोपियों के पास से जो नकली नोट बरामद किए हैं, उन्हें खुली आंखों से पकड़ पाना लगभग नामुमकिन है। हालांकि पुलिस का दावा है कि नकली नोट गिनने वाली मशीन को यह नोट चकमा नहीं दे सकते। नकली नोटों का कागज बिल्कुल असली नोट के जैसा है। उस पर इस्तेमाल स्याही, नोट पर उभरे अक्षर वैसे ही हैं, जैसे असली नोट में होते हैं। यही वजह है कि नकली नोट का खेल लंबे समय से आरोपी खेल रहे थे और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। नोट में सिर्फ एक खामी थी और वो नोटों के सीरीज नंबर थे। यानि एक गड्डी में जितने भी नोट होते थे, वह सारे के सारे एक ही सीरीज नंबर के होते थे। इन्हीं नंबरों की वजह से नोटों के नकली होने की पहचान हुई।

### कमीशन लेकर बेचते थे नकली नोट

पश्चिम बंगाल से नकली नोट खरीदने के लिए कुल नकली करेंसी के एक तिहाई के बराबर असली करेंसी देनी होती थी। यानि शातिरों ने अगर डेढ़ लाख रुपये की नकली करेंसी खरीदी तो बदले में 50 हजार रुपये की असली करेंसी देनी होती थी। पश्चिम बंगाल से खेप उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड लाने के बाद शातिर न सिर्फ अपने खर्चे चलाते थे, बल्कि नोटों को आगे भी बेचते थे। जांच में सामने आया कि यदि उत्तराखंड या उत्तर प्रदेश में कोई इनसे नकली नोट खरीदता था तो एक तिहाई के अलावा वो एक लाख रुपये पर 10 हजार रुपये का अतिरिक्त कमीशन लेते थे।

### आशिफ व मौज्जम पर थी खेप लाने की जिम्मेदारी

बरेली के रहने वाले आशिफ अंसारी और सैय्यद मौज्जम अली पर पश्चिम बंगाल से नोटों की खेप उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड लाने की जिम्मेदारी थी। दोनों कई बार नोटों की खेप लेने पश्चिम बंगाल गये थे। पश्चिम बंगाल में ये किसके पास जाते थे, पुलिस अब इसकी जांच कर रही है। तीन लाख रुपये तो पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि ये अब तक करोड़ों की नकली करेंसी बाजार में खपा चुके हैं। संजय नगर हाथीखाना लालकुआं निवासी अली मोहम्मद इनके संपर्क में आया तो वह भी नोटों की खेप लेने पश्चिम बंगाल आने-जाने लगा।

### एक नजर

#### सीएम आज से दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर



**हल्द्वानी :** सीएम पुष्कर सिंह धामी मंगलवार से दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगलवार को दोपहर 12.50 बजे जीटीसी हेलीपैड देहरादून से प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे एफटीआई हल्द्वानी पहुंचेंगे। जहां से वह कार से प्रस्थान कर एचएन इंटर कॉलेज पहुंचकर जमरानी बांध परियोजना के प्रभावितों को प्रतिकर धनराशि वितरण, विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह सांय सात बजे एमबीपीजी कॉलेज में कुमाऊं द्वार महोत्सव में हिस्सा लेंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस काठगोदाम में करेंगे।

#### अंतर विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मंगलवार से अंतर विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू होने जा रही है। जिला खेल समन्वयक पूरन नयाल ने बताया कि खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था विभिन्न स्कूलों में की गई है। पहले दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता 18 अक्टूबर तक चलेंगी। इसमें प्रदेशभर के विभिन्न स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

#### पेयजल लाइन की मरम्मत करने की मांग

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ चौराहे के पास सड़क की खुदाई के बाद से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त है, जिसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। इस कारण कृष्णा कॉलोनी और अतिथि रेस्टोरेंट के सामने वाले क्षेत्र में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। सोमवार को लोगों ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और पेयजल लाइन को ठीक करने की मांग की। साथ ही अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान महेश्वर दत्त तिवारी, शेखर बिष्ट, सुंदर सिंह, महेश चंद्र, विक्रम अधिकारी, पीके भट्ट, जयदत्त तिवारी, महेश चंद्र तिवारी मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने चौड़ीकरण की जद में आ रहीं दुकानों का चार्ट मांगा

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में मंगल पड़ाव से रोडवेज बस स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों की याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार व नगर निगम से सभी व्यापारियों की सड़क के बीचोंबीच से दुकानों की दूरी का चार्ट 17 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

चार्ट में अतिक्रमण को लाल रंग व सामान्य दुकान को हरे रंग में दर्शाने को कहा है। साथ ही ध्वस्तीकरण पर लगी रोक को गुरुवार तक बढ़ा दिया है। अब मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पूर्व के आदेश पर सरकार ने सर्वे की रिपोर्ट पेश कर दी है। ये वे दुकानदार हैं, जो सड़क के चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। नोटिस के अनुसार, सड़क के बीचोंबीच से दोनों तरफ 12-12 मीटर चौड़ीकरण प्रस्तावित है। ये दुकानें चौड़ीकरण की जद में आ रही हैं इसलिए इन्हें हटाना जरूरी है। नगर निगम की ओर से कहा गया कि चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यवसाइयों के लिए अस्थायी दुकानों की व्यवस्था की जा रही है। जब निगम का शॉपिंग कॉम्पलेक्स बन जाएगा तो उन्हें वहां शिफ्ट किया जाएगा।



सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे 17 व्यापारियों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर कर कहा कि नगर निगम व लोक निर्माण विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर 4 अगस्त तक चिन्हित अतिक्रमण को स्वयं हटाने को कहा था। 20 अगस्त को हाईकोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए कहा था कि अगर किसी अतिक्रमणकारी का हित प्रभावित होता है तो वे उचित फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करें। शिकायत करने पर उनका पक्ष सही तरीके से सुना नहीं गया, जबकि वे नगर निगम को कई दशकों से किराया दे रहे हैं।

## घर से ड्यूटी को निकला सिडकुल कर्मी लापता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर से ड्यूटी के लिए निकला सिडकुल कर्मी संदिग्ध हालात में लापता हो गया। पिछले चार दिनों से उसका कुछ पता नहीं है।

पुलिस को दी तहरीर में सर्वोदय कॉलोनी फेज दो देवलचौड़ निवासी भास्कर जोशी ने लिखा कि चंडाक पिथौरागढ़ निवासी उसका मौसेरा भाई सुधांशु गुरुरानी (23 वर्ष) ऊधमसिंह नगर के सितारगंज स्थित सिडकुल में एक्सनटीसा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करता था और उसके साथ देवलचौड़ में रहता था। बीती 11 अक्टूबर को वह घर से कंपनी जाने के लिए निकला, तब से उसका कुछ पता नहीं है।

जांच में सामने आया कि वह घर से ड्यूटी के लिए निकला, लेकिन कंपनी की बस में चढ़ा ही नहीं और न ही कंपनी पहुंचा। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि युवक की तलाश के लिए टीम को लगाया गया है।

# माता के जागरण में गई किशोरी से गैंगरेप, एक युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माता के जागरण में शामिल होने गई किशोरी से दो युवकों ने गैंग रेप किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

मुखानी थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी बीती सात अक्टूबर को मुखानी थाना क्षेत्र के पनियाली में चल रहे माता के जागरण में शामिल होने गई थी। पीड़िता की मां ने तहरीर में लिखा कि उनकी बेटी रात करीब साढ़े 11 बजे जागरण से घर लौट रही थी। वह अकेली थी और पैदल ही आ रही थी। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और वहीं स्थित आम के बगीचे में खींचकर ले गए। किशोरी मदद के लिए चीखी तो उसका मुंह दबाकर बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद दोनों युवकों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। आधी रात किशोरी रोते हुए घर पहुंची तो परिजनों ने वजह पूछी। किशोरी ने घटना बताई तो परिजन सुनकर सन्न रह गये। नाबालिग दोनों आरोपी लड़कों को जानती थी। बताया कि आशीष (23 वर्ष) और हिमांशु (24 वर्ष) ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। 11 अक्टूबर को पीड़िता की मां ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने आनन-फानन में दोनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराया गया है, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### कन्या पूजन के गई किशोरी लापता

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। छड़ायल नयाबाद मुखानी निवासी जंगपाल ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी मीना 11 अक्टूबर की शाम छह बजे घर से कन्या पूजन में जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन लौट कर घर नहीं आई। रात देर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। एएचटीयू टीम भी उसकी तलाश में लगी है।

# बच्ची को रौंदने वाले बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र में कन्या पूजन से लौट रही बच्ची को कुचलने वाले मोटर साइकिल सवार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में बच्ची के साथ उसकी सहेली भी घायल हुई थी। हादसे को अंजाम देने वाला चालक घायल है और उसका उपचार चल रहा है।

मुखानी के बजूनिया हल्दू में बीती 12 अक्टूबर को घटना हुई थी। पुलिस को दी तहरीर में बजूनिया हल्दू कठघरिया निवासी हरीश कुमार ने लिखा कि घटना के रोज उनकी सात वर्षीय बेटी सुनैना और श्रीजना पुत्री टीकाराम कन्या पूजन में शामिल होने गई थी।

शाम करीब पांच बजे घर वापस लौटते समय पीछे से आई तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। कई चिकित्सकों के जवाब देने के बाद सुनैना को गंभीर हालत में डॉ.सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जबकि श्रीजना की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर मोटर साइकिल चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खनन से सरकार को 456.63 करोड़ की आय

- भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक राजपाल लेघा ने दी जानकारी
- पिछले वर्ष की अपेक्षा 78 प्रतिशत बढ़ी आमदनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार अवैध खनन व उपखनिज चोरी में अंकुश लगाने में काफी हद तक कामयाब रही है। खनन से इस वित्तीय वर्ष की छमाही में सरकार को 456.63 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 78 प्रतिशत अधिक है। आय के पिछले रिकॉर्ड टूट गए हैं।

भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक राजपाल लेघा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से सितंबर माह तक खनन से 202.89 करोड़, वर्ष 2023-24 में 255.98 करोड़ और इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 456.63 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 200.65 करोड़ अधिक है। लगभग 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से उपखनिज परिहार नियमावली में सरलीकरण, ई-निविदा सह ई-नीलामी के जरिए नए खनिज लॉटों का चिन्हिकरण कर ई-निविदा से आवंटित की गईं। इसके अलावा निदेशालय स्तर से गठित प्रवर्तन दलों ने अवैध खनन एवं उपखनिज भंडारण व अभिवहन की प्रभावी निगरानी की गई। ई-रवन्ना पोर्टल की निगरानी के साथ ही समय-समय पर अपग्रेड किया गया। निदेशक लेघा ने बताया कि चार जिलों में देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में निजी कंपनी की ओर से चेकिंग की जा रही है। खनन को पारदर्शी बनाने के लिए राजस्व वृद्धि के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम (एमडीटीएसएस) के लिए 45 चेकिंग गेट बनाने पर भी सहमति दी गई है। इसके अलावा रवन्ना प्रपत्रों को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया भी गतिमान है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में स्टोन क्रशर्स एवं स्क्रीनिंग प्लांटस से कच्चे माल की आपूर्ति होने की वजह से इस वर्ष ग्रिट, डस्ट, रेता, बजरी 70 रुपये प्रति क्विटंल की दर से बेचा जा रहा है, जबकि पिछले वर्ष ये 140 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचा जा रहा था। इससे आमजन को भी फायदा मिल रहा है।



# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के मैनेजर पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दुष्कर्म की कोशिश करने वाले उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं चोरगलिया पुलिस ने महिला के सभी आरोपों को नकार दिया है।

गौलापार निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक में उनका खाता है। जब वह बैंक जातीं तो शाखा प्रबन्धक रोहित टम्टा उन्हें घूरता था। एक माह पहले रोहित ने बैंक शाखा से पीड़िता का मोबाइल नंबर लिया और समूह के बहाने से फोन किया। पीड़िता ने मैसेज करने से रोका तो रोहित दूसरा नंबर मांगने लगा। यह बात पीड़िता ने पति को बता दी। पति ने फोन कर रोहित को ऐसा करने से रोका तो वह जाने से मारने की धमकी देते हुए अनुसुचित जाति के केस में फंसाने की धमकी देने लगा। तीन अक्टूबर की शाम रोहित पीड़िता के घर में घुस गया और जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता ने पति को बात बताई तो वह दंग रह गए और अगले दिन जहर खाकर जान दे दी। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि आरोपी रोहित टम्टा के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 333, 351(3), 77, 78 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खतरा** जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले, कई संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये

# सावधान : एसटीएच में भर्ती तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में भर्ती तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कई संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये हैं।

बीते दिन एसटीएच में डेंगू के तीन संदिग्ध मरीज भर्ती हुए थे। तीनों मरीज तेज बुखार और बदन दर्द से पीड़ित थे। इनकी प्लेटलेट्स भी तेजी से गिर रही थी। ओपीडी में जांच के बाद तीनों मरीजों को भर्ती किया गया। साथ ही ब्लड सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गये। जांच के दौरान तीनों मरीजों की एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इनमें एक मरीज हल्द्वानी तथा दो मरीज अन्य जनपदों के रहने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष डेंगू के अब तक 53 एलाइजा पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। इनमें 18 मरीज नैनीताल जिले के हैं। बीते दिन डेंगू पीड़ित महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने काठगोदाम क्षेत्र में सर्वे किया। जांच के दौरान कहीं भी डेंगू का लार्वा नहीं मिला। इधर, सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि विभागीय टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।



**एसटीएच में पहुंच रहे स्क्रब टाइफस के मरीज:** जिले में डेंगू के मरीजों के साथ-साथ अब स्क्रब टाइफस के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में रोजाना स्क्रब टाइफस के तीन से चार मरीज पहुंच रहे हैं। यहां मेडिसन विभाग की ओपीडी में मरीजों की पहचान की जा रही है। मेडिकल प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि बुखार आने पर लापरवाही न करें, तुरंत ही चिकित्सक को दिखाएं। इस समय कोई भी बुखार बड़ी बीमारी हो सकती है।

### अस्पतालों में उमड़ी मरीजों की भीड़

**हल्द्वानी :** शनिवार और रविवार को अवकाश के बाद खुले सरकारी अस्पतालों में सोमवार को मरीजों की खासी भीड़ रही। सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन विभाग की ओपीडी में देखे गये। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी के बाहर सुबह से ही मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। यहां करीब 200 से अधिक मरीज देखे गये। इनमें ज्यादातर मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी और बदन दर्द से पीड़ित थे। वहीं बेस अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में भी सुबह से मरीजों की लंबी कतार लगी रही।

### बेस अस्पताल के दो डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज त्रिपाठी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह लंबे समय से अस्पताल में अपनी सेवा दे रहे थे। फिलहाल अस्पताल में तीन और बाल रोग विशेषज्ञ अपनी सेवा दे रहे हैं। इनके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पीसी पंत ने भी नौकरी छोड़ दी है।

# 15 नवंबर तक पूरा किया जाए सिटी फॉरेस्ट का काम : वंदना

**निर्देश**

- डीएम ने देर सांय किया सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण
- वन विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने सोमवार की देर सांय वन विकास निगम के डिपो में प्रस्तावित सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण किया।

डीएम ने तराई केंद्रीय वन डिवीजन के डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी को निर्देश दिए कि सिटी फॉरेस्ट के सुधारीकरण एवं अन्य कार्य 15 नवंबर तक हर हाल में पूरे किए जाएं। सिटी फॉरेस्ट से जन सामान्य को विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इस पार्क का लोकार्पण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तावित है। इसके बाद उन्होंने एचएन इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री डॉ. अनिल डब्बू, दिनेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, एडीएम पीआर चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा मौजूद रहे।



सिटी फॉरेस्ट का डिजाइन देखतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

## एक नजर

### नहीं रही सीटीआर की पालतू हथिनी गोमती

रामनगर : वन्यजीव संरक्षण के दौरान चाहे गश्ती का मामला हो या सीटीआर कर्मियों के साथ रेस्क्यू के दौरान हमेशा सहभागी रही 66 साल की पालतू हथिनी गोमती अब नहीं रही। उसकी मौत पर कार्बेट कर्मियों ने शोक जताया। बता दें कि कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालागढ़ रेंज स्थित हाथीशाला में विभागीय हथिनी गोमती को ढिकाला रेंज से लाया गया था। एकाएक वह घास स्थल पर बैठ गयी थी, जिसको महावतों व स्टॉफ ने उठाने का काफी प्रयास किया, किन्तु वह उठ नहीं पायी। जिसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गयी तथा जिसका उपचार वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर (नैनीताल) की देखरेख में किया जा रहा था। सोमवार को गोमती हथिनी की मृत्यु हो गयी। जिसके उपरान्त नियमानुसार एसओपी के अनुसार पशु चिकित्साधिकारियों, विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मान पूर्वक विभागीय हथिनी गोमती का शव विच्छेदन कर शव निस्तारण किया गया तथा विसरा व आंतरिक अंगों के सैम्पल को परीक्षण हेतु आईवीआरआई इज्जतनगर, बरेली व डब्लूआईआई देहरादून भेजा गया है।

# पूछड़ी के लोगों का एसडीएम दफ्तर पर धरना

## भारतीय वन अधिनियम 1927 उत्तरांचल संशोधन को रद कर 2001 से पूर्व की व्यवस्था लागू करने की मांग

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देते लोग। ● अमृत विचार

**नाराजगी**
- संयुक्त संघर्ष समिति ने मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन भेजा
- गांव के 151 परिवारों को बेदखल करने का विरोध

**अमृत विचार :** ग्राम पूछड़ी व कालू सिद्ध के 151 परिवारों पर बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने व डीएफओ तराई पश्चिमी रामनगर द्वारा उनके खिलाफ दिए गए बेदखली आदेशों की प्रति प्रतिवादी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने की मांग को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति ने एसडीएम कार्यालय कार्यालय के बाहर धरना देकर जिलाधिकारी नैनीताल को ज्ञापन प्रेषित किया।

धरना स्थल पर आयोजित सभा मे ग्रामीणों ने कहा कि डीएफओ तराई पश्चिमी कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखकर मनमानी पर उतारू है। 151 परिवार कौन हैं जिनके खिलाफ बेदखली के आदेश पारित हुए हैं, इसकी जानकारी किसी के पास भी नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीएफओ कार्यालय न तो उनका नकल हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार कर रहा है और ना ही उनके द्वारा प्रस्तुत जवाबों को स्वीकार कर रहा है। समिति ने कहा कि वन अधिनियम 1927 उत्तरांचल संशोधन में प्रतिवादी ग्रामीणों को 10 दिन के भीतर अपील का अधिकार है। जिसे डीएफओ तराई पश्चिमी द्वारा कुचला जा रहा है। समिति पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 में सभी नागरिकों को कानून के समक्ष बराबरी का अधिकार है। अतः कालू सिद्ध, पूछड़ी समेत सभी वन ग्रामों में बिंदुखत्ता की तरह राजस्व ग्राम बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए तथा वन अधिकार कानून 2006 को लागू किया जाए।

समिति ने कहा कि भारतीय वन अधिनियम 1927 उत्तरांचल संशोधन में नोटिस देने, जांच करने, मुकदमा सुनने व निर्णय देने की सभी शक्तियां वनाधिकारी को दे दी गई हैं जो कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 50 का उल्लंघन है। अतः इस कानून को रद कर 2001 से पूर्व की व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए। आंदोलन की अगली रणनीति के लिए 16 अक्टूबर को ग्राम समिति द्वारा ग्राम पूछड़ी में बैठक बुलाई गई है। ललित उप्रेती के संचालन में हुई सभा को उपपा नेता प्रभात ध्यानी, मो.आसिफ, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला भुवन चंद्र, महिला एकता मंच की ललिता रावत, रेनू, साहिस्ता, आइसा नेता सुमित, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंबाल, पछास के रवि, जगमोहन रावत, पंचायत संघर्ष मोर्चा के मोहम्मद सफी व समाजवादी लोकमंच के मनीष कुमार आदि ने संबोधित किया।

# नई शिक्षा नीति में शिक्षक का बहुआयामी होना जरूरी

संवाददाता, रामनगर


शिक्षक अधिवेशन को संबोधित करते प्रसून श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नई शिक्षा नीति को लेकर शिक्षकों के अधिवेशन में बोलते हुए ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के निदेशक प्रसून श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों का बहुआयामी होना बहुत जरूरी है और अगर जूनियर लेवल से बच्चों का कौशल विकास करना है तो प्राथमिक कक्षाओं में उनके कौशल को पहचान कर उनको उसका आभास कराना होगा।

उन्होंने कहा कि अब अभिभावक भी प्राथमिक स्तर से अपने पाल्यों की शिक्षा को लेकर चिंतन करें। क्योंकि महज शिक्षकों पर ही बच्चे की जिम्मेदारी थोपने से काम चलने वाला नहीं है। बदलते परिवेश में शिक्षकों और अभिभावकों को खुद को नई शिक्षा नीति के अनुरूप ढालना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयी स्तर से ही बच्चों को आने वाले भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। समय के साथ अगर शिक्षक और अभिभावक दोनो अपडेट रहेंगे तो बच्चा भी एक अनुशासन के साथ-साथ कुशाग्र बुद्धि वाला बनेगा। बेशक नहीं शिक्षा नीति को लेकर हमारे सामने चुनौतियां हो सकती है मगर मुश्किल भी नहीं है। शिक्षक आपसी तालमेल के साथ हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। प्रसून श्रीवास्तव ने कहा कि आज अधिवेशन में आसपास के साढे.तीन सौ से अधिक शिक्षक एकत्र हुए हैं। एक समय वह भी आएगा जब पूरे प्रदेश भर के शिक्षक इसी तरह एक टेबिल पर बैठक कर हम हर चुनौती का सामना करेंगे।

# शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी


शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक संगठन ने सोमवार को काठगोदाम स्थित एक बैंक्वेट हॉल में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका विषय सार्वजनिक शिक्षा को मजबूर किया जाना आवश्यक क्यों था। संगोष्ठी के पहले दिन शिक्षकों ने स्कूलों में प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षकों की कमी सहित कई बुनियादी समस्याओं को दूर करने की मांग उठाई।

इसके साथ ही पदोन्नति में आरक्षण के लिए इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, माता- पिता की मृत्यु पर 15 दिन का अवकाश देने, प्राथमिक व जूनियर स्कूलों से एलटी में समायोजित शिक्षकों को उनकी पूर्व सेवा को जोड़ते हुए चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान देने की भी मांग उठाई। उन्होंने प्रधानाचार्य के पदों को पूर्व की तरह भरने, शिक्षकों से जुडे.विषयों पर अनुसूचित जाति-जन जाति संगठन को शामिल करने, पुरानी पेंशन लागू करने, स्थानांतरण एक्ट लागू करने व एलटी से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति करने की मांग की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संगोष्ठी से शिक्षकों और छात्रों दोनों को फायदा मिलेगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष दिनेश आर्या, विधायक सुमित हृदयेश, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा और संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार टम्टा सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतीय मीडिया प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सार्वजनिक शिक्षा सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एचबी चंद, उप शिक्षाधिकारी सुरेश चंद्र आर्या, सुनीता आर्या, नीलिमा कोहली, गीतम कोहली, मीनाक्षी कीर्ति, इंद्र कुमार आर्य, विजय कुमार, जगदीश कुमार विमल, मनोज कुमार, सुनील धौनी, एमएल सोनियाल, चंद्रप्रकाश,चंद्रशेखर, दुर्गा प्रसाद, नंदकिशोर टम्टा आदि मौजूद रहे।

**निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए वीरेंद्र टम्टा**

शिक्षक संगोष्ठी के दौरान नैनीताल जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इस दौरान वीरेंद्र टम्टा ने जिलाध्यक्ष, विजय कुमार ने उपाध्यक्ष, दीप दर्शन ने जिला मंत्री व गिरीश बेरी ने कोषाध्यक्ष पद पर नामांकन किया। सभी पदों पर एक ही प्रत्याशी होने से कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया।

# ब्यूटी पार्लर से चुराया लाखों रुपये का हार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक शातिर महिला ब्यूटी पार्लर में घुस गई और बैंक मैनेजर की पत्नी का लाखों रुपये का हार लेकर फरार हो गई। छड़ायल टीपीनगर निवासी आशीष जोशी पंजाब नेशनल बैंक में शाखा प्रबंधक हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को शाखा प्रबंधक की पत्नी ब्यूटी पार्लर पर गई थीं। तभी वहां आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रीति उर्फ जसलीन कौर सर्वे करने के बहाने पहुंची। उसने बैंक मैनेजर की पत्नी के पर्स में रखा लाखों का हार निकाला और फरार हो गई। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी की पहचान कर उसके घर पहुंची। घर में तलाशी लेने पर कूड़ेदान से हार बरामद कर लिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दिनेश अध्यक्ष, मनीता मंत्री और संजय बने कोषाध्यक्ष

- उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसिएशन का हुआ चुनाव
- दिनेश मनराल को 167 मत प्राप्त हुए

संवाददता, रामनगर


रामनगर में चुनाव के दौरान मंचासीन शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसिएशन शाखा रामनगर का निर्वाचन नगर पालिका सभागार में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर दिनेश मनराल, मंत्री पद पर मनीता कटारिया एवं कोषाध्यक्ष पद पर संजय कुमार निर्वाचित हुए।

जगदीश सती के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक नवीन चंद टम्टा, अशीष बिष्ट एवं विभागीय निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र प्रताप भारती तथा अनिल कुमार सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर दिनेश मनराल को 167 तथा निकटतम प्रतिद्वंदी प्रकाश फुलवरिया को 125 मत प्राप्त हुए।

इस तरह अध्यक्ष पद पर दिनेश मनराल ने 48 मतों से विजय प्राप्त की। जबकि मंत्री पद पर श्रीमती मनीता कटारिया निर्विरोध निर्वाचित हुईं। कांटे के मुकाबले में कोषाध्यक्ष पद पर संजय कुमार ने 159 मत प्राप्त किए। जबकि दिनकर सिंह को 133 मत प्राप्त हुए। इससे पूर्व हुए सत्र में शैक्षिक उन्नयन पर संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, जिला अध्यक्ष नंदराम, डिकर सिंह पडियार, हरीशचंद्र आर्य, सुभाष जुयाल, प्रकाश चंद फुलेरिया, मनोज मोहन काश्मीर, नवेंदु जोशी, धर्मेंद्र पाल, सुरेंद्र प्रताप, रमेश भंडारी, प्रभजोत वालिया, जगत बिष्ट, रविंद्र कुमार, आदि उपस्थित रहे। सभा का संचालन जगदीश सती ने किया।

# पैठपड़ाव में हवन और भंडारे के साथ रामलीला का पारायण

संवाददाता, रामनगर


रामनगर के पैठपड़ाव में रामलीला का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैठपड़ाव रामनगर के भव्य रामलीला मंच पर रिसीवर तहसीलदार कुलदीप पांडे के मार्गदर्शन में हवन एवं भंडारे के साथ रामलीला का परायण किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मितेश्वर आनंद असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी कोटद्वार एवं नेकी की दीवार संचालक ताराचंद घिल्डियाल ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया।

आयोजन समिति ने दोनों अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रामलीला मंच पर श्रीराम का राज्याभिषेक तथा दरबार सजाकर लोगों को आशीर्वाद दिया गया। स्थानीय कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मितेश्वर आनंद, तहसीलदार कुलदीप पांडे तथा ताराचंद घिल्डियाल ने कलाकारों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान आयोजन समिति से जुड़े प्रभात ध्यानी, एडवोकेट बालम सिंह बिष्ट, पुष्कर दुर्गापाल, हरिप्रिया सती, गणेश रावत, ललित मोहन बिष्ट, संजय डॉर्बी, भावना भट्ट, जितेंद्र बिष्ट, इंद्र सिंह मनराल, दिनेश सत्यवाली, डॉ. निशांत पपनै, गणेश जोशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# छात्रों ने मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में सोमवार से दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान महोत्सव और विज्ञान ड्रामा महोत्सव शुरू हो गया। इस मौके पर छात्रों ने खाद्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, कचरा प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन विषय पर बेहतरीन मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई।

कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने किया। हल्द्वानी ब्लॉक के 40 स्कूलों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र जूनियर वर्ग और कक्षा 9 से 12 तक के छात्र सीनियर वर्ग में विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम में नोडल डीके जोशी, तनुजा जोशी, पुरुषोत्तम सिंह बिष्ट, रश्मिराज खेड़ा, कैलाश चंद्र पांडे, डॉ. प्रीति, डॉ.जगत मुरारी, मीना मौजूद रहे।

# सुनहरा भविष्य चाहते हैं तो नशे से रहें दूर

संवाददाता, रामनगर


रामनगर डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते डिग्री कॉलेज के प्राचार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने कहा कि युवाओं को अगर सुनहरा भविष्य बनाना है तो नशाखोरी से दूर रहना होगा। प्रो. पांडे डिग्री कालेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशामुक्त अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की आशा व्यक्त की।

अपर समाज कल्याण अधिकारी मौहम्मद चांद ने समाज में व्याप्त नशे की लत को दूर करने हेतु कैडेट्स को प्रेरित किया। नोडल अधिकारी डॉ. कोमल शर्मा ने नशा मुक्त भारत अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यशाला में युवाओं को मास्टर वोलिंटियर के कार्यों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया। डॉ. जया भट्ट ने महाविद्यालय द्वारा किए गए नशामुक्त अभियानों में छात्र- छात्राओं की सक्रिय भूमिका को सराहा। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. रश्मि कोहली ने नशे के दुष्परिणाम बताए। काउंसलर नीरू ज्याला ने धूम्रपान के सम्बन्ध में विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। पुलिस विभाग से एसआई राजकुमारी ने नशे के प्रयोग एवं बेचने वालों के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही को बताया।

एसआई नीरज चौहान ने एनसीसी कैडेट्स के प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश चन्द्रा, डॉ. डीएन जोशी, डॉ. आरसीएस राणा, प्रशासनिक अधिकारी संजय वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया।


कालाढूंगी में श्री राम के राज्याभिषेक के बाद आरती उतारते कमेटी के पदाधिकारी।

### बजूनियांहल्दू में भगवान श्री राम का हुआ राज्याभिषेक

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** विकासखंड कोटाबाग के बजूनियांहल्दू श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन का श्रीराम राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया। रामलीला के अंतिम दिन राम–रावण युद्ध में राम ने रावण का वध किया। रावण के मरने के साथ ही श्रद्धालुओं ने जयश्रीराम के जयकारे लगाए। भगवान श्रीराम के राज्यभिषेक के बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने राम आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष खीमानंद कत्यूरा, गोपाल सिंह बिष्ट, ललित जोशी, कन्हैया जखवाल, भाष्कर बुढलाकोटी, राजीव जोशी, रमेश जोशी, कैलाश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** शीशमहल रामलीला में कलाकारों ने अभिनय से दर्शकों का मोहा मन, चारधाम मंदिर में रामलीला का हुआ समापन

# रावण–अंगद संवाद और लक्ष्मण शक्ति का हुआ शानदार मंचन

संवाददाता, हल्द्वानी


शीशमहल रामलीला के दौरान रावण–अंगद संवाद का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शीशमहल रामलीला में सोमवार को रावण-अंगद संवाद, लक्ष्मण शक्ति और हनुमान के संजीवनी बूटी लाने की लीला का सुंदर मंचन हुआ। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। इससे पूर्व रामलीला का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट और निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने किया।

इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, निर्देशक नीरज फुलारा, महामंत्री एनडी तिवारी, कमल पपनै, दिनेश फुलारा, सुरेश तिवारी, मोहन बलूटिया, विनोद भट्ट, उमेश तिवारी, नीरज जोशी, हरीश पांडे, हरीश बलूटिया, विपिन जोशी मौजूद रहे।

इधर, गुजरौड़ा लामाचौड़ स्थित चारधाम मंदिर में चल रही रामलीला का सोमवार को रावण वध और राम राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष हेमू पड़लिया ने बताया कि यह क्षेत्र की सबसे पौराणिक रामलीला है, जिसका मंचन लगभग 45 वर्षों से लगातार होता आ रहा है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कमेटी सदस्यों व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।


ब्लॉक में भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के बाद आरती उतारते कमेटी के पदाधिकारी।

### राजतिलक और भंडारे के साथ रामलीला का समापन

**हल्द्वानी :** श्री रामलीला कमेटी ब्लॉक में श्रीराम के राजतिलक एवं विशाल भंडारे के साथ रामलीला का समापन हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत व विशिष्ट अतिथि गुलमोहर गर्ल तनुजा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। कहा कि भविष्य में भी ब्लॉक रामलीला को सभी प्रकार से सहयोग किया जायेगा। कमेटी ने सभी पात्रों को पुरस्कार वितरण किया। संस्थापक मुकेश जोशी ने पूरी कमेटी एवं क्षेत्रवासियों का आभार जताया। इस अवसर पर निर्देशक छवि किशोर जोशी, कमेटी के संरक्षक एडवोकेट कुंवर नृपेंद्र सिंह रौतेला, अशोक भट्ट, त्रिलोक सिंह पतलिया, पूर्व सैनिक महेश चंद्र कुनियाल, गोकुलानंद जोशी, आंनद बल्लभ जोशी, सुरेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# समर्थ पोर्टल न खोलने पर फूटा गुस्सा, छत पर चढ़े छात्र

## एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार को तीन घंटे चला हंगामा, शासन व उच्च शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजने के बाद नीचे उतरे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में छात्र नेता प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए समर्थ पोर्टल को पुनः खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक पोर्टल नहीं खोला गया है। इसको लेकर सोमवार को छात्रों का गुस्सा फूट गया। उन्होंने परिसर में जमकर हंगामा किया।

दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे छात्र नेता छत पर चढ़ गये और जमकर नारेबाजी करने लगे। छत पर चढ़े छात्रों के समर्थन में प्राचार्य कार्यालय के बाहर अन्य छात्र भी नारेबाजी करने लगे। उन्होंने धरना देकर शीघ्र समर्थ पोर्टल खोलने की मांग की। करीब ड़ेढ बजे कॉलेज के छात्रसंघ प्रभारी डॉ. संजय खत्री और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनय चंद्र जोशी आक्रोशित छात्रों को समझाने के लिए छत में पहुंचे, लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के बाद प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने समर्थ पोर्टल खोलने को लेकर शासन व उच्च शिक्षा निदेशालय को पत्र लिखा। जिसके बाद छात्र छत से नीचे उतर आये और प्रदर्शन समाप्त कर दिया। छत पर चढ़ने वालों में यतिन पांडे, सूरज, पारस जोशी, लव गंगोला शामिल थे।



एमबीपीजी कॉलेज में प्राचार्य कक्ष के बाहर धरने पर बैठे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

> शासन और उच्च शिक्षा निदेशालय को छात्रों की मांग पर समर्थ पोर्टल खोलने के लिए पत्र भेज दिया गया है। इस पर शासन स्तर से ही निर्णय लिया जाना है। **- एनएस बनकोटी**, प्राचार्य एमबीपीजी कॉलेज

### छात्रसंघ चुनाव की दावेदारी, लेकिन नहीं हुआ प्रवेश

प्रवेश से वंचित छात्रों में कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए दावेदारी कर रहा छात्र यतिन पांडे भी शामिल है। यतिन ने अभी तक कॉलेज में प्रवेश नहीं लिया है। प्रवेश नहीं होने के कारण उसके छात्रसंघ चुनाव लड़ने पर संकट मंडरा रहा है। सोमवार को यतिन के नेतृत्व में ही छात्रों ने छत पर चढ़कर हंगामा किया। पूर्व में परीक्षा परिणाम में कुछ गड़बड़ी होने के कारण वह प्रवेश नहीं ले पाया, लेकिन बाद में परिणाम संशोधित होने के बाद भी उसने प्रवेश नहीं लिया। 19 सितंबर को दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि थी, लेकिन कॉलेज में वार्षिकोत्सव होने से उसने अपने दस्तावेज सत्यापित नहीं कराए, जिस कारण वह प्रवेश से वंचित रह गया।



छत पर चढ़े छात्र को समझाते छात्रसंघ प्रभारी डॉ. संजय खत्री। ● अमृत विचार

### 100 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 19 सितंबर को कॉलेज में वार्षिकोत्सव था। उसके अगले दिन 20 सितंबर को कॉलेज में अवकाश घोषित कर दिया गया। जिससे कई छात्र प्रवेश से वंचित रह गए। साथ ही कई छात्रों के दस्तावेज सत्यापित नहीं होने के कारण उनकी फीस जमा नहीं हो पाई है। लगभग 100 से अधिक छात्र हैं, जो प्रवेश से वंचित रह गए हैं।

## सार-संक्षेप



कालाढूंगी में डॉ. आंबेडकर की फोटो पर पुष्प अर्पित करते लोग ● अमृत विचार

### भेदभाव की कुरीतियों को समाप्त करने का प्रयास करें

**कालाढूंगी :** डॉ. आंबेडकर एकता मिशन एंड फाउंडेशन ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किये। एक कार्यक्रम के दौरान संगठन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र ने बुद्ध धम्म की दीक्षा के संबंध में कहा कि 14 अक्टूबर 1956 को बाबा साहेब ने बुद्ध धम्म की दीक्षा ली। आर्थिक समानता के बिना राजनीति और नागरिकता का कोई महत्व नहीं है। बुद्ध धम्म नैतिकता और आचार्य नियमों पर आधारित है। इसमें जाति प्रथा और भेदभाव नहीं है। बुद्ध धम्म का सामाजिक उद्देश्य समानता है। हमें भी बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलते हुए समाज से ऊंच-नीच, भेदभाव की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

### रामकथा में सुंदर प्रसंगों का किया वर्णन



**हल्द्वानी :** क्रियाशाला सेवा समिति मुखानी में मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास भुवन चंद्र त्रिपाठी ने भगवान राम से जुड़े सुंदर प्रसंग सुनाये। कथा में मुख्य यजमान गोपाल दत्त जोशी मौजूद रहे। संगीतज्ञ जगदीश आनंद, निर्मल त्रिपाठी, चंद्रकांत और केवल नंद ने मनमोहक संगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष एनबी गुणवंत, उपाध्यक्ष डीडी दुम्का, बिशन सिंह नैनवाल, उपसचिव आनंद सिंह भाकुनी, सदस्य देवकीनंदन जोशी, कल्पना भंडारी, तारा तंकवाल, विनोद सिंह, नंदन जोशी, पूरन चंद जोशी और प्रकाश जोशी आदि मौजूद रहे।

### 135 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** हरगोविंद सुयाल स्कूल में सोमवार को स्व. कमला नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले 135 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी को एक हजार की नगद धनराशि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश पांडे, सदस्य रमेश चन्द्र सिंह धपोला, गिरीश चन्द्र कांडपाल, उत्तम सिंह, उप प्रधानाचार्य जगदीश चन्द्र परगाई ने किया। जबकि संचालन दिनेश चन्द्र पाठक ने किया।



कार्यशाला में मौजूद अतिथि व नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्रों को फोरेंसिक नर्सिंग के महत्व के बारे में बताया

**हल्द्वानी :** राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को फोरेंसिक नर्सिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को फोरेंसिक नर्सिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नर्सिंग कॉलेज के भवन में संपन्न हुई कार्यशाला में पंचम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर एवं दो निजी नर्सिंग संस्थान (एमआईईटी लामाचौड़ व पाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग) के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी शामिल रहे। इस अवसर पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या अनीता अधिकारी, संकाय सदस्य रेखा त्रिपाठी, रेनू रमोला, सागर जोशी, दीपिका जंगपांगी, गीता आर्या, उमेश चंद्र पांडे, गीतांजलि साह आदि मौजूद रहे।



सम्मानित शोधार्थियों के साथ प्राचार्य एनएस बनकोटी व अन्य। ● अमृत विचार

### शोधार्थियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** बीती एक अक्टूबर को कम्बाइंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च कुंआवाला व भारतीय शिक्षण मंडल ने एमबीपीजी कॉलेज के शोधार्थी मानसी जोशी, विभूति गुप्ता, ललिता सैनी, सतीश और पंकज कोहली को बेहतरीन शोध कार्य के लिए सम्मानित किया। इसी क्रम में सोमवार को सभी शोधार्थियों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. कमरुद्दीन, डॉ. नवल किशोर लोहनी, डॉ. प्रभा पंत, डॉ. मनीषा नरियाल, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. एससी टम्टा मौजूद रहे।

# फड़-ठेले वालों का सत्यापन अभियान शुरू, रोस्टर जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने फड़-ठेला लगाने वालों का सत्यापन अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को रानीबाग से कॉलटैक्स, पनचक्की चौराहा, नैनीताल रोड और कैनाल रोड पर फड़ व ठेला लगाने वालों का सत्यापन किया गया। मंगलवार को हाइडिल गेट से डिग्री कॉलेज, तिकोनिया क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया जायेगा।

इधर, नगर निगम ने फड़-ठेले वाले के सत्यापन को लेकर रोस्टर जारी किया है। इसके तहत 16 अक्टूबर को पनचक्की चौराहे से तिकोनिया, कैनाल रोड, नवाबी रोड, मुखानी, 17 को तिकोनिया से कोतवाली, बेस अस्पताल, रामलीला मैदान, बेलवाल पार्क, 18 को तिकोनिया से वर्कशॉप लाइन, रोडवेज से रेलवे स्टेशन, कालाढूंगी चौराहा, मीरा मार्ग व सदर बाजार, 19 को कालाढूंगी चौराहे से मंगल पड़ाव, सब्जी मंडी, 21 को सब्जी मंडी, 22 को मंगल पड़ाव से पुरानी आईटीआई बरेली रोड, सिंधी चौराहे से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल, देवलचौड़, पंचायत घर, 23 को देवलचौड़ से छड़ैल चौराहे, गैस गोदाम रोड, मुखानी चौराहे और 24 अक्टूबर को गैस गोदाम रोड से कुसुमखेड़ा, हनुमान मंदिर, कठघरिया, ऊंचापुल, ब्लॉक कार्यालय, कमलुवागांजा, मुखानी चौराहे से क्रियाशाला, पुरानी आईटीआई धानमिल और पीलीकोठी तक सत्यापन होगा।

▶▶ **आज हाइडिल गेट से डिग्री कॉलेज तक चलेगा अभियान**

# हर बूथ पर दो सक्रिय सदस्य बनाने अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा की ओर से सोमवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। इसमें प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने अभियान की रूपरेखा बताई।

चौधरी ने कहा कि संगठन पर्व सदस्यता अभियान के पहले चरण में ऑनलाइन प्राथमिक सदस्य बनाने के बाद अब कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम दो सक्रिय सदस्य बनाने हैं। किसी भी कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य बनने के लिए न्यूनतम 50 प्राथमिक सदस्य बनाने होंगे। बूथ, मंडल, जिला एवं प्रदेश स्तर की कमेटियों में किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। इसके लिए निर्धारित प्रारूप को पूर्ण रूप से भरने एवं नमो एप पर माइक्रो डोनेशन करने वाले कार्यकर्ता को ही सक्रिय सदस्य माना जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि अब तक प्रदेश में ऑनलाइन 18 लाख और 2 लाख ऑफलाइन सदस्य बनाने के आंकड़े हैं, जिनमें बढ़ोत्तरी होगी। आगामी 30 अक्टूबर तक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाएंगे, जिसके लिए निर्धारित 50 प्राथमिक सदस्यों का चयन सर्वप्रथम अपने बूथ से उसके उपरांत अपनी विधानसभा से बनाने होंगे।

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उन्होंने भी घर-घर जाकर सदस्यता अभियान में सदस्य बनाए। भाजपा में कोई व्यक्ति किसी पद पर हो सर्वप्रथम वह कार्यकर्ता है, संगठन एवं सरकार में किसी भी पद के लिए उसकी योग्यता सक्रिय सदस्यता है। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, साकेत अग्रवाल, खीमा नन्द शर्मा, नवीन भट्ट, शशांक रावत मौजूद रहे।



भाजपा संभाग कार्यालय में प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# फुटबॉल: खिलाड़ियों ने दागे गोल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल की ओर से हरकपुर क्वीरा में चल रही सेवन ए साएड अंतर विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच मैच खेले गये। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिद्वंदी टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सोमवार को बालक वर्ग में महर्षि विद्या मंदिर व यूनिवर्सल स्कूल के बीच हुए मैच में दोनों टीमें दो-दो गोल के बराबरी पर रहीं। पेनल्टी शूट आउट में महर्षि ने 5-3 के अंतर से मैच जीत लिया। वहीं जिम कॉर्बेट, डीपीएस हल्द्वानी, ओरम स्कूल, एवरग्रीन, क्वींस स्कूल, सरस्वती अकादमी ने अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में क्वींस स्कूल व शिवालिक स्कूल के बीच मैच खेला गया, जिसमें क्वींस ने पेनल्टी शूट आउट में शिवालिक को 3-1 के अंतर हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार शुभम पांडे, प्रियांशु गड़िया, प्रियांशु कुमार, भावेश मेवाड़ी, करण गड़िया, निखिल, ऋषभ, मानव और दीक्षिका को दिया गया। रेफरी व निर्णायक आनंद बेव, गोपी डिसूजा, मोएन-उल-हक, मयंक पंत, लवलेश मेर, जय अरोरा, एसएस कपकोटी, लीला रावत, शिवानी रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, सीबीएसई कोर्डिनेटर मंजू जोशी, सुनील जोशी, दीपक बल्यूटिया, मीरा मिश्रा, हरेंद्र मिश्रा, कविता पाठक, मीना मौजूद रहे।




फुटबॉल टीमों के विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

## आपत्तियों का निस्तारण करें अधिकारी : विधायक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने विकास भवन परिसर में मोटर मार्गों के नव निर्माण व डामरीकरण को लेकर लोनिवि, वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। विधायक कैड़ा ने कहा कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के अंतर्गत करायल-टकुरा वन चौकी, कटना से वारी, सुनी से बलना मटियाल, कचलकोट से पड़ायल, बडोन से सिमलिया साननी, विरसिंग्या, मिडार कठपतलिया, गल्पा धमोरी, रामगढ़ उमांगढ़, लेस्यानी, कॉल से धानाचूली, परबड़ा, खैरोला से खड़की, बडुखेत मोटर मार्गों के निर्माण की प्रथम चरण की स्वीकृति हो चुकी है। अब तक वन विभाग से अनापत्ति नहीं मिलने से दूसरे चरण की डीपीआर तैयार नहीं हो पा रही है। उन्होंने लोनिवि व वन विभाग के अधिकारियों से आपत्तियों का निस्तारण करने को कहा, ताकि दूसरे चरण की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा सके। इस दौरान जिपं सदस्य अनिल चनौतिया, कमला आर्य, प्रदीप बिष्ट मौजूद रहे।



अधिकारियों की बैठक लेते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

## पूर्व सैनिकों ने आर्मी की तर्ज पर मांगीं सुविधाएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आसाम राइफल्स के पूर्व सैनिकों ने आर्मी की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने कठघरिया में बैठक की। बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि वह आर्मी की तरह ड्यूटी करते हैं तो आर्मी की तरह सुविधाएं मिलनी चाहिए।

मुख्य वक्ता आसाम राइफल्स के नेशनल सेकेट्री नारायण सिंह बिष्ट ने सरकार की नीतियों पर आक्रोश जताया और इसमें सुधार करने की मांग की। बैठक में जिले के अलावा पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून से भी पूर्व सैनिक पहुंचे। इस अवसर पर उत्तराखंड के सचिव बिशन सिंह बिष्ट, नैनीताल के अध्यक्ष बद्री सिंह बिष्ट, सचिव त्रिलोक सिंह रजवार, पंजाब के सचिव एसएस बाजवा के अलावा 30 वीर नारियां समेत 239 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

परेशानी | बीती दो अक्टूबर को हुए साइबर अटैक के बाद से अभी तक शुरू नहीं हो सकी है भूलेख वेबसाइट

# ऑनलाइन सिस्टम ठप, खतौनी को चक्कर काट रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आईटी सिस्टम पर हुए साइबर अटैक के बाद अभी तक भूलेख की वेबसाइट ने काम करना शुरू नहीं किया है। जिससे से खतौनी नहीं निकल पा रही है। लोगों को खासी परेशानी हो रही है। लोग तहसील से जनसुविधा केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं।

बीती 2 अक्टूबर को राज्य के आईटी सिस्टर पर साइबर अटैक हुआ था। इसके बाद सभी ऑनलाइन सेवाएं ध्वस्त हो गई थीं। तब से 186 एप्लीकेशंस समेत सभी ऑनलाइन सेवाएं ठप हैं। हालांकि कई सरकारी विभागों में ऑनलाइन सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, लेकिन अभी भी जनता से सीधी तौर पर जुड़ी सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। इनमें एक भूलेख की वेबसाइट ने काम करना शुरू नहीं किया है। इसकी वजह से खतौनी नहीं निकल पा रही है। बीते 12 दिनों से खतौनी नहीं निकलने से किसानों, ग्रामीणों व लोगों को खासी परेशानी हो रही है, वे कभी तहसील तो कभी जनसुविधा केंद्र के चक्कर काट रहे हैं। वहीं खतौनी नहीं निकलने से जमीनों की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज, भूमि संबंधी वादों का निस्तारण और बैंक बंधक के आदेश निस्तारण, विरासत नामांतरण वगैरह की कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है। तहसील में भूमि संबंधी अधिकांश कामकाज ठप हो गए हैं। हल्द्वानी तहसील में एक दिन में 150 से अधिक खतौनियां प्रतिदिन निकलती हैं, लेकिन 12 दिनों से खतौनियां नहीं निकलने से लोग परेशान हैं।



तहसील परिसर स्थित खतौनी काउंटर पर लगा नोटिस बोर्ड। ● अमृत विचार

> भूलेख की वेबसाइट नहीं चलने से अभी खतौनियां नहीं निकल पा रही हैं। ऑनलाइन सिस्टम रिकवर नहीं होने की वजह से खतौनी का काउंटर बंद पड़ा है, जैसे ही सिस्टम शुरू होगा वैसे ही लोगों को खतौनी निकाल कर देना शुरू कर दिया जाएगा। **-सचिन कुमार**, तहसीलदार

### रजिस्ट्री में 25.79 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**हल्द्वानी :** खतौनी नहीं होने से भूमि की रजिस्ट्रियों पर भी खासा असर पड़ा है। उपनिबंधक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 में शारदीय नवरात्रि पर उपनिबंधक हल्द्वानी प्रथम में 364 और द्वितीय में 458 कुल 822 रजिस्ट्रियां हुई थीं। जिनसे 6.44 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस वर्ष नवरात्रि पर साइबर अटैक के बाद ऑनलाइन खतौनियां नहीं निकल सकीं, जिसका असर रजिस्ट्रियों पर भी हुआ। इस वर्ष उपनिबंधक हल्द्वानी प्रथम में 353 और द्वितीय में 257 कुल 610 रजिस्ट्रियां हुईं, जिनसे 4.97 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। उपनिबंधक भावना पंत ने बताया कि इस बार रजिस्ट्रियों पर असर पड़ा है। हालांकि जनता की सहूलियत को देखते हुए रजिस्ट्री से रजिस्ट्री की जा रही है।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
■ डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
■ डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
■ सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (92105500404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## सार-संक्षेप



खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी समस्या सुनाती एक वृद्धा।

### कैंप कार्यालय पर मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं समस्याएं

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में स्थानीय जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं अपने अधीनस्थों को जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए आदेशित किया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सीएम धामी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जगदीश प्रसाद गोयल, दिनेश अग्रवाल, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जिला महामंत्री सतीश गोयल, भास्कर जोशी, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विमला मुंडेला, नीलू गुप्ता, चकरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट, मस्जिद कमेटी की प्रशंसक कामिल खान, तारिक मलिक आदि शामिल थे।

### पार्टी के मंडल अध्यक्ष पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप



**किच्छा :** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव सक्सेना ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत कार्यक्रम में मंच का संचालन कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले को लेकर उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल को मामले से अवगत करा दिया है तथा जल्द ही प्रदेश नेतृत्व को भी जानकारी देकर निष्पक्ष जांच एवं कार्यवाही का आग्रह किया जाएगा। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित एक होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए भाजपा नेता सक्सेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए संगठन सर्वोपरि है, लेकिन सीएम धामी के अभिनंदन कार्यक्रम में व्यक्ति विशेष का महिमा मंडन करने वाले लोगों ने पार्टी की मर्यादा की धज्जियां उड़ाते हुए खुले मंच से वरिष्ठ भाजपाइयों का अपमान कर उनकी उपेक्षा करने का काम किया है।

### महुआडाबरा के पास दिखा गुलदार, दहशत

**जसपुर :** नगर पंचायत महुआडाबरा के पास गुलदार देखा गया। इससे आसपास के लोगों में दहशत है। लोगों ने गुलदार को पकड़ने की मांग की। जसपुर के समीपवर्ती नगर पंचायत महुआडाबरा स्थित जानकी सिंह इंटर कॉलेज के मालिक सौरभ राजपूत, उनके साथी जतिन चौहान व नव प्रभात चौहान रविवार को रात्रि करीब 8 :00 बजे कार से एलबीएस डिग्री कॉलेज रोड से गुजर रहे थे, तभी उन्हें एक गुलदार रोड पार करते हुए दिखाई दिया। गुलदार रोड पार करके गन्ने के खेत में घुस गया और किनारे पर ही बैठ गया। उक्त लोगों ने अपनी कार के अंदर से ही गुलदार का वीडियो बनाया। एलबीएस डिग्री कॉलेज, महुआडाबरा रोड पर गुलदार दिखाई देन से पास की आबादी व नगर पंचायत महुआ डाबरा वासियों में दहशत है। महुआ डाबरा वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि उक्त स्थान पर व उसके आसपास पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने व्यवस्था की जाए क्योंकि यह मुख्य मार्ग है। यह मार्ग जसपुर-भूतपुरी मार्ग को जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग को जोड़ता है। इस रोड पर काफी आबादी है।

### गांव कलियावाला टांडा में सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**जसपुर :** समीपवर्ती गांव कलिया वाला टांडा निवासी 60 वर्षीय वचन सिंह की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप द्वारा डसने के बाद उसे उपचार हेतु जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। बताया गया कि काशीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ई-रिक्शा से गिरकर 9 वर्षीय बालिका घायल

**बाजपुर :** ई-रिक्शा से सड़क पर गिरकर 9 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। सोमवार को मोहल्ला संजय कॉलोनी निवासी अहाना मंसूरी (9) पुत्री मोबिन खान को स्कूल की छुट्टी के बाद ई-रिक्शा चालक घर छोड़ने जा रहा था। इसी बीच चीनी मिल के समीप एक दुकान के नजदीक ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा करके वह दुकान पर किसी कार्य से गया था कि अचानक बच्ची ई-रिक्शा से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### विवि कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग

**पंतनगर :** ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा में शामिल श्रमिक संगठनों पंतनगर कर्मचारी संगठन, विवि श्रमिक कल्याण संघ, राष्ट्रीय शोषित परिषद, राष्ट्रीय सफाई मजदूर कांग्रेस एवं देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने नियमित एवं ठेका कर्मियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में संगठनों ने मांग की है कि मई 2003 से पूर्व विवि से सीधा भुगतान पाने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को उत्तराखंड शासन की विनियमितिकरण नियमावली के तहत विनियमित किया जाए। राज्य स्वास्थ्य योजना (गोल्डन कार्ड), प्रस्ताव दिसंबर 2021 में प्रबंध परिषद से पारित, को विवि में शीघ्र लागू किया जाए। शासन की भांति सामूहिक बीमा योजना लागू की जाए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर छात्र गंभीर रूप से घायल



**बाजपुर :** ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर कक्षा-8 का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार की सुबह ग्राम कनौरी निवासी 14 वर्षीय नदीम पुत्र नाजिम घर से साइकिल पर राजकीय इंटर कॉलेज गांव बाजपुर में पढ़ने जा रहा था कि इसी बीच ग्राम रम्पुरा शाकर के नजदीक तेज रफ्तार लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली व साइकिल सड़क किनारे बने गन्ने के खेत में जा घुसी। घटना में साइकिल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### पिकअप की टक्कर से दो बहनें घायल, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** काशीपुर के कुंडा क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से दो बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम करनपुर निवासी देवदत्त ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि बीती 12 अक्टूबर की दोपहर उसकी 10 वर्षीय पुत्री दिव्या व आठ वर्षीय पुत्री वैष्णवी दुकान से समान लेकर घर आ रही थी। इस दौरान कुंडा की ओर से आ रहे पिकअप चालक ने लापरवाही से उसकी पुत्रियों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### काशीपुर में किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर :** किसानों ने स्मार्ट मीटर के विरोध समेत अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान किसानों ने जल्द ही उनकी तीनों मांगों पूरा करने की सरकार से मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर सरकार को उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को किसान एमपी चौक पर एकत्रित हुए। इसके बाद किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम के मौजूद नहीं होने पर किसानों ने पेशकार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन में किसानों ने कहा कि पिछले दिनों में प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड के अंदर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का आदेश पारित किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की योजना प्रदेश के लोगों के हितों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किये जाने व विद्युत उत्पादन व वितरण प्रणाली के निजीकरण पर रोक लगाने, विद्युत मीटर के फिक्स व अन्य चार्ज वसूली को बंद करने, विद्युत बिल पूर्व की भांति दो माह में जारी किये जाने की मांग की है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में बलविंदर सिंह, जसवंत सिंह, रमेश सिंह, महेंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, विजय सिंह, दीपक चौधरी, राजदीप सिंह, कुलविंदर चौधरी, दीपक कुमार, उदयराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## एनसीसीएस के क्रय केंद्रों में अब तक नहीं खुला खाता, तराई में एक अक्टूबर से शुरू हो चुकी है धान की खरीद

# खाद्य-यूसीएफ के क्रय केंद्रों में 46620.20 क्विंटल धान की खरीद

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में अब तक 4662.20 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। यह धान की खरीद खाद्य विभाग और यूपीएफ के क्रय केंद्रों में हुई है, जबकि एनसीसीएफ के क्रय केंद्रों में अब तक धान खरीद का खाता तक नहीं खुला है। खाद्य विभाग को आने वालों दिनों में क्रय केंद्रों में और अधिक धान खरीद होने की उम्मीद है।

जनपद में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो गई है। इसके लिए जनपद में 214 धान क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केंद्र शामिल हैं। अब तक जिले में 4662.20 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। इसमें खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों में 1874.60 क्विंटल और यूसीएफ के क्रय केंद्रों में 2787.60 क्विंटल धान की खरीद हुई है। इस संबंध में खाद्य विभाग के डिप्टी आरएमओ कुमाऊं अशोक कुमार ने बताया कि अब तक जनपद में यह खरीद खाद्य विभाग और यूसीएफ के किच्छा मंडी, बगवाड़ा और खटीमा में खुले क्रय केंद्रों में हुई है। धान की यह खरीद 64 किसानों से हुई है। उन्होंने बताया कि एनसीसीएफ के क्रय केंद्रों में अभी तक धान की खरीद शून्य हुई है।

### साइबर अटैक का असर किसानों के भुगतान पर भी

**रुद्रपुर :** खाद्य विभाग के डिप्टी आरएमओ कुमाऊं ने बताया कि विगत दिनों उत्तराखंड में साइबर अटैक की घटना से पूरा आईटी सिस्टम लड़खड़ा गया था। सर्वर डाउन होने से कई काम प्रभावित हुए थे। इसका असर धान खरीद के भुगतान पर भी पड़ा। धान खरीद नीति के अनुसार 72 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान पहुंच जाना चाहिए था, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते कई किसानों के खातों में भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### अब तक 300 से अधिक कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण

**रुद्रपुर :** ऊधमसिंह नगर जनपद में धान खरीद शुरू हुए दो सप्ताह से अधिक दिन बीत चुके हैं। अभी तक कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। अभी तक खाद्य विभाग 300 से अधिक कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण कर चुका है। जबकि जसपुर क्षेत्र के कच्चा आढ़तियों के कागजातों की जांच के साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। जनपद में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो गई है। वहीं किसानों से धान खरीदने के लिए खाद्य विभाग अभी तक कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाया है। इस संबंध में खाद्य विभाग के डिप्टी आरएमओ कुमाऊं अशोक कुमार ने बताया कि अब तक 300 से अधिक कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण हो चुके हैं। जसपुर के कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही सभी कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण हो चुके हैं उन्हें आईडी नंबर दे दिए गए हैं, ताकि वे किसानों से धान की खरीद कर सकें। किसानों को क्रय केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जा रही है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष जनपद में करीब 448 कच्चा आढ़तियों के पंजीकरण किये गये थे।

# भूमि पैमाइश के दौरान फिर हंगामा

## अतिक्रमण विवाद का मामला, राजस्व विभाग की टीम बैरंग लौटी, भाकियू ने दिया धरना

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** गांव पतरामपुर में बहुचर्चित अतिक्रमण विवाद के चलते पैमाइश के दौरान प्रशासन द्वारा पीड़ितों व भाकियू कार्यकर्ताओं की बात न माने जाने पर जबर्दस्त हंगामा हो गया। इसके कारण पैमाइश करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम बैरंग लौट गई। आक्रोशित पीड़ित लोगों व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



एसडीएम परिसर में धरने पर बैठे आक्रोशित पीड़ित व भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जसपुर तहसील क्षेत्र के गांव पतरामपुर में विगत वर्ष 29 मई को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रशासन द्वारा 28 लोगों के मकान व दुकान ध्वस्त किए गए थे। पीड़ित लोगों ने इसी मामले को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था। इस पर न्यायालय द्वारा 28 सितंबर को पुनर्निर्माण का आदेश दिया गया था। जिसमें खसरा नंबर 287 में पीड़ित लोगों का रकबा 0.026 हेक्टेयर बताया गया। जिसके आधार पर दो पीड़ित व्यक्तियों कुलदीप सिंह व गुरमीत सिंह ने 11 अक्टूबर को अपने मकान व दुकानों का पुनर्निर्माण करना शुरू किया था, लेकिन प्रशासन ने उसे रुकवा दिया था। विरोध होने पर प्रशासन ने विवादित भूमि की पुनः पैमाइश करने का निर्णय लिया था। सोमवार को तहसीलदार शुभंगानी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पैमाइश करने पहुंची। जैसे ही राजस्व विभाग की टीम ने विवादित स्थल की पैमाइश करने शुरू की तभी पीड़ित लोगों ने पैमाइश को गलत बताते हुए उसका विरोध शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने जबर्दस्त हंगामा किया।

हंगामे व नारेबाजी के चलते राजस्व विभाग की टीम को पैमाइश बीच में छोड़कर ही बैरंग लौटना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने एसडीएम के कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। उन्होंने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप। इस मौके पर भाकियू वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, दीदार सिंह दर्शन सिंह देओल शीतल सिंह जगजीत सिंह भुल्लर आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**खटीमा :** सितारगंज रोड पर पहेनियां चौराहे के पास बाइक सवार को तेजगति से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पहेनियां निवासी अनिकेत सिंह राणा (24) पुत्र गौतम सिंह राणा अपने एक साथी के साथ पहनियां चौराहे के पास बाइक लेकर खड़ा था। इसी के दौरान एक तेज गति से आ रहे वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को तत्काल नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने परिवार का इकलौता पुत्र था जबकि उसकी एक बड़ी बहन अनामिका है। खबर सुनते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। युवक एक मार्बल की दुकान में काम करता था।

### बार भवन में शोक सभा

**काशीपुर :** काशीपुर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य विनोद प्रकाश के आकस्मिक निधन पर बार भवन में एक शोक सभा आयोजित की गई। इसमें अधिवक्ता विनोद प्रकाश के निधन पर शोक जताया। साथ ही अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोकसभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, कामिनी श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, भुवन चंद्र हरबोला, प्रसून वर्मा, अरुण तिवारी आदि मौजूद रहे।

### युवक के साथ मारपीट

**बाजपुर :** बेवजह पति के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने पुलिस चौकी बरहैनी में तहरीर दी जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम शांति कॉलोनी निवासी सुमन पत्नी रोहित ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त की दोपहर बाद करीब तीन बजे उसका पति पड़ोस के ही कुछ युवकों के साथ रास्ते में बैठा हुआ था। आरोप है कि तभी अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे एक व्यक्ति ने दो युवकों से मारपीट शुरू कर दी। पति ने युवकों को छोड़ने की बात कही तो आरोपियों ने रोहित पर भी हमला कर दिया।

### डांस एकेडमी संचालक की मौत के बाद मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** बीते दिन सड़क हादसे में डांस एकेडमी के संचालक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जसपुर खुर्द निवासी राहुल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उसने बताया कि 12 अक्टूबर को उसका भाई संजू थापा अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर काशीपुर से जसपुर खुर्द की ओर जा रहा था। इस दौरान कुंडेश्वरी रोड पर एक अज्ञात कार चालक ने उसके भाई को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में घायल उसके भाई की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने भाई की तहरीर पर आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब की दुकान को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भूरारानी में शराब की दुकान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर एक बार फिर महिलाओं ने कलेक्टेट परिसर में प्रदर्शन किया और डीएम को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट प्रभारी डॉ. अमृता शर्मा को सौंपा। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने शराब की दुकान बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



कलेक्ट्रेट प्रभारी को ज्ञापन देतीं भूरारानी की महिलाएं। ● अमृत विचार

सोमवार को ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं ने कहा कि पिछले लंबे समय से भूरारानी के लोग ओमेक्स-मेट्रोपॉलिस मार्ग स्थित रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। काफी संघर्षों के बाद स्वीकृति मिली और अभी कार्य भी प्रारंभ नहीं हुआ है। सड़क मिली नहीं इससे पहले ही जिला प्रशासन ने उसी मार्ग पर शराब की दुकान खोलने की अनुमति प्रदान कर दी। इससे इलाके के लोग आक्रोशित हैं।

उन्होंने कहा कि शराब की दुकान खुलने से इलाके में अराजकता का माहौल पैदा हो जाएगा। कारण उस मार्ग पर दिन रात लोगों की आवाजाही होती है। इसके चलते महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि शराब की दुकान खुली तो उग्र आंदोलन होगा। इस अवसर पर गीता देवी, सरिता देवी, जयवती देवी, सुनीता देवी, सुप्रिया देवी, जमुना देवी, राधा रानी, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहीं।

अमृत विचार की खबरें
www.amritvichar.com
पर भी पढ़ें



खटीमा में कारखाना पर प्रबंधन से वार्ता करते विधायक भुवन कापड़ी और ठेकेदार।

# भुगतान नहीं होने पर किया कारखाना प्रबंधन का घेराव

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** ठेकेदारों ने खटीमा के एक कारखाने पर छह करोड़ का बकाया न देने का आरोप लगाया है। ठेकेदारों ने विधायक भुवन कापड़ी के नेतृत्व में फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता कर ठेकेदारों का बकाया देने की मांग की।

सोमवार को स्थानीय ठेकेदार विधायक भुवन कापड़ी के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक कापड़ी को अवगत कराया कि खटीमा के एक कारखाने पर 13 अक्टूबर 2023 तक का 11 ठेकेदारों का लगभग छह करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। ठेकेदारों ने कहा कि उन्होंने फैक्ट्री को भूसी व पेपर सप्लाई किया था। दो पार्टनरों के बीच हुए विवाद के बाद उनका बकाया भुगतान अधर में लटका हुआ है। जबकि 14 अक्टूबर 2023 के बाद का भुगतान ठेकेदारों को कर दिया गया है। ठेकेदारों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक भुवन कापड़ी व ठेकेदार फैक्ट्री पहुंचे। जहां विधायक कापड़ी ने फैक्ट्री प्रबंधन से ठेकेदारों के बकाया भुगतान को शीघ्र देने को लेकर वार्ता की। फैक्ट्री प्रबंधन ने विधायक कापड़ी व ठेकेदारों से उनके बकाया भुगतान को लेकर उच्चधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

## पुलिस आवास के लिए भूमि का निरीक्षण किया

**सितारगंज :** पुलिस आवास को भूमि चयनित करने के लिए सोमवार को डीएम उदयराज सिंह, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल समेत स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भूमि का निरीक्षण किया। सितारगंज कोतवाली के सामने तहसील गेट पर पुलिसकर्मियों के आवास बन रहे थे। एसडीएम व तहसील के नए कार्यालय भवन के सामने पुलिस आवास बनाने पर आपत्ति के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया था।

तय हुआ था कि पुलिस आवासों के लिए राजस्व विभाग अन्यत्र भूमि देगा। पिछले दो माह से भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण आवास निर्माण रुका हुआ था। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पुलिस आवास के लिए भूमि चयन में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। सोमवार को डीएम व एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग के अफसर सितारगंज पहुंचे। उन्होंने सितारगंज शहर में राजस्व विभाग के चार स्थानों पर भूमि का निरीक्षण किया। डीएम व एसएसपी ने कहा कि अफसर सहमति बनाकर मंगलवार तक प्रस्ताव उनके पास भेजेंगे।

HINDUJA HOUSING FINANCE

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम-पंकज सिंह चौधरी-7081828333, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- जनेश्वर प्रसाद-9917778324

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो किएन पीए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशि 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई-नीलामी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख / बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुखदेव सिंह और श्रीमती मनप्रीत कौर, दोनोंः सलमट्टा बिदौरा, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/HDW/KTMA/A000000070 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-09-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 19,60,062/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खाता नं. 80, एनए, ग्राम- सलमत्ता, देवकुली सलमत्ता, नानकमत्ता, गुरुद्वारा दीप सिंह, सितारगंज, उत्तराखंड-262405 प्लॉट क्षेत्रफल = 2400 वर्ग फुट, चौहद्दीः उत्तर में = दिलेर सिंह (विक्रेता) की भूमि, दक्षिण में = 15 फीट 12 फीट सड़क, पूरब में = 20 फीट रोड, पश्चिम में = अमरीक सिंह का मकान |
| 2 | श्री गोपाल सिंह, देवकली सलमाता और श्रीमती कुलविंदर कौर, सभीः देवकली सलमाता, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262405 खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000174 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-09-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 17,35,467/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खाता सं. 146, एनए ग्राम- सलमाटा, देवकुली सलमाटा, नानकमत्ता, दीप सिंह गुरुद्वारा, सितारगंज, उत्तराखंड-262405, प्लॉट क्षेत्रफल =2400 वर्ग फीट, चौहद्दीः उत्तर में = अन्य की संपत्ति, दक्षिण में = 20 फीट रोड, पूरब में = सतनाम सिंह की संपत्ति, पश्चिम में = कृपाल सिंह की संपत्ति |
| 3 | श्री जोगा सिंह और श्रीमती मंजीत कौर, दोनोंः देवकाली थाना नानकमत्ता, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 262311 खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000175 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-09-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 16,34,956/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खाता सं. 154, एनए, देवकाली, सलमाटा, नानकमत्ता, गुरुद्वारा दीप सिंह, सितारगंज, उत्तराखंड-262311 प्लॉट एरिया =2400 वर्ग फीट, चौहद्दीः उत्तर में = 12 फीट चौड़ी सड़क और आवेदक की संपत्ति, दक्षिण में = जमना प्रसाद की संपत्ति, पूरब में = 10 फीट आंतरिक सड़क, सतनाम सिंह, पश्चिम में = आत्मा का प्लॉट |
| 4 | श्री प्रेम सिंह और श्रीमती सीमा कौर, दोनोंः धौरादम नाजिमाबाद, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत - 263148 खाता नं. UP/HDW/KTMA/A000000114 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-09-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 8,90,633/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खाता संख्या 71, एनए, ग्राम खेमपुर, धुसरा रोड, पचपेरा, नानकमत्ता, यू.एस. नगर, बालिका कुलम पब्लिक स्कूल, सितारगंज, उत्तराखंड-262405 प्लॉट एरिया =1200 वर्ग फीट, चौहद्दीः उत्तर में = दलजीत सिंह का मकान, दक्षिण में = बरीत सिंह का मकान, पूरब में - 15 फीट रोड, पश्चिम में = बलवंत सिंह की संपत्ति |
| 5 | श्री रेहान अहमद डीएच और श्रीमती बानो बेगम, दोनोंः वार्ड नं. 5 खेड़ा कॉलोनी रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 खाता नं. UP/HDW/HDWN/A000000390 & UP/HDW/HDWN/A000000509 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-08-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 16,32,248/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | 1, खसरा नं. 226 मि, प्लॉट नं. 54, गाँव- भमरौला, रुद्रपुर ग्रीन्स, रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, प्लॉट एरिया -900, उत्तर में = 9मी. रोड, दक्षिण में = प्लॉट नं. 45, पूरब में - 1 प्लॉट नं. 55, पश्चिम में - प्लॉट नं. 53 |
| 6 | श्री शमशाद अहमद और श्रीमती निदा परवीन, दोनोंः वार्ड नं. 14 इंद्रा नगर पप्पू का बगीचा गौजाजाली हलद्वानी, हलद्वानी, सेमीअर्बन, हलद्वानी, उत्तराखंड, भारत - 263139 खाता नं. UP/HDW/STGJ/A000000114 & UP/HDW/HDWN/A000000532 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-08-2024 | मांग सूचना की तारीख 18-09-2024 बकाया राशि ₹ 14,67,907/- दिनांक 28-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | 1, खसरा नं. 155/1, कुँवरपुर चौराहा, ग्राम-देवता तल्ला, गौलापार, हलद्वानी, उत्तराखंड 263139, कुँवरपुर चौराहा, ग्राम-देवता तल्ला, गौलापार, हलद्वानी, उत्तराखंड 263139, प्लॉट क्षेत्रफल - 1000, चौहद्दीः उत्तर में = अन्य की संपत्ति, दक्षिण में = सविता अग्रवाल की संपत्ति, पूरब में - शमशाद का मकान, पश्चिम में = सड़क |
| 7 | श्री संजीव चौहान और श्रीमती वर्षा चौहान, दोनोंः वार्ड नं. 6 मोहल्ला टांडा उज्जैन कवि नगर काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713 खाता नं. UP/HDW/KSHP/A000000182 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 06-08-2024 | मांग सूचना की तारीख 05-10-2024 बकाया राशि ₹ 33,02,754/- दिनांक 14-09-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा सं. 1606 न्यूनतम, एनए, भव्य धाम कॉलोनी, वार्ड नं. 11, कवि नगर, ग्राम- सरवरखेड़ा, भव्य धाम कॉलोनी, काशीपुर, उत्तराखंड-244713, चौहद्दीः उत्तर में - भूपेंद्र सिंह की संपत्ति, दक्षिण में - अन्य की संपत्ति, पूरब में - अन्य की संपत्ति, पश्चिम में - 20 फीट रोड |
| 8 | श्री अर्जुन सिंह और श्रीमती काजल कुमारी, दोनोंः मानपुर दत्तराम, मोरादाबाद, मंदिर, ग्रामीण, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत - 244601 खाता नं. UP/UDA/JSHP/A000000015 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथिः 05-07-2024 | मांग सूचना की तारीख 05-10-2024 बकाया राशि ₹ 11,10,694/- दिनांक 04-10-2024 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि | खसरा नं. 127 मिन, एनए, पांडे कॉलोनी, ग्राम गोपीपुरा, यू.एस. नगर, हेमपुर डिपो, काशीपुर, उत्तराखंड-244713, चौहद्दीः उत्तर में - खुला प्लॉट, दक्षिण में - 20 फीट रोड, ई-विक्रेता (शबाना) का खुला प्लॉट, पश्चिम में - विक्रेता (शबाना) का खुला प्लॉट |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांक : 14-10-2024, स्थान : हल्द्वानी

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## एक नजर

### काशीपुर में बाइक फिसलने से युवक घायल

**काशीपुर :** बाइक फिसलने से युवक घायल हो गया। सोमवार की सुबह आरके पुरम कॉलोनी निवासी रोहित बाइक पर सवार होकर शहर की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे अनियंत्रित होकर उसकी बाइक फिसल गई। इससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

### सिडकुल से किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**पंतनगर :** राजकीय उद्यान फार्म सिडकुल निवासी चंद्रकला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की शाम लगभग पांच बजे उसकी पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई, जो अब तक घर वापस नहीं आई है। उसने घर के आस-पास व करीबी रिश्तेदारों के पास काफी खोजबीन की लेकिन पुत्री का कहीं पता नहीं लगा। बताया कि उसकी पुत्री का दिमाग कमजोर है। एसएचओ सुंदरम शर्मा ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

### आम की अवैध लकड़ी से भरा ट्रक सीज

**पंतनगर :** बीते रविवार की रात लगभग 11.30 बजे डॉली रेंज के तहत पिपलिया बैरियर पर वाहनों की चेकिंग के दौरान वन कर्मियों ने ट्रक संख्या यूपी 25/सीटी 3905 में अवैध और प्रतिबंध आम के गिल्टे पकड़े। अधिकारियों के निर्देश पर ट्रक को सीज कर डॉली रेंज परिसर लालकुआं में खड़ा करवा दिया गया है। लकड़ी तस्करों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गर्म पानी से भरा भगौना गिरने से युवक झुलसा

**काशीपुर :** गर्म पानी गिरने से एक युवक झुलस गया। सोमवार की सुबह मोहल्ला किला निवासी गगन रसोई में गर्म पानी का भगौना उतार रहा था। अचानक हाथ फिसलने पर गर्म पानी उसके ऊपर गिरने के कारण वह झुलस गया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है।

### सट्टेबाज किया गिरफ्तार

**बाजपुर :** सट्टे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को केलाखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। केलाखेड़ा थाने में तैनात उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह अधिकारी को लंकुरा रोड पुलिया के पास सट्टे की खाईबाड़ी होने की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा जिसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड-9 शास्त्रीनगर केलाखेड़ा निवासी फय्यूम उर्फ फईम बताया। उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन व 1220 रुपये बरामद हुए हैं।

# प्रीपेड मीटर के विरोध में किच्छा की सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब

## कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने निकाला जुलूस, चेतावनी दी- कार्रवाई नहीं हुई तो किच्छा बंद व राजमार्ग पर चक्का जाम

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने विशाल जुलूस निकालते हुए प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध किया। जुलूस निकालने के बाद लोग रुद्रपुर मार्ग स्थित विद्युत कार्यालय पहुंचे। जहां विधायक बेहड़ ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर प्रीपेड मीटर को लेकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी कीमत पर भी किच्छा विधानसभा में प्रीपेड मीटर को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और बाजार बंद कर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर आंदोलन तेज किया जाएगा।

सोमवार को कांग्रेस विधायक बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसियों ने सभा कर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। रोडवेज बस स्टैंड से विधायक बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक, दीनदयाल चौक, रुद्रपुर मार्ग होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे। विद्युत कार्यालय पर आयोजित विशाल सभा को संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि भाजपा सरकार के जन विरोधी निर्णय के कारण किसान, व्यापारी तथा आम गरीब आदमी परेशान हैं, पहले मोबाइल फोन रिचार्ज होते थे लेकिन अब भाजपा सरकार प्रदेश में प्रीपेड मीटर लगाने की योजना बना रही है, जिससे आम गरीब आदमी के घरों में अंधेरा हो जाएगा। कहा कि कई प्रदेशों में बिजली सस्ती हो रही है तथा सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन ऊर्जा प्रदेश उत्तराखंड में बिजली बिल के नाम पर आम जनता को लूटा जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बेहड़ ने कहा कि विगत दिवस उनके द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने प्रीपेड मीटर न लगाने तथा ग्राम खुरपिया में इंटर कॉलेज बनाने की मांग रखी गई थी लेकिन सीएम धामी ने मौन धारण कर लिया। अब उत्तराखंड में भी अडानी और अंबानी आ गए हैं? कहा कि प्रदेश में 100-150 करोड़ के बिजली के काम भी अडानी अंबानी को दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेसी नेता बंटी पपनेजा ने किया।



किच्छा में प्रीपेड मीटर के विरोध में जुलूस निकालते विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में लोग। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सरवर यार खान, प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, कांग्रेस नगर महामंत्री नितिन शर्मा, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर, जगरूप सिंह गोल्डी, गौरव बेहड़, बंटी पपनेजा, नजाकत खान, मोहम्मद आरिफ, ओमप्रकाश दुआ, दिलीप सिंह बिष्ट, छोटेलाल कोहली, इंतजार मलिक, फजील खान, अक्षय बावा, दीप हंसपाल, धर्मेंद्र सिंधी, मिस्वाल कुरेशी आदि मौजूद रहे।

### साढ़े 12 एकड़ भूमि से छेड़छाड़ हुई तो जल उठेगी तराई

**किच्छा :** विधायक बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जमीनों को खुर्द-बुर्द करने के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की घोषणा को हास्यापद बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर साढ़े 12 एकड़ भूमि के साथ छेड़छाड़ की गई तो तराई जल उठेगी। कहा कि जमीनों को खुर्द बुर्द करने का काम भाजपाइयों द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

### पूर्व विधायक कर रहे जनता को गुमराह

**किच्छा :** विगत दिवस नगर के इंदिरा गांधी खेल मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह को लेकर पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए विधायक बेहड़ ने कहा कि जमीन के पट्टे एवं मकान का लालच देकर कार्यक्रम में भीड़ जुटाने का काम किया गया, लेकिन किसी भी गरीब आदमी को कुछ नहीं मिला।

### भाकियू ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**बाजपुर :** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (एकता उग्राहां) के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। सोमवार को यूनियन से जुड़े कुछ किसान जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए एसडीएम दफ्तर पहुंचे और उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का आदेश पारित किया है। यह योजना उत्तराखंड के लोगों के हितों के अनुरूप नहीं है जिसके चलते है लोग इसका विरोध कर रहे हैं। जनभावनाओं को देखते हुए ऐसे आदेशों को वापस लिया जाना चाहिए। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जनकवि बल्ली सिंह चीमा, महेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, निर्मल सिंह, देविंदर सिंह, पाल सिंह, जोगेंदर सिंह, रणधीर सिंह, पलविंदर सिंह, दिलशेर सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

# शादी की दावत में पका डाला प्रतिबंधित गोमांस

- दबिश देकर 66 किग्रा प्रतिबंधित मांस बरामद
- पशु चिकित्साधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के पहाड़गंज में एक शादी की पार्टी में प्रतिबंधित गोमांस पकाने का मामला सामने आया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कच्चा व अधपका मांस बरामद कर वीडियोग्राफी भी की है। वहीं पशु चिकित्साधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

13 अक्टूबर को दरोगा प्रवीण सिंह रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि पहाड़गंज मस्जिद वाली गली स्थित अजगर अली के घर पर शादी समारोह की दावत चल रही है। जिसमें भैंस के मांस सहित प्रतिबंधित गोमांस भी तैयार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी तो पाया कि भट्टी बनाकर पतीले में प्रतिबंधित मांस रखा हुआ है और कुछ भगौने में मांस भी पक रहा था। जिसको खाने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्रित थी।

जब इस संबंध में जानकारी मांगी तो जानकारी देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने पशु चिकित्साधिकारी देवेंद्र कुमार को मौके पर बुलाया और बरामद मांस की जांच करवाई। इसके आधार पर पुलिस ने 66 किग्रा प्रतिबंधित गोमांस भी बरामद किया। साथ ही पशु चिकित्साधिकारी देवेंद्र सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि असगर अली की दो बेटियों की शादी थी और मांस को बरेली इलाके से लाया गया है। पशु विभाग ने मांस के सैंपल जांच को भेज दिए हैं।

## मलसी में युवती ने की आत्महत्या

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** ग्राम मलसी में युवती द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि पिछले कुछ दिनों से युवती मानसिक अवसाद से गुजर रही थी। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवती की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

कोतवाली इलाके के गांव मलसी निवासी हाजी एजाज अहमद अपने परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम जब काफी देर तक उनकी 18 वर्षीय बेटी इफ्तिदा कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने कमरे में देखा तो युवती फंदे पर लटकी हुई है। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसी भी घटनास्थल की दौड़ पड़े और आनन-फानन में युवती को एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।

# थानाध्यक्ष के खिलाफ भड़का बंगाली समाज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी के बाद अब थानाध्यक्ष दिनेशपुर की दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप था कि दशहरा मेला के दौरान थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के नाम पर लाठीचार्ज किया और सैकड़ों वाहनों का चालान भी काट दिया। जब इसका विरोध किया तो थानाध्यक्ष ने बंगाली समाज के परिवार पर मुकदमा दर्ज कर प्रदर्शन कर रहे लोगों से भी अभद्रता की। उन्होंने एसएसपी से तत्काल कार्रवाई की मांग की। वहीं एसपी सिटी मनोज कत्याल ने धरना स्थल पर पहुंचकर बंगाली समाज की समस्या को सुना।

सोमवार को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के साथ बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग पुलिस कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस कर्मियों के विरोध के बाद भी धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि दशहरा मेले के दिन दिनेशपुर में देर रात्रि थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान शुरू कर दिया और 250 से अधिक बाइक स्वामियों के नगद चालान काट दिए। एक बंगाली समुदाय के परिवार पर मुकदमा दर्ज कर पीटा भी गया।

जब स्थानीय प्रतिनिधि प्रदर्शन करने आए तो हाथापाई भी की गई। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से शीघ्र थानाध्यक्ष सहित दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल हटाने, दर्ज मुकदमा वापस करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बंगाली एकता मंच के बैनर तले पंचायत बुलाकर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर तारक बछाड़, विजय, प्रसनजीत शाह, दिव्येंदु, सुब्रत तरफदार, परवीन सरकार, तापस विश्वास, श्रीनिवास मंडल, किशोर हालदार, रोहित मंडल, राजू गायन, संजय शाह, असित मंडल, अविनाश मंडल, किशोर हालदार, सुभाष व्यापारी, चंद्रशेखर गांगुली आदि मौजूद रहे।



धरना दे रहे लोगों से वार्ता करते एसपी सिटी मनोज कत्याल। ● अमृत विचार

# फर्जी आधार कार्ड को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीलीभीत इलाके से ट्रांजिट कैंप आकर आधार कार्ड बनाये जाने का मामला सामने आया है। बताया कि विशेष समुदाय के लोग आधार कार्ड बनवाकर बसने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें उसी समुदाय का व्यक्ति फर्जी आधार कार्ड बना रहा है। हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन करने के बाद पुलिस को तहरीर दी है।

सोमवार को देवभूमि रक्षा मंच के नगर अध्यक्ष राजा भारद्वाज को सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप के नेता सुभाष पार्क के समीप रफी आधार सेवा केंद्र पर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मंच के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका आरोप था कि पीलीभीत (यूपी) से बड़ी संख्या में विशेष समुदाय के लोग ट्रांजिट कैंप आकर आधार कार्ड बना रहे हैं और आधार कार्ड के आधार पर यहां बसने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ तो रुद्रपुर में अराजकता का माहौल पैदा हो जाएगा। आगाह किया कि यदि जल्द ही पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो मंच उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर जोगिंदर सिंह, पंकज कुमार, सुमित गुप्ता, डीके गंगवार, कैलाश राठौर, अनूप दत्ता, सुल्तान सिंह आदि मौजूद रहे।



ट्रांजिट कैंप थाने में प्रदर्शन करते देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। विवाहिता ने आरोपियों पर दो लाख रुपये व कार की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

काशीपुर के खड़कपुर देवीपुरा निवासी प्रीति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 मई 2021 को उसका विवाह सिविल लाइन, मुरादाबाद निवासी रविंद्र के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति रविंद्र, ससुर तेजपाल, जेठ जितेन्द्र, जेठानी सुंदरी व लक्ष्मी ने दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि पति व अन्य ससुराली पीड़िता से दो लाख रुपये व एक कार की मांग कर उसके साथ मारपीट करने लगे। वहीं बीती आठ अप्रैल 2024 दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर पीड़िता को घर से निकाल दिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग को गोली मारने का आरोपी धरा

**किच्छा:** एक सप्ताह पूर्व नाबालिग को जान से मारने की नीयत से गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने तमंचे के साथ दबोच लिया है।

विगत 7 अक्टूबर को थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में घर के आंगन में बच्चों के साथ खेल रही नाबालिग को युवक ने घर में घुसकर तमंचे से गोली मार दी थी। बीच बचाव के दौरान नाबालिग के हाथ में गोली लग गई थी। पुलिस ने वार्ड नंबर 19, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी रिहान उर्फ जेरीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी रिहान को बाइक सहित बहेड़ी से सिरौली कला आते हुए भंगा मार्ग पर दबोच लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 12 बोर के तमंचे तथा एक कारतूस को बरामद कर लिया है।



माइनिंग टीम के विरोध में प्रदर्शन करते खनन कारोबार से जुड़े ट्रांसपोर्टर।

# माइनिंग टीम के उत्पीड़न से भड़क उठे ट्रांसपोर्टर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** माइनिंग टीम के उत्पीड़न से आक्रोशित खनन कारोबार से जुड़े स्थानीय ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा की अगुवाई में बैठक की। बैठक में गहन विचार विमर्श के पश्चात माइनिंग के विरोध में 17 अक्टूबर को बाजपुर में जोरदार प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया। किंदा ने कहा कि प्राइवेट माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों के उत्पीड़न से ट्रांसपोर्टर बेहद परेशान हैं। प्राइवेट माइनिंग के विरोध में 17 अक्टूबर को बाजपुर में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया जाएगा, यदि उसके बाद भी सरकार नहीं जागी तो उग्र जनांदोलन होगा। इस मौके पर मंगा सिंह, रोहित कुमार, संजीव चौहान, चरनजीत सिंह, पवन भल्ला, कमल सैनी, कुवरपाल सिंह, हरदीप सिंह, मोहित अरोरा, पिंदर देओल, विक्रम सिंह, फरियाद आदि मौजूद रहे। वहीं बैठक के पश्चात ट्रांसपोर्टरों ने विरोध स्वरूप प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

खनन कारोबार से जुड़े युवक के साथ बन्नाखेड़ा क्षेत्र में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने पीड़ित फौजी कालोनी निवासी अमित कुमार की तहरीर में दो नामजद व 6 अन्य माइनिंग कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अमित के अनुसार रविवार की सुबह वह अपनी कार से दोस्त हरदीप सिंह के साथ बरहैनी से अपने घर जा रहा था। इसी बीच बरहैनी-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर एक स्टोन क्रशर के पास माइनिंग कंपनी के कर्मचारियों ने पीछे से कार ठोक दी और इसके बाद तीन बार जानबूझकर हमारी कार में अपनी कार मारी। इतना ही नहीं रितिक चौधरी, वीरेंद्र सिंह और 6 लोग माइनिंग कार से उतरकर आ गए जिन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और एक फोन छीनकर ले गए। जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# 15 लाख की चोरी करने वाले बरेली के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर इलाके की कलेक्ट्रेट कॉलोनी में हुई 15 लाख की चोरी का पर्दाफाश करते हुए सिडकुल पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि 12 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट कॉलोनी थाना पंतनगर निवासी अरविंद सिंह ने घर में लाखों के जेवरात चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे व सुरागरसी के आधार पर 24 घंटे के अंदर ही ग्राम खाता देवरनिया बरेली यूपी निवासी सुनील कुमार और भवानी प्रसाद उर्फ बंटी को सिडकुल चौकी इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए जेवरात की शत-प्रतिशत रिकवरी भी पुलिस ने कर ली है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की है।



चोरी के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## घर में रंगाई-पुताई के बहाने की थी रेकी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 13 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट कॉलोनी निवासी सिडकुल कर्मी के घर दोनों चोर पुताई करने वाला बनकर आए। पुताई के दौरान ही लाखों की चोरी की योजना बना डाली, लेकिन जरा सी चूक होने के कारण आखिरकार वह पकड़े भी गए।

थानाध्यक्ष पंतनगर सुदरम शर्मा ने बताया कि 11 अक्टूबर को देवरनिया बरेली निवासी सुनील कुमार और भवानी प्रसाद उर्फ बंटी सिडकुल कर्मी अरविंद सिंह के घर पर रंगाई-पुताई का कार्य करने आए थे। 12 अक्टूबर को जब मकान स्वामी की पत्नी ने जेवरात से भरा डिब्बा देखा तो वह गायब था। जब पुताई करने वाले सुनील व भवानी से पूछा तो वह सकपकाने लगे और 13 अक्टूबर को काम पर भी नहीं आए। बताया कि जब पकड़े गए भवानी का आपराधिक इतिहास निकाला तो पता चला कि उसके खिलाफ वर्ष 2020 में थाना पुलभट्टा में हत्या सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुताई की आड़ में चोरी भी करते हैं। आरोपियों ने बताया कि पुताई के दौरान जब उन्हें जेवरात के डिब्बे के बारे में पता चला।

### सीसीटीवी में कैद हो चुके थे आरोपी

सिडकुल कर्मी के घर पर पुताई का काम करने वाले सुनील व भवानी यह भूल चुके थे कि घर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चोरी की घटना के बाद जानबूझकर दोनों काम पर आए और अचानक जब गृह स्वामिनी की ध्यान जेवरात के डिब्बों पर पड़ा तो दोनों ने चोरी किए जाने से इंकार कर दिया। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरों ने हकीकत बयां कर दी। पकड़े जाने के डर से आरोपी बरेली फरार हो गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह-माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक-तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ द्वारा तैयार किया गया है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग करती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

# किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत



प्रो. जगदीशवर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों -मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया ? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

> इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र है, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रूप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ़्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फ़ुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।


फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

## प्रसंगवश

# भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना



डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन



सीमा अग्रवाल
देहरादून

> ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

## सोशल फोरम

# जीवन यापन की व्यवस्था



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है।

मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो ! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# भाषा-बोली के बारे में



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए- यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।

# सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।

## सार-संक्षेप


एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह का स्वागत करते दर्जामंत्री बलराज पासी।

### एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह का स्वागत किया

**बाजपुर :** जीनियस ग्लोबल अकादमी बाजपुर में नियुक्त एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह ने आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, कैंपटी, नागपुर से एसोसिएट एनसीसी आफिसर का तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आफिसर बनकर लौटे अर्शदीप का जीनियस ग्लोबल अकादमी पहुंचने पर दर्जा राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद बलराज पासी व विद्यालय परिवार ने सोमवार को स्वागत कर बधाई दी। बताया गया कि लेफ्टिनेंट अर्शदीप ने प्रशिक्षण के दौरान देशभर से आए प्रशिक्षुओं के बीच उत्कृष्टता का परिचय देते हुए मैराथन रेस एवं पीटी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर रेखा पासी, प्रधानाचार्य योगेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### भीम और हिडिम्बा के विवाह का प्रसंग सुनाया


कथा सुनाते कथावाचक।

**खटीमा :** श्री राधा कृष्ण खाटू श्याम देवालय में पापाकुंशा एकादशी के पावन पर्व पर दो दिवसीय श्री खाटू श्याम कथा का शुभारंभ हुआ। मंदिर कमेटी सदस्यों द्वारा व्यास पूजन तथा कथा वाचक अमन मारवाड़ी ने स्कंद पुराण की कथा का वृतांत सुनाया। प्रथम दिन की कथा में सूर्यवत्ता को शाप और उसके निराकरण, गुप्त क्षेत्र महिसागर संगम की महिमा, लांक्षा ग्रह वृतांत, भीम हिडिम्बा विवाह, कामकंट कटा स्वयंवर, घटोत्कच मौरबी विवाह और बर्बरीक के जन्म आदि प्रसंग सुनाए। इस अवसर पर राहुल गोयल, नवीन अग्रवाल, सौरभ कुमार, सुनील अग्रवाल, विनय मित्तल, किशन, पंडित मुकुल भट्ट आदि शामिल थे।


गरबा डांडिया प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि।

### डांडिया प्रतियोगिता में सोनिया बोरा ने मारी बाजी

**बाजपुर :** प्रगति प्रेरणा समिति बाजपुर की ओर से सोमवार को आयोजित गरबा डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंची पुष्पा राजेश कुमार, पूनम पांडे, आभा तिलारा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर सोनिया बोरा, द्वितीय स्थान पर सपना, तीसरे स्थान पर नमनम और चौथे स्थान पर यामिनी बोरा रहीं। कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं का आयोजिका तान्या भटनागर, रेखा कालरा, स्तुति गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। संचालन तारा भट्ट ने किया।


गोष्ठी के दौरान किसानों को जानकारी देते गन्ना किसान संस्थान के अधिकारी।

### गन्ना किसान संस्थान ने दी उन्नत फसल की जानकारी

**काशीपुर :** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण ने ग्राम पूरनपुर, रतनपुर के किसानों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में किसानों को उनकी फसल की अच्छी पैदावार को लेकर जरूरी जानकारी दी गई। सोमवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने कहा कि किसानों को अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। बताया कि जांच करने पर पता चलेगा कि हमारी भूमि में कौन से तत्व की कमी है। जिसकी पूर्ति करने से जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। वहीं गोष्ठी में पहुंचे वैज्ञानिकों ने गन्ने में आने वाली विभिन्न बीमारियों व उसकी रोकथाम के लिए किसानों को दवाइयों के विषय में जानकारी दी। इस गोष्ठी में प्रमोद कुमार, सिद्धार्थ कश्यप, कुलवंत सिंह, सुखविंदर सिंह, स्वर्ण सिंह, महेंद्र दिगाड़ी आदि मौजूद रहे।

### अलक्ष्या स्कूल की तनीषा ने जीता गोल्ड



**खटीमा :** सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप बाजपुर के मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में 9 से 13 तक आयोजित की गई। अंडर 17 के 49 किग्रा भार वर्ग के बालिका वर्ग में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल की छात्रा तनीषा बोहरा ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इससे पूर्व तनीषा ने सीबीएसई क्लस्टर की 19वीं चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल कर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया था। तनीषा की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उप प्रधानाचार्य विनोद चंद, कोच हरि सिंह देव, दीपक भट्ट, संदीप कुशवाहा, रंजना चंद आदि ने बधाई दी है।

# संस्कारवान बनने के लिए श्रीराम के आदर्श अपनाना जरूरी

## किच्छा के पूर्व विधायक तिलक राज बेहड़ ने किया लोगों से आह्वान, दिनेशपुर में प्रभु श्रीराम के राजतिलक के साथ रामलीला का समापन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** रामलीला कमेटी के तत्वावधान में कलाकारों ने प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक करने के साथ मंचन का विधिवत समापन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि रामलीला संस्कृति की संवाहक है। आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रभु श्रीराम के आदर्श से प्रेरणा हासिल करनी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से समाज में पनप रही बुराइयों का नाश हो जाता है। निर्देशक अशोक चावला, सहनिर्देशक शिवम शर्मा व दीपक चावला के निर्देशन पर प्रभु श्री राम का राजतिलक के साथ लीला का विधिवत समापन किया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी ने अतिथियों व कलाकारों का राम नाम का पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया। कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार व डीसीबी पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड़ को राम नाम का पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष योगेश मिगलानी व संचालन कमेटी संरक्षक केके गावा व मांगेराम शर्मा ने किया।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, सहअध्यक्ष अशोक कालड़ा, सतीश राजपाल व विकास अरोरा, पूर्व अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह, अशोक अरोरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक मक्कड़, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी व भोला शर्मा, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह, विजयनगर प्रधान चौधरी इंद्रपाल सिंह, महोदयचेतन सुखीजा, अनिल रौतेला, पवन शर्मा, विजय खुराना, गगन शर्मा, वरुण नारंग, हर्षित घीक, अमन कुमार गावा, राकेश बठला, अश्विनी शर्मा, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, सागर सिंह, विजय ढाली, सूरज राय आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में रामलीला के समापन पर मुख्य अतिथि किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ का स्वागत करते आयोजक।


बाजपुर में चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते लोग।

### रामलीला के कलाकारों को किया गया सम्मानित

**खटीमा, अमृत विचार :** श्री सनातन रामलीला पात्र परिषद के तत्वावधान में आयोजित रामलीला समाप्त होने के बाद सोमवार को पुरस्कार वितरण किया गया। पंडित संतोष शास्त्री ने पूजा अर्चना एवं मंत्र उच्चारण के साथ हवन यज्ञ में आहुति देकर महायज्ञ संपन्न करवाया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर संरक्षक रमेश चंद्र सिंघल, महामंत्री मनोज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रामचंद्र कश्यप, विशेष आमंत्रित सदस्य मनोज वाधवा, पूर्व अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, चिरंजीव बत्रा, अशोक रस्तोगी, विशाल अग्रवाल, रवि अरोड़ा आदि मौजूद रहे।


खटीमा में रामलीला समाप्त होने पर कलाकारों को सम्मानित करते आयोजक।

### श्रीराम के आदर्श जीवन में उतारने की जरूरत

**बाजपुर :** शुगर फैक्ट्री स्थित चीनी मिल में पिछले 11 दिनों से चल रही श्रीरामलीला का समापन हुआ। मंच का संचालन वीरसेन राठी ने किया। इस दौरान मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श मन में उतारने की जरूरत है। कलाकारों को रामलीला कमेटी की ओर से पुरस्कृत कर अभिनंदन किया गया। विगत तीन वर्षों से प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह के नेतृत्व में रामलीला का स्वरूप बदला गया है। अब शुद्ध रूप से रामलीला का मंचन किया जाता है, अन्य किसी प्रकार के गाने व नृत्य नहीं होते। रामलीला के आयोजन में रामलीला प्रभारी संदीप शुक्ला व इनकी टीम सराहना भी की गई। इस मौके पर सोमपाल सिंह, गेंदराज सिंह, विशेष शर्मा, अभय धीरज शर्मा, अमर पांडे, श्याम कार्तिक, उपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद थे।

### मझोला में दो दिवसीय विराट दशहरा मेले का समापन

**खटीमा :** मझोला में चल रहे दो दिवसीय विराट दशहरा मेले का विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पीलीभीत संजय सिंह ने भारत माता व श्री राम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मेहंदी, डांस, गीत, कविता पाठ तथा अन्य प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया। डीएम सिंह ने रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम में हुए सम्मान समारोह में डीएम सिंह को पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने सम्मानित किया। डीएम सिंह ने पूर्व चेयरमैन रामऔतार अग्रवाल को विभिन्न सामाजिक एवं विकास कार्य संपन्न कराने के एवज में मझोला गौरव के सम्मान देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही क्षितिज सक्सेना व बाल कवियत्री काव्या जैन व उनके माता-पिता को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित लकी ड्रा का प्रथम पुरस्कार रेफ्रिजरेटर भगचुरी निवासी बलवीर सिंह, द्वितीय एलईडी टीवी जावेद को मिला। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, मेला संयोजक चरणजीत सिंह, चंदन गोयल, अंकित सिंह, सतीश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रेम गोयल, नितिन गोयल, मुकेश मंगल आदि मौजूद थे।


मझोला में पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राम अवतार को सम्मानित करते डीएम पीलीभीत।

# रासलीला में फूलों की होली रही आकर्षण


माखन चोरी लीला की प्रस्तुति देते श्रीधाम वृंदावन के कलाकार।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** श्रीरामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीकृष्ण रासलीला का शुभारंभ रविवार की देर रात विधिवत पूजा-अर्चना व आरती करके किया गया। रासलीला में श्रीराधे-कृष्ण, ठाकुर जी व मयूर नृत्य, माखन चोरी एवं ब्रज की लट्ठमार, फूलों की होली ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीधाम वृंदावन से रासाचार्य स्वामी देवेंद्र कुमार शर्मा व गोकुल शर्मा (गोपी जी) के मार्गदर्शन में पहुंचे श्रीहरेकृष्ण रासलीला संस्थान के कलाकारों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया।

टीम के संचालक रासाचार्य गोकुल शर्मा के निर्देशन में हुई रासलीला में समिति अध्यक्ष सुबोध गुप्ता, महामंत्री ओपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजीव बंसल टिन्ना, कोषाध्यक्ष गजानंद मित्तल, धीरज सक्सेना, विमल शर्मा मौजूद रहे।

# चार दिवसीय दीपावली मेले की तैयारियां पूर्ण

**खटीमा :** भारत विकास परिषद की देखरेख में दिव्यांगों की सहायतार्थ भव्य दीपावली मेला आयोजित किया जा रहा है। चार दिवसीय मेला 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। भारत विकास परिषद अध्यक्ष सुनील रैदानी ने बताया कि कंजाबाग रोड स्थित तराई बीज विकास निगम के मैदान में आयोजित चार दिवसीय मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दीपावली मेले में बम्पर लकी ड्रा आयोजित होगा। मेले की आय दिव्यागों की सहायता के लिए खर्च होगी। सचिव नीरज रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, मेला चेयरमैन हरप्रीत सिंह महल ने बताया कि मेले में आकर्षक झांकियां, स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन, जादूगर, हवाई झूले, भव्य आतिशबाजी आदि कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विशाल गोयल, स्टॉल प्रभारी विवेक अग्रवाल बनाए गए हैं।

# आईएसआई और बीआईएस हॉलमार्क की दी गई जानकारी

▸▸ अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट और मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में संस्थान के यूजी विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस वृहद व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्थान की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीआईएस देहरादून के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा जारी आईएसआई और बीआईएस मार्क के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आजकल समाज में बहुत ज्यादा जालसाजी और धोखाधड़ी चल रही है। इसलिए सरकार ने यह दोनों लोगो जारी कर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया है। कोई भी बड़ा व्यापारी चाहे वह सर्राफा व्यापारी हो अथवा अन्य क्षेत्र का व्यापारी वह बिना हॉलमार्क के कोई भी समान नहीं बेच सकता यह दोनों ही हॉलमार्क इस बात का प्रमाण है कि यह चीज सरकार द्वारा प्रमाणित है। इसलिए हमें इसकी जानकारी होनी चाहिए। इससे पूर्व व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, दीपक कुमार पांडे, संस्थान के निदेशक डॉक्टर केवल कुमार, प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल एवं निदेशक प्रशासन पवन कुमार बख्शी ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने कहा कि ऐसे आयोजन एवं व्याख्यान जिससे विद्यार्थियों को लाभ हो सके ऐसे आयोजनो के लिए संस्थान की प्रबंध समिति लगातार प्रयासरत रहती है। वहां पर डीएसडब्ल्यू अंकुश शर्मा, डीन यूजी आनंद सिंह, डीन पीजी डॉक्टर मनीष कुमार अग्रवाल, लॉ रजिस्ट्रार डॉक्टर सुधीर कुमार दुबे, डॉक्टर अंजली अग्रवाल, डॉक्टर सचिन गुप्ता, अर्शी सिद्दीकी मौजूद रहे।


काशीपुर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

## रंगारंग

भारतीय संस्कृति की धरोहर है दुर्गा पूजा : व्यापारी, बाउल गान व बांग्ला अष्टोक गान एवं बांग्ला जात्रा की प्रस्तुति से समां बांधा

# दिनेशपुर में मंच पर उतरी बांग्ला संस्कृति, बच्चों ने नृत्य से बांधा समां

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बांग्ला लोक नाट्य (जात्रागान) के साथ बाहर से आए मेहमान कलाकारों की धूम रही। कलाकारों द्वारा बाउल गान व बांग्ला अष्टोक गान एवं बांग्ला जात्रा की प्रस्तुति से समां बांधे रखा। नन्हे- मुन्नों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति की दुर्गा पूजा धरोहर है। शारदीय दुर्गा मां की पूजा-अर्चना से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। इधर दुर्गा पूजा महोत्सव समिति दिनेशपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर की छात्राओं ने बांग्ला सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर धमाल मचाया।


सुभाष व्यापारी को सम्मानित करते त्रिनाथ विश्वास।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष विक्रम सरकार व संचालन महासचिव हरिपद मंडल ने किया। इस मौके पर जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, विधायक प्रतिनिधि सुकोमल मंडल, लिटिलचैंपियन स्कूल प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, डॉ आशीष तरफदार, प्रकाश स्वर्णकार, प्रदीप हालदार, शंभूनाथ विश्वास, दीनबंधु राय, किशोर हालदार, मृदुल हालदार आदि मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती लिटिल चैंपियन स्कूल मदनापुर की छात्राएं।

### दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**शक्तिफार्म :** टैगोर नगर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों द्वारा गीत संगीत नृत्य कार्यक्रम पेश किया जा रहा है। बांग्ला नाटक जात्रागान का आयोजन हो रहा है। उधर, दशहरे मेले में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। टैगोर नगर में सात दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव में प्रत्येक रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गीत प्रतियोगिता में दीपाक्षी साहा, प्रमिला भट्टाचार्य, रुपा दास, वर्तिक सरकार एवं नृत्य में रोशनी दास, पलक मंडल, रक्षा विश्वास, रोशनी ग्रुप ने फाइनल में प्रवेश किया।

### कालीपीठ मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**बाजपुर :** चकरपुर रोड सिंह कॉलोनी में नवनिर्मित मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम मंदिर में महाकाली के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन भी पूजा-पाठ की प्रक्रिया जारी रही। जिसमें सोमवार को राष्ट्रीय सनातन दक्षिणेश्वरी गौसेवा ट्रस्ट के संस्थापक महंत विकासनाथ महाराज (मुख्य महंत पीठाधीश्वर मां दक्षिणेयश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम) ने पुरातन सनातन परंपरानुसार मूर्तियों का विशेष रूप से पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात क्षेत्र के प्रख्यात पं.शिवकुमार शास्त्री व उनकी टीम में शामिल पं.गौरव मिश्रा, पं.हेमचंद्र उप्रेती, पं.नवीन मिश्रा व पं.गौरव रेखाड़ी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्तियों को जलाधिवास करवाया। 15 अक्टूबर को शिखर, कलश पूजन, फल पुष्पाधिवास, 16 को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा, मूर्ति महास्नान, वस्त्राधिकवास एवं 17 को प्राण-प्रतिष्ठा होगी।


बाजपुर, पूजा-अर्चना करवाते महंत विकास नाथ महाराज। ● अमृत विचार

# यमन व लक्ष्य शर्मा ने जीते स्वर्ण पदक


मदर इंडिया स्कूल में विजेता खिलाड़ियों के साथ विधायक अरविंद पांडेय व अन्य।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** मदर इंडिया पब्लिक स्कूल बाजपुर में हुई राष्ट्रस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के समापन हो गया है।

चैंपियनशिप में 28 राज्यों के जोंस-नार्थ 1 एवं 2, साउथ 1 एवं 2, ईस्ट, फारईस्ट वेस्ट, सेंट्रल के साथ ही सउदी अरब, ओमान, कतर आदि विदेशों में स्थित सीबीएसई स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 17 वर्षीय वर्ग में नार्थ जोन-1 में यमन शर्मा व लक्ष्य शर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। समापन समारोह की अध्यक्षता गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने की। विधायक अरविंद पांडेय के साथ ही विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार विज, रश्मि विज, गौरव विज, डौली विज, प्रधानाचार्य महेश चंद्र उनियाल, अनमोल विज, प्रियंका विज ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के इंचार्ज संदीप चौहान, किरन कुमार जोगी मौजूद रहे।

## एक नजर



सितारगंज में विज्ञान महोत्सव की विजेता छात्राएं। ● अमृत विचार

### विज्ञान महोत्सव में 125 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

**सितारगंज :** राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ जिलाध्यक्ष भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें ब्लॉक के 26 विद्यालयों के 125 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में खाद्य, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अर्शी बी प्रथम, आयुष राजभर द्वितीय, राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के जीत मंडल तृतीय रहे। ब्लॉक समन्वयक हरिशंकर याज्ञीक ने धन्यवाद व्यापित किया। कार्यक्रम में जगदीश राम, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार पाठक, विनोद कुमार, डॉ. जसविंदर कौर, दीपू जोशी, संतोष कुमार पंत आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने तीन लोगों को जुआ खेलते पकड़ा

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर ताश के पत्ते तथा 2230 रुपए की नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना अंतर्गत बंगाली कॉलोनी नहर के निकट सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिसकर्मी कुलदीप सिंह एवं उमेश सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेलते तीन लोगों को रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी बंगाली कॉलोनी, थाना किच्छा निवासी अनुकूल सरकार, वार्ड नंबर 2, आजाद नगर, किच्छा निवासी कृष्ण हलदार एवं ग्राम महतोष, थाना खजुरिया, जिला रामपुर निवासी राजकुमार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से ताश के 52 पत्ते तथा 2230 रुपए की नगदी बरामद कर ली। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### 45 ग्राम स्मैक के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को स्मैक की बिक्री करते दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 45 .27 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा हजारों रुपये की नगदी बरामद कर ली।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक मकान के बाहर कुछ लोगों की भीड़ लगी होने पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस टीम ने तीन महिलाओं एवं दो पुरुषों को कुछ दूरी पर पीछा कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम टीचर्स कॉलोनी, किच्छा निवासी डोरी लाल, राजेश कुमार, शकुंतला देवी, सुशीला देवी एवं सुमन बताया। तलाशी के दौरान सभी के पास से करीब 45 .27 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लोग छोटी-छोटी पुड़िया के माध्यम से स्मैक बेचने का काम करते हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अशोभनीय टिप्पणी पर भड़के उलेमा

## गाजियाबाद के डासना के पुजारी ने की टिप्पणी, राष्ट्रपति को पत्र भेजकर उठाए तीन सूत्रीय मुद्दे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गाजियाबाद डासना के एक पुजारी द्वारा पैगम्बर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किए जाने पर उत्तराखंड उलेमा काउंसिल भड़क गया है। इसके विरोध में उन्होंने कलेक्ट्रेट प्रभारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्रकार की टिप्पणी की रोकथाम को तीन सूत्रीय मुद्दे भी उठाए।

सोमवार को ज्ञापन सौंपते हुए काउंसिल के उलेमाओं ने बताया कि कुछ दिन पहले गाजियाबाद के डासना स्थित एक मंदिर के पुजारी ने समुदाय के पैगम्बर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। इससे देश-प्रदेश के समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। वहीं टिप्पणी को लेकर आक्रोश भी व्याप्त है।



कलेक्ट्रेट परिसर में नाराजगी जताते उलेमा काउंसिल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अक्सर धार्मिक टिप्पणी से आहत पहुंचाया जाता रहा है। ऐसे में इसकी रोकथाम के लिए भारत सरकार टिप्पणी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एनएसए की कार्रवाई करे। धार्मिक टिप्पणी प्रकरण में संसद में प्रस्ताव लाकर कठोर कानून बनाने और एक साल से गुजरात की जेल में बंद निर्दोषों को रिहा करने की मांग की। इस अवसर पर काउंसिल अध्यक्ष मौलाना जाहिद रजा रिजवी, शहर इमाम मुफ्ती दानिश मिस्बाही, सईदुर रहमान मिस्बाही, मुजीब मिस्बाही, दानिया मिया, मौलाना रियासत, मोहम्मद इमरान, हनीफ कादरी, युसुफ सैफी आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में पत्रकार वार्ता करते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## आज आयोजित होगा विराट कवि सम्मेलन

**काशीपुर:** महाराजा अग्रसेन जयंती पर श्री अग्रवाल सभा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले सम्मेलन का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा करेंगे।

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन के लिए पदाधिकारियों ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रवाल सभा समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने वीर रस कवि डॉ. हरिओम पंवार, हास्य व्यंग्य कवि अरुण जैमिनी, प्रसिद्ध गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना समेत अन्य कवि अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस दौरान कपिल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रचित अग्रवाल व दीपांशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# फरसा मारकर युवती को घायल करने वाला दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में युवती के सिर पर फरसा मारकर गंभीर रूप से घायल किए जाने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। उसे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बताया जा रहा है कि युवती की हालत नाजुक बनी हुई है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 13 अक्टूबर को सीमा निवासी आजाद नगर ने तहरीर देते हुए बताया था कि 12 अक्टूबर की रात्रि आठ बजे उसका परिचित रामनिवास घर पर आया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। जब गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपी ने नजदीक खड़ी उसकी छोटी बहन झुमरी के सिर पर फरसा मारकर लहूलुहान कर दिया और चीख पुकार की आवाज सुनकर लोग एकत्रित होने लगे तो आरोपी फरार हो गया।

आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया। युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देर शाम को ही थाना इलाके से गिरफ्तार कर हमले में प्रयुक्त फरसा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### शिविर में नशे से नुकसान की दी जानकारी

**खटीमा :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम की डॉ. शैलजा और निर्मला धामी ने निर्मला इंटर कॉलेज नौसर खटीमा में स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान और नशा किस प्रकार हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बताया। उन्होंने कहा कि देश का युवा वर्ग आज नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। इसका एक कारण है सहनशक्ति की कमी। युवा आजकल बहुत जल्दी अपना हौसला खो देते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि वे डिप्रेशन में चले जाते है और फिर वे नशे की गिरफ्त में फंस जाते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को हालात से लड़ना सिखाएं और उन्हें मजबूत बनाएं। दूसरा बड़ा कारण ये है कि आजकल नशा फैशन बनता चला जा रहा है। गलत संगत में पड़कर नशे को फैशन मान लेना युवा वर्ग की सबसे बड़ी कमजोरी है। दूसरों की देखा-देखी भी लोग नशा करने लग जाते हैं।

# बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता संपन्न

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पीएमश्री राजकीय अटल उत्कृष्ट थारु राजकीय इंटर कॉलेज, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में आयोजित विज्ञान महोत्सव में ब्लॉक के 23 विद्यालयों के 273 बच्चों तथा 37 शिक्षकों ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा के निर्देशन और प्रधानाचार्य आरके कटियार, प्राचार्य प्रमोद कुमार पाण्डेय की संयुक्त अध्यक्षता में कार्यक्रम के शुभारंभ हुआ। ब्लॉक विज्ञान समन्वयक निर्मल कुमार न्योलिया ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव का मुख्य विषय "सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी" रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन मजोज गुणवंत ने किया। जिसमें मीनू खेतवाल, महेंद्र धामी, विवेक जोशी, ज्ञान प्रकाश, अनिल राठोर, योगेंद्र सिंह, ममता चौहान, नवीन जोशी, नरेश जोशी, बबीता सिंह, दीपा विष्ट, सर्वजीत गुप्ता, पंकज कुमार, रश्मि सिंह, हेमा कापड़ी, कीर्ति बल्लभ गहतोड़ी, एकता रस्तोगी, अरविंद कुमार शर्मा, बलवंत सिंह ऐरी, नवीन पोखरिया, हेमंत कुमार, अशोक कुमार तथा शिवालिक चिल्ड्रेन साइन्स फ़ाउंडेशन के धीरज गढकोटी, हर्षित सामंत आदि मौजूद रहे।




खटीमा में आयोजित बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडलों का अवलोकन करते शिक्षक।

## धर्म दर्शन

# पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक अग्निदेव

अपांभेषज सूक्त के देवता 'आपः' हैं। आपः का सामान्य अर्थ जल लिया जाता है। मनुस्मृति 1/8 के अनुसार ईश्वर ने 'अप्' तत्व को सर्वप्रथम रचा। आपः यदि जल है तो उसके पूर्व वायु और अग्नि की उत्पत्ति आवश्यक है, अन्यथा जल की संरचना संभव नहीं। इसलिए आपः का अर्थ जल भी है, किंतु कुछ विद्वानों ने उसे सृष्टि के मूलतत्व की क्रियाशील अवस्था माना है।

अखंड ब्रह्म के संकल्प से मूलतत्व का क्रियाशील स्वरूप सबसे पहले प्रकट होता है, उससे ही पदार्थ रचना प्रारंभ होती है। आधुनिक पदार्थ विज्ञानी भी ऐसे किसी तत्व के सतत प्रवाहित होने की परिकल्पना करते हैं। ऋषि कहते हैं, माताओं-बहनों की भांति यज्ञ से उत्पन्न पोषक धाराएं यज्ञकर्ताओं के लिए पेय (जल अथवा दूध) के साथ मधुर रस मिलाती हैं। सूर्य के संपर्क में आकर पवित्र हुआ वाष्पीकृत जल उसकी शक्ति के साथ पर्जन्य वर्षा के रूप में हमारे सत्कर्मों को बढ़ाए, यज्ञ को सफल बनाए। जीवनीशक्ति, रोगनाशक एवं पुष्टिकारक आदि दैवी गुणों से युक्त आपः तत्व हमारे अश्वों व गौओं को वेग एवं बल प्रदान करें। हम बल-वैभव से संपन्न हों। हे आपः! आप प्राणिमात्र को सुख देने वाले हैं। सुखोपभोग एवं संसार में रमण करते हुए, हमें उत्तम दृष्टि की प्राप्ति हेतु पुष्ट करें। अन्नादि उत्पन्न कर प्राणिमात्र को पोषण देने वाले हे दिव्य प्रवाह! हम आपका सान्निध्य पाना चाहते हैं। हमारी अधिकतम वृद्धि हो। व्याधि निवारक दिव्य गुण वाले जल का हम आवाहन करते हैं। वह हमें सुख-समृद्धि प्रदान करें। उस औषधिरूप जल की हम प्रार्थना करते हैं। दैवी गुणों से युक्त जल हमारे लिए हर प्रकार से कल्याणकारी एवं प्रसन्नता दायक हो। सोम का हमारे लिए उपदेश है कि दिव्य आपः हर प्रकार से औषधीय गुणों से युक्त है। उसमें कल्याणकारी अग्नि भी विद्यमान है। सूखे प्रांत (रेगिस्तान) का जल हमारे लिए कल्याणकारी हो, जलमय देश का जल हमें सुख प्रदान करे। हे अग्निदेव! हम आपकी वंदना करते हैं। हे ज्ञान स्वरूप अग्निदेव! आपका प्रकाशरूपी पराक्रम हम देखें। आप पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक हैं। अपने प्रभाव से दुष्टों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। नदी जिस प्रकार झाग (गंदगी) को बहा देती है, उसी प्रकार यह 'हवि' पापचारियों को यहां से दूर बहा ले जाएं। प्रायश्चित की भावना से शरण में आए दुष्टों का स्वागत करें। हे मार्गदर्शक, ज्ञान के पुंज! आप अपने सद्गुणों से उसे वश में करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे प्रकाश पुंज आग्नेय! आप पथभ्रष्ट जनों की संतानों तक सुदूर गुफा में पहुंचकर अपने दिव्य प्रकाश से उन्हें सन्मार्ग दिखाएं, इस प्रकार आप सबके कष्टों को दूर करें। वैभव की कामना करने वाले इस पुरुष को आठों वसुदेवता, इंद्र, पूषा, वरुण, मित्र, अग्नि आदि देवता धारण कर अपना अनुग्रह प्रदान करें। आदित्य और अन्य सभी देवता इसको तेजस्विता प्रदान करें। हे देवताओं! सूर्य की तेजस्विता, अग्नि की प्रखरता, चंद्रमा की शीतलता एवं स्वर्ण की आभा मनुष्य के जीवन को ऊंचा उठाए। अपने संयम से इन शक्तियों को बढ़ाता हुआ वह मनुष्य आसुरी वृत्तियों का विनाश करें। इस प्रकार वह जीवन की सर्वोच्च स्थिति प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जिस श्रेष्ठ ज्ञान के बल पर इंद्र आदि देवता संपूर्ण सुखों का उपभोग करते हैं, उसी दिव्य ज्ञान से मनुष्य के जीवन को प्रकाशित करते हुए आप ऊंचा उठाएं। वह मनुष्य, देवतुल्य श्रेष्ठ जीवन जिएं। हे अग्निदेव! मैं इस साधक के यज्ञ, तेज, ऐश्वर्य एवं चित्त को स्वीकार करता हूं। आप इस साधक को श्रेष्ठ सुख-शांति प्रदान करें।

# भारतीय संस्कृति में ओंकार की महत्ता

हमारे प्राचीन भारत की पवित्र धरा पर अ+उ+म के संयोग से निर्मित "ओम" शब्द को भारतीय मूल के सभी प्राचीन धर्मों, हिन्दू, बौद्ध और जैन में अत्यंत पवित्र माना जाता है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का पूर्व "ओम" से प्रारंभ कर उसका समापन "ओम् शांतिः शांतिः शांतिः" से किया जाता है। पौराणिक साहित्य में बहुधा 'ओम्' में सम्मिलित 'अ' को विष्णु, 'ओ' को शिव एवं 'म' को ब्रह्मा कहा गया है। "आकारों विष्णु रुद्दिष्ट उकारस्तु महेश्वरः। मकारोच्यते ब्रह्मा प्रणवेन त्रयो मताः।।" इस प्रकार ओंकार प्रणव से तीनों का बोध होता है। अन्यत्र अ को ब्रह्मा, उ को विष्णु तथा म् को रुद्र का सूचक माना गया है। पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह भी विदित होता है कि "ॐ", ओम की तीन मात्राएं प्रकृति के सत्व, रज और तम की सूचक भी हैं। अकार, उ कार तथा म कार में अकार सतोगुण, उ कार रजोगुण तथा म कार तमोगुण का प्रतीक है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के पूर्वभाग, प्रथम पाठ के अनुसार, ब्रह्मा ने 'ऊंकार' के अवयव, उ कार एवं म कार को ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के दोहन से निकाला, जिसके पाठ से वेदाध्ययन का पुण्य प्राप्त होता है। सनातन धर्म की परंपरागत मान्यता के अनुसार "ॐ" के उच्चारण में संपूर्ण ब्रह्मांड का ही ज्ञान समाहित है। सात्विक भाव से इसके जाप से जापकर्ता के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे मानसिक शांति मिलती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, अनिद्रा की बीमारी से मुक्ति मिलती है और शारीरिक-मानसिक शक्ति का विकास होता है। संस्कृत में ओम को प्रणव भी कहा जाता है, जिसका अर्थ गुनगुनाना होता है। "ॐ" के पर्यायवाची 'प्रणव' का अभिप्राय ही प्राण संचारी या प्राण का संचारक होता है। ईसापूर्व दूसरी सदी में हुए महान चिकित्मक, 'चरक संहिता' के प्रणेता, 'योगसूत्र' के परमाचार्य पतंजलि के शब्दों में ओम के विषय में उल्लेख हैं, "तस्य वाचकः प्रणव;"। इसका शाब्दिक अर्थ है कि प्रणव वस्तुतः ईश्वर या "ॐ" है। स्मरणीय है कि ओम को ब्रह्मांड की ध्वनि या आवाज भी कहा गया है।

## वर्ग पहेली-222

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।
5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।
7. 1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।
8. 1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

**ऊपर से नीचे**

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
3. 1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।
4. 1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।
6. सेतु, पुल।
7. 1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख्त आपत्ति या आलोचना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 3 | ■ | 4 |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 6 | ■ | 7 | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -221 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 शृ | गा | ल | ■ | ■ | 2 उ |
| ■ | ■ | ■ | 3 सु | रू | प |
| ■ | ■ | ■ | ले | ■ | च |
| 4 मु | ■ | ■ | ख | ■ | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | ■ | ■ |
| हि | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 7 ब | ढ़ | ई | ■ | 8 ठो | सा |

## सुडोकू-135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 5 | | 4 |
| | 8 | 7 | | 1 | | 2 | | |
| 6 | | 3 | | 2 | 9 | | 1 | |
| | 7 | | | | | | 3 | |
| 3 | | | 9 | | 6 | | | 1 |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | 3 | | 4 | 6 | | 1 | | 9 |
| | | 1 | | 3 | | 6 | 7 | |
| 2 | | 8 | | | 1 | | 4 | |

### सुडोकू - 134 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 16 अक्टूबर 00 .19 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22 .08 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद

**मेष** — आज दांपत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं अपने साज-सज्जा पर काफी ध्यान देंगी।

**वृष** — आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। खोयी हुई वस्तु आपको आज वापस मिल सकती है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**मिथुन** — आज अध्यात्मिक विषयों पर गूढ अध्ययन कर सकते हैं। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** — आज प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। कुल मिलाकर आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं, तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। मेहनत के बलबूते कई सारे कार्य एक साथ कर लेंगे।

**कन्या** — आज प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** — आज ऑफिस का काम समय पर पूर्ण हो जायेगा। ग्रह स्थिति आपके पक्ष में हो सकती है। दोस्तों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। यदि भीड़भाड़ वाले इलाकों में जा रहे हैं तो सावधानी अवश्य रखें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी छवि में निखार आ सकता है।

**धनु** — आज घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग करें।

**मकर** — आज अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। जॉब में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ** — आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा। आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**मीन** — आज आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने — सुबह : 09 .40
सिंह इज किंग — रात : 07 .17

&pictures
खिलाड़ी — सुबह : 10 .44
तिरंगा — रात : 07 .30

SONY PIX
गूसबम्प्स — सुबह : 10 .14
इट चैप्टर टू — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
भवानी जंक्शन — सुबह : 09 .10
हैपी फिर भाग जाएगी — शाम : 06 .00

ZEE ACTION
मास — सुबह : 10 .32
मक्खी — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति–मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊं?
औरत– मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों ने डीएम का जताया आभार

**अल्मोड़ा :** डे-केयर संस्था ने 20 नये ई रिक्शा संचालन की अनुमति देने पर डीएम आलोक कुमार पांडे का आभार जताया है। अध्यक्ष हेम चंद्र जोशी ने बताया कि संस्था के सदस्यों ने बीते दिनों डीएम से मुलाकात कर ई रिक्शा की संख्या बढ़ाने और संचालन शिखर से करबला तिराहे व पांडेखोला तक करने की मांग की थी। साथ ही उन्होंने डीएम से नये ई रिक्शा के संचालन में महिलाओं को वरीयता देने की मांग की है।

### टेबल टेनिस टीम का चयन 16 को

**अल्मोड़ा :** एसएसजे विवि के क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान ने बताया कि विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी टेबल टेनिस पुरुष व महिला टीम का चयन जल्द ही होने वाला है। इससे एसएसजे परिसर की टीम भी प्रतिभाग करेगी। इसके लिए पुरुष व महिला टीम का चयन 16 अक्टूबर को स्पोटर्स स्टेडियम में होगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं दो बजे स्टेडियम में पहुंचें।

### बीसीए की आंतरिक परीक्षाएं 16 से

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में कम्प्यूटर विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. पारूल सक्सेना ने बताया कि बीसीए पहले सेमेस्टर, तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाएं 16 अक्तूबर से शुरू होंगी और 21 अक्तूबर तक चलेंगी। सभी छात्र-छात्राएं समय से परीक्षा में शामिल होने के लिए पहुंचें। परीक्षा की पूरी जानकारी विभाग से ले सकते हैं।


जिला अस्पताल में सोमवार को इलाज के लिए उमड़ी मरीजों की भीड़।

### अल्मोड़ा में साढ़े सात सौ पार पहुंची ओपीडी

**अल्मोड़ा :** दशहरा और रविवार के अवकाश के बाद दो दिन बाद सोमवार को तीसरे दिन अस्पताल खुले। इस दौरान अस्पताल खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। अकेले जिला अस्पताल में ही ओपीडी साढ़े सात सौ के पार चली गई। जिला अस्पताल में जहां अन्य दिनों साढ़े पांच सौ से छह सौ के करीब ओपीडी हो रही थी। सोमवार को 770 से भी अधिक मरीज इलाज को पहुंचे। ज्यादा मरीजों के आने से उन्हें इलाज के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लाइन लगी रही। वहीं, काफी देर तक लाइन में लगने के बाद मरीज काउंटर से पर्ची कटा सके। अस्पताल के मुताबिक सर्दी जुखाम के मरीजों की संख्या सर्वाधिक थी। इसके अलावा नाक-कान-गला, हड्डी रोग, नेत्र रोग आदि के मरीज भी काफी संख्या में पहुंचे। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, रक्त आदि जांचों के लिए भी मरीजों की लंबी लाइन लगी रही।


अल्मोड़ा के कर्नाटखोला में राज्याभिषेक के दौरान सजा राम दरबार।

### अल्मोड़ा में श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में विभिन्न स्थानों पर राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला मंचन का समापन हो गया है। राम राज्याभिषेक के समय अवध में आई बहार मोरे सजना राम भी आए, लखन भी आए साथ में सीता और हनुमान... गीत से खुशियां मनाई गई। नगर के कर्नाटकखोला की रामलीला श्री राम राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गई है। कमेटी की ओर से कलाकारों और कार्यकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, खत्याड़ी, हुक्का-क्लब, सरकारी की आली, नंदादेवी, राजपुरा, धारानौला आदि स्थानों पर भी रामलीला में सोमवार को राज्याभिषेक और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। खत्याड़ी की रामलीला मंचन के अंतिम दिन मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, राजेंद्र तिवारी, नंदन कनवाल, बीएस मनकोटी ने पात्रों को पुरस्कृत प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष हर्ष कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, प्रताप कनवाल, आनंद सिंह, बसंत सिंह, लोकेश कनवाल, मानव कनवाल, अरूण सिंह, देब सिंह, पुष्कर सिंह, नरेंद्र सिंह आदि रहे।

### सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण के लिए धनराशि मंजूर

**टनकपुर :** वित्तीय वर्ष 2024- 25 में जनपद चम्पावत के लोहाघाट अंतर्गत छमनिया में 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण के लिए शासन से तृतीय एवं अंतिम किस्त की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि लोहाघाट के छमनिया में 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण हेतु शासन से तृतीय एवं अंतिम किस्त के रूप में 598 .11 लाख ( 5 करोड़ 98 लाख 11 हजार ) रुपये की प्रशासकीय तथा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि से मदानुसार अविलंब गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाएगा।

# भड़के लोगों ने किच्छा पुलिस का पुतला फूंका

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार :** किच्छा कोतवाली अंतर्गत एक गांव में अन्य धर्म के समुदाय द्वारा मारपीट व घर में लूटपाट करने तथा मामले में किच्छा पुलिस के दरोगा द्वारा हिंदू परिवार को हतोत्साहित करने के विरोध में देव भूमि रक्षा मंच ने किच्छा पुलिस का पुतला फूंका।

वक्ताओं ने कहा कि 29 अगस्त को किच्छा कोतवाली अंतर्गत लालपुर निवासी गिरीश चंद्र पांडे के परिवार के साथ एक अन्य दर्म के परिवार ने मारपीट व लूटपाट की। जब पीड़ित परिवार किच्छा कोतवाली गया तो दरोगा भूपेंद्र सिंह व अन्य ने मामले में समझौता करने तथा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। कहा कि किच्छा पुलिस हमलावरों की मदद कर रही है। कहा कि यदि शीघ्र दोषी परिवार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश सोनी ने बताया कि 17 अक्टूबर को मंच प्रदेश में उत्तराखंड पुलिस का पुतला फूंकेगा तथा 18 अक्टूबर को घरों पर काले झंडे लगाकर काले गुब्बारे उड़ाए जाएंगे। यहां दीपक कठायत, रोहित पंत, योगेश कनवाल, अनुसा साह, रचित रहे।

### टमाटर के दाम बढ़ने से थाली का जायका बिगड़ा, आम आदमी के बजट से दूर हुईं सब्जियां

# अल्मोड़ा में सब्जियों के दाम आसमान पर

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में त्योहारी सीजन के बीच सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं।

वहीं दैनिक जीवन में खाने पीने की चीजों के साथ-साथ सब्जियों के दाम में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। लोग रोजमर्रा की जरूरतों के सामान और सब्जी खरीदने के पहले अपनी जेब टटोलने को मजबूर हो गए हैं। यहां पर टमाटर भी 100 रुपये किलो पहुंच गया है।

अल्मोड़ा सभी प्रकार की सब्जियों के दामों में 15 से 30 फीसद तक बढ़ोत्तरी हुई है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही टमाटर के दाम 60 रुपये से सीधे 100 रुपये प्रति किलो पहुंच गये हैं। लोअर मालरोड स्थित सब्जी विक्रेता ललित सिंह ने बताया कि हल्द्वानी मंडी से ही सब्जियां बढ़कर पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के भीतर ही टमाटर और सब्जियों के दामों में भारी इजाफा हुआ है। इसका असर जेब पर पड़ रहा है।


अल्मोड़ा बाजार की एक दुकान में रखीं सब्जियां। ● अमृत विचार

**अल्मोड़ा में सब्जियों के दाम**

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| प्याज | 50 | 65 |
| टमाटर | 60 | 100 |
| बैंगन | 40 | 50 |
| करेला | 60 | 80 |
| बीन्स | 60 | 120 |
| लौकी | 20 | 60 |
| शिमला मिर्च | 50 | 100 |

# आशा फैसिलिटेटरों ने उठाई नियमितीकरण की मांग

### अल्मोड़ा में आशा फैसिलिटेटरों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**▸▸ यात्रा भत्ता, स्टेशनरी का खर्चा व अलग ड्रेस देने की भी मांग**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** आशा फैसिलिटेटरों ने सोमवार को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। पांच सूत्रीय समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। पूरे महीने का न्यूनतम मजदूरी के मुताबिक मानदेय, नियमितीकरण आदि की मांग की।

सोमवार को डीएम को सौंपे ज्ञापन में आशा फैसिलिटेटरों ने कहा कि 2010 के शासनादेश के आधार पर योग्यतानुसार उनकी नियुक्ति आशा फैसिलिटेटर के पद पर की गई थी, लेकिन विभागों में कई साल कार्य करने के बावजूद भी आशा फैसिलिटेटरों का नियमितीकरण नहीं किया जाता है। ना ही पूरे महीने का मानदेय दिया जा रहा है। आशा फैसिलिटेटरों ने पूरे महीने का मानदेय न्यूनतम मजदूरी के मुताबिक देने, नियमितीकरण कर संविदा कर्मचारी घोषित करने, राज्य सरकार से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि चार हजार करने, यात्रा भत्ता व स्टेशनरी का खर्चा देने, पीएलए व वीएचएसएनसी बैठकों की धनराशि में बढ़ोत्तरी, शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन आशा फैसिलिटेटरों को आशाओं से अलग कलर की ड्रेस देने की मांग की। यहां अध्यक्ष श्यामा रावत, उपाध्यक्ष ममता वर्मा, कोषाध्यक्ष रेखा आर्या आदि रही।


अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपतीं आशा फैसिलिटेटर। ● अमृत विचार

### बंदर, लंगूरों के आतंक से ग्रामीण हैं परेशान

**बैरती (अल्मोड़ा):** विकासखंड चौखुटिया के न्याय पंचायत अखोड़िया में भी बंदर, लंगूरों ने काश्तकारों की नाक में दम कर रखा है। इनके आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। फल, सब्जी व फसल यहां कुछ भी सुरक्षित नहीं है।

इतना ही नहीं बंदर, लंगूरों द्वारा इंसानों पर भी झपटने, सामान नष्ट करने तथा उनको घायल करने की वारदातें भी क्षेत्र में होती रहती हैं। हालत यह है कि बंदर और लंगूरों की टोली फल, सब्जी, फसल व घरों में अन्य सामान को तहस-नहस कर रही है। क्षेत्रवासियों ने जन प्रतिनिधियों व शासन-प्रशासन से पुनः गुहार लगाई है कि ग्रामीणों को इन जानवरों के आतंक से निजात दिलाई जाए। क्षेत्र में भी बंदर, लंगूरों को पकड़ने के लिए पिंजरे लगवाए जाएं। क्षेत्र के पान, बैरती, गैराड़, चितैली, ककनर, उलैनी सदीगांव, मेहलचौरा, अखोड़िया, बमनगांव, महाकालेश्वर, दंतोला, घुंघोली, छाना, ग्वाली, बसभीड़ा, गड़स्यारी, घुंघोली, महतगांव आदि सभी गांव बंदर, लंगूरों के आतंक से त्रस्त हैं।

# टनकपुर में छात्रसंघ चुनाव की तैयारी शुरू


टनकपुर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव को लेकर कॉलेज प्रशासन ने ली बैठक।

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** शासन द्वारा प्रदेश के सभी महाविद्यालय में छात्रसंघ के चुनाव की तिथि 25 अक्टूबर को घोषित किए जाने के बाद टनकपुर महाविद्यालय में भी छात्र संघ चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में हुई बैठक में छात्र संघ चुनाव प्रभारी डॉ. पंकज उप्रेती ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर अराजकता बर्दाश्त नहीं होगी। सारे कार्य निर्धारित समय पर नियमानुसार होंगे। इसके लिए कमेटियां बनाई जा रही हैं। यदि किसी छात्र नेता ने अपनी बात रखनी है तो वह सुनी जायेगी लेकिन अव्यवस्था नहीं होने देंगे। बैठक में कॉलेज प्रशासन ने संभावित प्रत्याशियों से अपनी सूचना देने को कहा। बताया गया कि चुनाव देखते हुए शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अवकाश देय नहीं होगा। बैठक में डॉ. चेतन जोशी, डॉ. विजय डालाकोटी, डॉ. विमल जोशी, डॉ. सुल्तान सिंह, डॉ. किरन दानू, डॉ. मीनाक्षी जोशी आदि रहे।

# डीएम ने स्कूली बच्चों के साथ किया भोजन


राप्रावि ढूंगापाटली में बच्चों से सवाल पूछते जिलाधिकारी आशीष भटगांई।

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सोमवार को राप्रावि ढूंगापाटली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में मिड डे मील का भोजन चखा तथा बच्चों से सवाल पूछे। बच्चों ने सवालों का तपाक से जवाब दिया जिस पर जिलाधिकारी काफी खुश नजर आए।

जिलाधिकारी भटगांई ने स्कूल में कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे बच्चों के साथ कतार में बैठे तथा भोजन मंत्र के बाद मध्याह्न भोजन किया। जिलाधिकारी ने मीनू के अनुसार प्रतिदिन भोजन बनाने के आदेश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर में उगी घास को कटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने भोजन माता से साफ-सफाई का खास ध्यान रखने को कहा। उन्होंने सहायक अध्यापिका ममता खेतवाल से विद्यालय की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल में बच्चों के लिए पोषण वाटिका बनाई जाए। मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन ने विद्यालय में किए गए निर्माण कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार दलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश

# विकसित भारत बनाने में युवाओं की भूमिका अहम

**▸▸ दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति बोलीं, अंडर-100 में हो रुहेलखंड विश्वविद्यालय की रैंक**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। ये युवा ही आगे चलकर बेहतर राष्ट्र का निर्माण करेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि एनआईआरएफ में टॉप-100 में आने के प्रयास किए जाएंगे।

अटल सभागार में प्रवेश से पहले राज्यपाल, मुख्य अतिथि बीआर अंबेडकर एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। सुबह 11:35 बजे शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सांस्कृतिक क्लब की छात्राओं ने वंदे मातरम्, विश्वविद्यालय के कुलगीत और पर्यावरण गीत गाया।

राज्यपाल से समारोह की औपचारिक शुरुआत की अनुमति लेने के बाद कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने शैक्षिक सत्र 2023-24 में सभी प्लेटफार्म पर मिली रैंकिंग की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अब तक आठ से अधिक इंटरनेशनल एमओयू साइन किए हैं। इन देशों में अमेरिका, यूक्रेन, नेपाल, इजराइल, ताइवान शामिल हैं। वर्तमान में तमाम प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी पार्ट टाइम पीएचडी कोर्स में अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि राज्यपाल की प्रेरणा से विवि की ओर से संचालित दिव्यांग विशेष स्कूल में आर्ट स्ट्रीम के बाद साइंस स्ट्रीम लाया गया है और जल्द ही इसमें स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई शुरू की जाएगी। उन्होंने टॉपर्स और पीएचडी शोधार्थियों को दीक्षा उपदेश देते हुए अपने ज्ञान को सदैव जनकल्याण में लगाने की शपथ दिलाई। इस दौरान कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, उपकुलसचिव सुनीता यादव, डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह समेत अन्य कार्य परिषद, विद्या परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

### होटल में शराबियों ने मचाया उत्पात

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन रोड पर एक होटल में जन्मदिन की पार्टी में शराबियों ने जमकर उत्पात मचाया। शराबी आपस में भिड़ गए और जब होटल कर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो तोड़फोड़ की और रखे सामान पर पेशाब कर दी।

होटल मालिक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। झुमका सिटी होटल के मालिक राजीव सिंह ने बताया कि 14 सितंबर को उनके होटल में अंशुल शर्मा, मनोज कश्यप और अनुराग शर्मा आए और जन्मदिन की पार्टी के लिए कहा और एक कमरा बुक कराया। उन्होंने कमरा नंबर 105 दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने अपने साथी रामू राना, आंशिक सक्सेना और सुमित सिंह को भी बुला लिया। कमरे में केक काटने के बाद आरोपियों ने शराब पी और आपस में मारपीट करने लगे। कमरे में भी तोड़फोड़ की।

# लकी ड्रॉ में महेंद्र सिंह ने जीती स्कूटी

**▸▸ डांस में शामिल हुसैन और कोमल बोहराल ने मारी बाजी**

**▸▸ लकी ड्रा एवं जूनियर सीनियर डांस कंपटीशन के साथ हुआ दशहरा महोत्सव का समापन**

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** लकी ड्रॉ व डांस कंपटीशन के साथ नवयुवक रामलीला कमेटी द्वारा गांधी मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव का समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन उत्तराखंड मेगा डांस कंपीटीशन के जूनियर और सीनियर वर्ग की फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में लव- कुश के अभिनय में आदित्य गड़कोटी और संचित गड़कोटी ने बेहतर प्रस्तुति दी। बाद में डांस प्रतियोगिता के जूनियर और सीनियर वर्ग के फाइनल में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। जूनियर वर्ग में शामिल हुसैन ने प्रथम, अनन्या चौधरी ने द्वितीय व सत्यम ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में कोमल बोहराल ने प्रथम, रश्मि पंत ने द्वितीय और विजय कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। नवयुवक रामलीला कमेटी द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को उपहार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। लकी ड्रॉ में कांडा डोला के महेंद्र सिंह को प्रथम पुरस्कार स्कूटी, टनकपुर के मुकुल लोहनी को द्वितीय पुरस्कार मोटरसाइकिल और बनबसा के छोटे लाल को तृतीय पुरस्कार के रूप में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी मिली। इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी लोगों ने जीते। रामलीला कमेटी ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सहयोगियों को सम्मानित किया। रामलीला कमेटी के सचिव मयंक पंत और गीता गुप्ता को बेस्ट मेंबर के रूप में सम्मानित किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष संजय पांडे, सचिव मयंक पंत, संस्थापक नीरज सिंह, विशाल कुमार अग्रवाल, मयंक गर्ग, आशु गर्ग, अमित परवेज, पंकज अग्रवाल, नितिन गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजय अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सुषमा गुप्ता, पूनम कोहली, गीता गुप्ता, आराधना गुप्ता आदि मौजूद रहे।


टनकपुर में लव-कुश का अभिनय करते आदित्य व संचित।


प्रथम विजेता महेंद्र सिंह को स्कूटी देते कमेटी के सदस्य।

### संदिग्ध परिस्थितियों में कैंटर चालक की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र में भोट निवासी कैंटर चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी पर मृतक के परिजन भी आ गए और बिलखने लगे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है।

भोट थाना क्षेत्र के गांव कोयली निवासी शंकरलाल का 25 वर्षीय बेटा सुमित यादव कैंटर चालक था। वह दिल्ली से कैंटर में सामान लेकर शाहजहांपुर गया था। कैंटर को शाहजहांपुर छोड़ने के बाद वह रोडवेज बस से घर के लिए रवाना हो गया था। मगर घर नहीं पहुंचा। तब सुमित के पिता ने सोमवार की सुबह उसे फोन किया। लेकिन उसका फोन गंज पुलिस ने रिसीव किया। पुलिस ने शंकरलाल को बताया कि उनका बेटा जिला अस्पताल में है। परिजन पहुंचे तो मोर्चरी में सुमित के शव को देखकर बिलखने लगे।

# लापता युवक की हत्या शव बाग में पड़ा मिला

**संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार :** दो दिन से लापता युवक का शव आम के बाग में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे।परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। युवक हलवाई की दुकान पर कार्य करता था।

घटना की सूचना पर एएसपी ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी है। शव के पास से चाकू का टूटा दस्ता और शराब की बोतल मिली है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग स्थित टी-प्वाइंट के पास गांव अकबरपुर मार्ग पर अर्जुन लाला के बाग में बटाईदार मुकेश कुमार को सोमवार की सुबह शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। बटाईदार ने घटना की पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शव की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के संभल गेट स्थित कुम्हारों वाली गली निवासी पुष्पेंद्र प्रजापति 23 वर्ष पुत्र भगवान दास के रूप में हुई। युवक तहसील चौराहा स्थित हलवाई की दुकान पर कार्य करता था और दो दिन से लापता था। परिजनों ने युवक की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी।

घटना की सूचना मिलने पर एएसपी श्रीश चंद व फारेसिंक टीम पहुंच गई। फारेसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। शव दो दिन पुराने होने पर फूलने के साथ क्षत-विक्षिप्त हो गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या कर शव आम के बाग में डाल दिया होगा।

### युवक ने पेड़ से लटक कर जान दी

**स्वार ( रामपुर ), अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते 22 वर्षीय युवक ने पेड़ से फंदे पर लटक कर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबनगर निवासी लाखन सिंह का 22 वर्षीय बेटा मनोज सिंह मजदूरी करता था। किसी बात को लेकर उसका परिजनों से विवाद हो गया। इससे युवक परेशान था। सोमवार की सुबह मनोज घर से बाहर चला गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तब मनोज का शव बाग में आम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर इंस्पेक्टर संदीप त्यागी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से शव नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2060, सूरज 1955, अवसर 2085, राग गोल्ड 2155, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2430 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल–_ (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 11500, अरहर पटका मोटा 11800, अरहर कोरा मोटा 12000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी– डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160।

# खुदरा मुद्रास्फीति नौ माह के उच्चतम स्तर 5.49% पर

## खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

### आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

# एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...



- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

### कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी

### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

### कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5300 मसूरी– 5100 बासमती– 9200 परमल– 4100 दाल दलहन : काला चना– 8600 साबुत चना दाल– 9350 मूंग साबुत– 10500 राजमा– 13100–16400 दाल उड़द– 10800 साबुत मसूर दाल– 9200 मसूर दाल– 8800 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 12300–15600 अरहर दाल– 14700 लोबिया/करमानी– 8600 सोयाबीन– 5200 मूंगफली– 11700 मटर (सूखी)– 5800 मक्का– 3800


## सर्राफा

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78400 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77400 |
| सिल्वर ( पक्की) | 922 (अनुमानित) |

# सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

# चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

### कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

### कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

# कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

## राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

### भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।

सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

# मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा ्र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

**जल जीवन मिशन घोटाला**

**रांची, एजेंसी**

- योजना में अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले में रांची में कई स्थानों पर हुई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है, जिसमें उसने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने से ये जारी रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी भाजपा के सक्रिय सदस्य झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

# अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

**आरजी कर मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। हमने इलाज के लिए चिकित्सा बोर्ड का गठन किया है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए।



मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

## वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

## मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

## तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

# मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

**मुंबई, एजेंसी**

- महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा।यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे।



# विराट में अब भी बाकी है रनों की भूख : गंभीर



## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा पहला टेस्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकारार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है।

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। विराट टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने के उल्लेखनीय मुकाम हासिल करने के काफी करीब है। गंभीर ने विराट के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपनिंग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है, और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। विराट अपने दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने लगातार यह साबित भी किया है कि सफलता के लिए उनकी भूख खत्म नहीं होती है। गंभीर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा वह हमेशा अधिक रन बनाने के लिए भूखे रहते हैं और उनकी यह भूख कभी कम नहीं होती। मुझे यकीन है कि वह भारत में आगामी श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्ले से ज्यादा रन निकालने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण महत्वपूर्ण साबित होगा। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 114 मैच खेलते हुए 8871 रन बनाए है जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें 9000 रन का बैरियर पार करने के लिए 140 रन की जरुरत है।

### जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर कोई लगाम नहीं



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने कहा कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते। गंभीर को विश्वास है कि उनके खिलाड़ी अपनी सीमा से आगे निकलने के टीम के रवैये पर कायम रहते हुए किसी भी परिस्थिति से पार पाने की क्षमता रखते हैं।

### जरूरी है अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र



**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा। अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों बहुत ही कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है। वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है।

### खेल के शानदार विचारक हैं कोच गौतम गंभीर : स्टार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गौतम गंभीर की रणनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि भारत के कोच खेल के शानदार विचारक हैं जो टीम की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और तकनीक तथा क्षेत्ररक्षण सजाने में समायोजन के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में स्टार्क ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के तत्कालीन मेंटर गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक का आनंद लिया और 10 साल के अंतराल के बाद खिताब जीता। स्टार्क ने कहा कोलकाता में अपने अनुभव से बोलते हुए, वह खेल के शानदार विचारक हैं। वह हमेशा प्रतिद्वंद्वी के बारे में सोचते हैं और गेंदबाजी आक्रमण के रूप में उन्हें कैसे आउट करना है या बल्लेबाजी आक्रमण के रूप में कैसे रन बनाना है। हमेशा टीम की एकाग्रता के बारे में है और तकनीक या क्षेत्ररक्षण सजाने या किसी भी चीज में छोटी-छोटी चीजों पर कैसे ध्यान दिया जाए।

## खेल डायरी

### कुसाले को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने दो करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी 20 से 30 लाख रुपये तक के चेक देकर सम्मानित किया गया।

### डल्लास काउब्वॉयज ने तेंदुलकर को किया सम्मानित



**ह्यूस्टन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नये दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं । इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम , विवियन रिचडर्स जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

### उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है।

### दिल्ली हाफ मैराथन में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है।पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है। चेपटेगई 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं और 15 किमी की दूरी का सर्वश्रेष्ठ समय भी उनके नाम है। उन्होंने भारत में टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरू में 2014 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे स्थान पर रहे थे। चेपटेगई को इदरिस से चुनौती मिलेगी जो 2022 के बाद दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। उन्होंने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में 59 मिनट चार सेकेंड के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। महिलाओं के एलीट वर्ग का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की 10,000 मीटर चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन की इलिश मैकोलगन करेंगी। मैकोलगन के नाम 10 किमी की रोड रेस का यूरोपीय रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अगुवाई करेंगे कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच की शृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 शृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया है। मैकगर्क स्कॉटलैंड के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि एक मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 30 गेंद पर 50 रन बनाए लेकिन इसके बाद उन्हें पांच मैचों की शृंखला के लिए नहीं चुना था। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 को पर्थ में खेला जाएगा।

## अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती : मजूमदार

शारजाह, एजेंसी



- महिला टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान की जीत पर निर्भर है भारतीय टीम का सफर

ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आये कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को करो या मरो के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया।

मैच के बाद मजूमदार ने कहा हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। हमने अच्छी फील्डिंग की लेकिन कुछ मौके गंवाए भी। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात दीगर हो सकते थे। भारत की उम्मीदें अब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच पर लगी है और पाकिस्तान का जीतना भारत के लिए जरूरी है। मैं पाकिस्तान को शुभकामना देना चाहता हूं। हम मैच पर नजर रखेंगे।


## भारत के खिलाफ टेस्ट में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बेली ने कहा पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है।

## बंगाल और यूपी ने खेला ड्रा मुकाबला

लखनऊ, एजेंसी



- रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी : ईश्वरन ने बंगाल और गर्ग ने उत्तर प्रदेश के लिए जड़ा शतक

अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया लेकिन प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से उत्तर प्रदेश इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा।

पहली पारी में बढ़त के आधार पर इस मैच से बंगाल को तीन जबकि उत्तर प्रदेश को एक अंक मिला। बंगाल ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 141 रन से आगे से करते हुए तीन विकेट पर 254 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। ईश्वरन ने 172 गेंद में नाबाद 127 रन बनाये। प्रथम श्रेणी में यह उनका लगातार चौथा शतक है। उत्तर प्रदेश को जीत के लिए 274 रन का लक्ष्य मिला लेकिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक टीम 51 ओवर में छह विकेट पर 162 रन ही बना सकी। बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाने के बाद उत्तर प्रदेश को 292 रन पर आउट कर 19 रन की बढ़त हासिल की थी। ईश्वरन ने न का आगाज 78 रन से आगे से करते हुए प्रथम श्रेणी का 27वां शतक जड़ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में रिजर्व बल्लेबाज के लिए दावा मजबूत किया।

मुकेश और कैफ की बंगाल की तेज गेंदबाजों की जोड़ी ने सलामी बल्लेबाजों आर्यन जुयाल (पांच) और स्वास्तिक चिकारा (12) को सस्ते में समेट कर उत्तर प्रदेश की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन इसके बाद गर्ग ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 156 गेंद की नाबाद पारी में 105 रन बनाए। इंदौर में खेले मैच में मध्य प्रदेश के आठ विकेट पर 425 रन के जवाब में कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 206 रन बनाए।

## सिंधू और लक्ष्य सेन की नजर डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी



- डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चीन के लू गुआंग झू से होगा लक्ष्य का सामना

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है।

## इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स की टेस्ट में हुई वापसी

**मुल्तान।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला में मंगलवार से यहां खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे।

इस शृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है जबकि टीम ने दोनों स्पिनरों शोएब बशीर और जैक लीच को अपनी एकादश में बरकरार रखा है।

## एचआईएल नीलामी: बेल्जियम के विक्टर 40 लाख रुपये में बिके

- सूरमा हॉकी क्लब ने लगाई सबसे ऊंची बोली, थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख रुपये में खरीदा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सोमवार को पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा गया।

आज यहां नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा। आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपये में खरीदा गया।

## बॉलीवुड हलचल



## काजोल और कृति की दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

### द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान पंचमुखी सीरीज के सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस सीजन में दर्शक शानदार दृश्यों, वफादारी तथा बहादुरी के विषयों पर आधारित कहानी से प्रेरित होंगे। इस दौरान, दर्शकों को पंचमुखी हनुमान का अवतार देखने को मिलेगा, जो अपनी अपार शक्ति और बुद्धि का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन सहित अन्य कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभायी है। बहुप्रतीक्षित सीरीज, 25 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाला है। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीरीज के निर्माता एवं कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा द लीजेंड ऑफ हनुमान हमेशा से भारतीय एनीमेशन और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में रहा है। इस सीरीज के इस नये सीजन में, हम हनुमान के पंचमुखी अवतार को पेश करके इसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में पहुंची वेट्टैयन

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब बूस्टर 96 किमी. ऊपर जाकर लौटा

**टैक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को 13 अक्टूबर को शाम 05:55 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं, जबकि सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन हैं।

| 1 घंटे 5 मिनट 34 सेकेंड का मिशन | 12:00:02 लिफ्टऑफ |
|---|---|
| | 01:05:34 लैंडिंग |

### सफल रहा था चौथा टेस्ट

स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सफल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया गया, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया गया। टेस्ट का मेन गोल यह देखना था कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में एंट्री के दौरान सर्वाइव कर पाता है या नहीं। टेस्ट के बाद कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने कहा था कई टाइलों के नुकसान और एक डैमेज्ड फ्लैप के बावजूद स्टारशिप ने समुद्र में सॉफ्ट लैंडिंग की।

# आज अमेरिका की यात्रा पर जाएगी भारतीय जांच समिति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- पन्नू मामले पर गहराई से जांच करेगी भारतीय जांच समिति जुटाएंगे और जानकारी

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति मंगलवार को यहां आएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है जांच समिति अपनी तफ्तीश के तहत मामले पर बातचीत के लिए 15 अक्टूबर को वाशिंगटन की यात्रा करेगी। इस दौरान, प्राप्त सूचनाओं पर बातचीत की जाएगी और यहां के अधिकारियों से ताजा जानकारी प्राप्त की जाएगी।

भारत ने कुछ संगठित अपराधियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समिति की स्थापना की थी और यह उस व्यक्ति की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसकी पहचान पिछले साल न्याय विभाग के अभियोग में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के रूप में की गई थी, जिस पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का निर्देश देने का आरोप था। विदेश विभाग ने कहा इसके अतिरिक्त, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच के लिए अपने प्रयास जारी रख रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# इसरो अध्यक्ष को वर्ल्ड स्पेस अवार्ड




चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए आईएएफ विश्व अंतरिक्ष ने इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ को मिला सम्मान।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशन एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलुरु में है।

इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। आईएएफ ने एक बयान में कहा चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आतंकियों से झड़प, तीन पुलिसकर्मी मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ भीषण झड़प में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके कारण भीषण झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि झड़प में तीन पुलिसकर्मीयों की मौत हो गयी और तीन आतंकवादी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय में घुसने का प्रयास किया।

### चीन ने ताइवान के आसपास किया सैन्य अभ्यास

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया, जिसमें युद्धक विमानों के साथ एक विमानवाहक पोत भी तैनात किया गया। उसका यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

### अफगानिस्तान में पेट्रोल पंप पर धमाका, 17 घायल

**महमूद-ए-राकी।** पूर्वी अफगानिस्तान के कपिसा प्रांत में सोमवार को पेट्रोल पंप पर गैस सिलेंडर फटने से 17 लोग घायल हो गये। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल फतह फैज ने यह जानकारी दी। फैज ने बताया कि दुर्घटना तगाब जिले में स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 08:20 बजे हुई। हादसे में 17 लोग घायल हुये हैं। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

### श्रीलंका में बाढ़ से 1,34 लाख लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ आ गई, तथा सोमवार को कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, सप्ताहांत में हुई भारी बारिश ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है और यहां घर, खेत तथा सड़कें जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ में तीन लोग डूब गए हैं, जबकि एक लाख 34 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

# इजराइली हमलों से दहला मध्य पूर्व

## हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए, गाजा में 20 लोगों की मौत

**दीर अल-बला, एजेंसी**

- मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हुआ हमला, सात अन्य गंभीर रूप से घायल
- इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा- हमले में घायल हुए 61 लोग

मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने बताया कि दो सप्ताह पहले इजराइल द्वारा लेबनान पर शुरू किए जमीनी हमलों के बाद से यह आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे घातक हमला है।

लेबनान के हिजबुल्ला ने बिनयामीना शहर के पास हुए हमले को बेरूत पर गुरुवार को किए इजराइली हमलों का बदला बताया, जिसमें 22 लोग मारे गए थे। बाद में उसने कहा कि उसने इजराइल की गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया और ड्रोन हमलों के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि हमले में 61 लोग घायल हुए हैं।

गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्ला और इजराइल के बीच लगभग हर दिन लड़ाई होती रही है। दो स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार रात गाजा में हुए इजराइली हवाई हमलों में एक स्कूल के बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए। युद्ध के कारण विस्थापित कई फलस्तीनियों ने नुसरत के उस स्कूल में शरण ले रखी थी। इस बीच, सोमवार को अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के बाहर दीर अल-बला में विस्फोट हुआ। अस्पताल ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। तंबुओं में आग लग गई और मध्य गाजा समुदाय के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



गाजा पट्टी के दीर अल बलाह में अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण में एक तम्बू क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद नुकसान को देखते फिलिस्तीनी। ● एजेंसी

### आईएसए प्रमुख ने युद्धविराम और गाजा पर बातचीत के लिए किया मिस्र का दौरा

**गाजा।** इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के प्रमुख रोनेन बार ने काहिरा का दौरा किया जहां उन्होंने मिस्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ युद्धविराम पर बातचीत फिर से शुरू करने और गाजा पट्टी से बंधकों की रिहाई के तरीकों पर चर्चा की। वाल्ला पोर्टल ने एक स्रोत का हवाले से यह रिपोर्ट दी। दोनों देशों के खुफिया प्रमुखों ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेता याह्या सिनवार के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

### उत्तर लेबनान में हवाई हमला, 18 की मौत

**दीर अल-बला।** लेबनान के रेड क्रॉस ने कहा है कि उत्तर लेबनान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया, और यह इस महीने की शुरुआत में इजराइल द्वारा लेबनान पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उत्तरी क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक था। हिजबुल्ला समूह की मौजूदगी मुख्य रूप से लेबनान के दक्षिण में और दक्षिणी उपनगर बेरूत में है।

### ब्रिटेन ने ईरानी सैन्य अधिकारियों और अंतरिक्ष एजेंसी पर लगाए प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन ने पश्चिमी एशिया को अस्थिर करने के प्रयासों में कथित संलिप्तता के लिए ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों पर सोमवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा की। फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) ने बताया कि एक अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के जवाब में ये नए प्रतिबंध लगाए गये हैं और इन प्रतिबंधों के जरिये उन वरिष्ठ शख्सियतों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने इस्लामिक रिब्लबिक ऑफ ईरान आर्मी, ईरान एयर फोर्स और आईआरजीसी इंटेलिजेंस ऑर्गोनाइजेशन में होते हुए ये सब किया। फरजानेगन प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो (एफपीएसडीबी) पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### यूरोपीय संघ ने लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों की निंदा की

**बेरुत।** यूरोपीय संघ ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए इजराइल के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वहां हिज्बुल्ला के खिलाफ उसके सैन्य अभियान को रोकने के लिए है। इजराइल के हिज्बुल्ला चरमपंथी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद शांति सैनिक के स्थानों पर हुए हमलों संयुक्त राष्ट्र के पांच सैनिक घायल हुए हैं। इसका जिम्मेदार इजराइली बलों को ठहराया जा रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा कि शांति सैनिकों का काम बहुत अहम है और संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। करीब साल भर हुई छोटी-छोटी झड़पों के बाद इजराइल ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपना अभियान तेज़ कर दिया है जबकि वह गाजा में हमास के खिलाफ भी जंग कर रहा है।

# ब्रिटेन में भारतीय पेशेवरों की संख्या सबसे अधिक : रिपोर्ट

**लंदन, एजेंसी**

- सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अर्थहीन

ब्रिटेन में पेशेवर कामगारों की सर्वाधिक संख्या वाला जातीय समूह भारतीय है और सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से सभी जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अब देश में अर्थहीन हो गया है। एक नए थिंक-टैंक के विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया।

पॉलिसी एक्सचेंज द्वारा प्रकाशित आधुनिक ब्रिटेन का एक रूपचित्र जातीयता और धर्म देश में विभिन्न जातीय समूहों की जनसांख्यिकीय, शैक्षिक, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति की गहन पड़ताल को दर्शाता है। रिपोर्ट में सरकार के नेतृत्व वाली एक नई राष्ट्रीय एकीकरण रणनीति का आह्वान किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में बच्चों को समावेशी तरीके से अपनी राष्ट्रीय विरासत पर गर्व करना सिखाया जाए जो देश के इतिहास और परंपराओं को प्रतिबिंबित करें। रिपोर्ट में कहा गया है, पेशेवर श्रमिकों की उच्चतम संख्या वाला जातीय समूह भारतीय था। ब्रिटिश भारतीयों के पास घर के स्वामित्व की दर भी सबसे अधिक है, जिनमें से 71 प्रतिशत ऐसी संपत्ति में रहते थे जिन पर उनका या तो सीधा स्वामित्व था या बंधक/ऋण या साझा स्वामित्व के तहत स्वामित्व था। इसमें कहा गया है वाक्यांश जातीय अल्पसंख्यक में निहित विविधता अब व्यापक है- प्रत्येक अल्पसंख्यक समूह के भीतर और विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के बीच। सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एक अखंड समूह के रूप में मानना अब अर्थहीन हो गया है। दक्षिण एशियाई जैसी श्रेणियां न केवल ब्रिटेन के भारतीयों, पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों के बीच उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को छिपाने का काम करती हैं।

### प्रत्येक समूह से लिए गए 200 नमूने

रिपोर्ट में 2021 की ब्रिटिश जनगणना के आंकड़े और सभी जातीयता के 2,000 लोगों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के अलावा, 1,400 जातीय अल्पसंख्यक उत्तरदाताओं के बूस्टर नमूनों का उपयोग किया गया था। अश्वेत अफ्रीकी, अश्वेत कैरेबियन, भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, चीनी और मिश्रित नस्ल वाले जातीय समूहों से प्रत्येक समूह से 200 नमूने लिये गये थे। विश्लेषण के प्रमुख निष्कर्षों में यह भी शामिल है कि लगभग चार में से तीन लोग (सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत लोग) मानते हैं कि बच्चों को ब्रिटिश इतिहास पर गर्व करना सिखाया जाना चाहिए।

# नाटो ने शुरू किया उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

- 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान लेंगे भाग

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास स्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा कि अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे।

उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है। नाटो ने पहले कहा था कि अभ्यास की योजना एक साल से अधिक समय पहले तैयार की गयी थी और अभ्यास में किसी भी लड़ाकू हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। युद्धाभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आठ एयरबेस शामिल होंगे। विशेष रूप से परमाणु हथियार, बमवर्षक, एस्कॉर्ट फाइटर और ईंधन भरने वाले विमान ले जाने में सक्षम विभिन्न विमान, साथ ही टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान अभ्यास में भाग लेंगे। नाटो प्रेस सेवा ने कहा कि गठबंधन लगातार परमाणु निरोधक बलों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। विशेष रूप से, 2024 में, नए डच लड़ाकू विमानों एफ35ए को परमाणु निरोधक मिशनों में उपयोग के लिए उपयुक्त माना गया।

# ट्रंप के रैली स्थल के पास एक हथियारबंद गिरफ्तार

- 13 आरोपी के पास से गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट हुए बरामद

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली स्थल के निकट जांच चौकी पर नेवादा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके वाहन से हथियार एवं गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट बरामद किए गए।

रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियांको ने बताया कि लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध गैर पंजीकृत एसयूवी को चला रहा था, जिस पर अमान्य लाइसेंस प्लेट लगी थी। लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित कोचेला में रैली के लिए तैनात अधिकारियों ने उसे रोका था। बियांको ने कहा कि वाहन चालक ने दावा किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्योंकि उसके पास कोई वैध प्रमाणपत्र नहीं थे। पुलिस ने देखा कि वाहन का अंदरूनी हिस्सा अस्त-व्यस्त था और तलाशी में हथियार एवं गोला-बारूद के साथ विभिन्न नामों वाले कई पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

# आज पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

**लाहौर (पाकिस्तान), एजेंसी**

- दोनों देशों के समकक्ष नेताओं के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से किया इनकार
- एससीओ की बैठक में होंगे शामिल, पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान जाएंगे। कई वर्षों से दोनों देशों में तनाव के बीच भारत की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे।

दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है। ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे। पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

### पाकिस्तान मेजबानी को तैयार, सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एससीओ की बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है और इसी के मद्देनजर सोमवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदेशी गणमान्य अतिथि पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। समूचे देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा प्रदर्शन जारी रखने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

# अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है नेशनल म्यूजियम : राष्ट्रपति मुर्मू

- राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई राष्ट्रपति तब्बौन से की वार्ता सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली अल्जीरिया यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया भारत-अल्जीरिया के संबंधों को गति प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा गया दोनों नेताओं ने भारत-अल्जीरिया संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने पर राजी हुए। अल्जीरिया में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार 2022-23 के दौरान भारत से अल्जीरिया को निर्यात 61.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर था जो 2023-24 में बढ़कर 84.816 करोड़ डॉलर हो गया। 2022-23 के दौरान भारत का आयात 1.5 अरब डॉलर था और 2023-24 के दौरान 88.554 करोड़ डॉलर हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज दिन में यहां मकम एचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और आजादी की लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने मोउदजाहिद में नेशनल म्यूजियम का भी दौरा किया जो आजादी के लिए अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है।



मोउदजाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

# रक्षा संबंधों को मजबूत करने को जापान की यात्रा पर सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा के दौरान हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वह पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद तोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में भाग लेंगे। वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

**खगोल विज्ञान** | 150 वर्ष से छाया तूफान दोलन की तरह हिलता डुलता है


# स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान

**अमृत विचार, नैनीताल**

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट (चक्रवाती तूफान) स्थिर नही है, बल्कि दोलन की तरह हिलता डुलता है। यह तूफान 150 वर्ष से निरंतर बना हुआ है। पहली बार इस तूफान के स्वभाव का पता चला है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए यह रहस्य उजागर हुआ है।

बृहस्पति यानी गुरु हमारे सौरपरिवार का सबसे बड़ा ग्रह है, जो ग्रहों को नियंत्रित कर सौरमंडल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बृहस्पति पर एक भयानक चक्रवाती तूफान 150 वर्षों से छाया हुआ है। इस तूफान का आकार इतना बड़ा है कि वह पृथ्वी को निगल सकता है। इस ग्रह का विशाल आकर व इसके दर्जनों उपग्रह हमेशा से खगोलविदों की जिज्ञासा का केंद्र रहे हैं। जिस कारण समय समय पर इस ग्रह की जांच परख होते रही है। मगर अब जो खुलासा हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से पहचान रखने वाले तूफान की हबल दूरबीन ने पहली बार नजदीकी से ऐसी तस्वीरें ली हैं, जो बताती हैं कि यह तूफान पृथ्वी के तूफानों की तरह नही है, बल्कि हिलने डुलने वाला दोलन की तरह चलने वाला तूफान है। यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने इस चक्रवात को दोलन करते हुए देखा है।

इसकी जेट जैसी धाराएँ इसे अपनी जगह पर बनाए रखती हैं लेकिन तूफ़ान एक तनाव गेंद की तरह दब जाता है। नासा ने 9 अक्टूबर को इसकी हकीकत उजागर की है। खगोलविदों ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक 90 दिनों तक लगातार इसका अध्ययन किया। समय के अंतराल में हबल ने इसकी तस्वीरे कैमरे में कैद की। तस्वीरों के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रेट रेड स्पॉट अनोखा जटिल तूफान है। पीयर-रिव्यूड द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित प्रकाशित हुई है।




हबल द्वारा बृहस्पति ग्रह की विभिन्न स्थितियों में ली गई तस्वीर।

### वातावरण की जानकारी जुटाता है हबल

**नैनीताल:** नासा के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी प्रोग्राम (ओपीएएल) हबल के जरिए हर वर्ष सौरमंडल के ग्रहों के वातावरण की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। बृहस्पति के तूफान की अंदरूनी स्थिति का पता लगाने के लिए हबल को लंबे समय तक लगाया गया। ग्रहों के वातावरण को समझना बेहद जरूरी है। जिसे दुनिया की स्पेस एजेंसिया महत्वपूर्ण मानती हैं और समय समय पर अनुसन्धान करते रहती है।